



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 203
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 07 मई, 2024

## तीसरा फेज, 11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग आज: एमपी में मामा, महाराजा और राजा की किस्मत दांव पर, महाराष्ट्र में ननद-भौजाई मैदान में

# हमारी है पूरी तैयारी अब आपकी है बारी

### प्रदेश के 12 जिलों में आने वाली 10 सीटों पर उतरे सौ उम्मीदवारों में मतदाता वोट कर चुनेंगे अपना जनप्रतिनिधि

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में तृतीय चरण की 10 लोकसभा क्षेत्रों में आज यानी सात मई मंगलवार को चुनाव (मतदान) होना है। चुनाव को लेकर सोमवार को पोलिंग पार्टियां मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए रवाना की गई। सभी पोलिंग पार्टियों को चुनाव आयोग के निर्देशों और गाइड लाइन पर जिला निर्वाचन अधिकारियों ने रवाना किया। इससे पूर्व अधिकारियों ने मतदाता कार्मिकों को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने की शुभकामनाएं दी। वहीं जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की वजह से अनंतनाग-राजौरी सीट का चुनाव टाल दिया गया है। अब यहां छठे फेज में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा मध्य प्रदेश की बैतूल सीट से बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद सेकेंड फेज (26 अप्रैल) को होने वाली वोटिंग 7 मई को शिफ्ट कर दी गई। मध्य प्रदेश की तीन सीटों- विदिशा से शिवराज सिंह चौहान (मामा), गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया (महाराजा) और राजगढ़ से दिग्विजय सिंह (राजा) की किस्मत दांव पर है। इसके अलावा महाराष्ट्र की अमरावती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार यानी ननद-भौजाई के बीच सीधा मुकाबला है। चुनाव आयोग के अनुसार, तीसरे फेज में कुल 1352 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1229 पुरुष और 123 (9 प्रतिशत) महिला हैं।

#### यूपी में इन जिलों में होगा मतदान

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि तृतीय चरण में प्रदेश की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, ऑवला तथा बरेली लोकसभा सीटों पर कल (मंगलवार) को मतदान होगा। मतदान सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी निर्वाचन क्षेत्रों में बने मतदेय स्थालों के लिए आज पोलिंग पार्टिंग रवाना कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि जिन 10 सीटों पर चुनाव होना है वह सीटें प्रदेश के 12 जनपदों में मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं तथा बरेली आते हैं। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया करा दी गई हैं। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट भी उपलब्ध करायी गई हैं, जिसे आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सके।

#### आगरा में जीपीएस लैस वाहनों पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

जिला निर्वाचन अधिकारी आगरा के निर्देश पर चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सोमवार को पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। इसमें खास बात यह रही कि जीपीएस लैस वाहनों से ईवीएम पोलिंग पार्टी की रवानगी की गई। पोलिंग पार्टियों को आगरा के विभिन्न मतदेय स्थलों और फतेहपुर सीकरी सीट के लिए होने वाले चुनाव कराने के लिए पुलिस फोर्स के साथ रवाना हुए।



#### 244 प्रत्याशियों पर आपराधिक केस, 172 पर हत्या, बलात्कार जैसे केस

- एडीआर की रिपोर्ट बताती है, 244 (18 प्रतिशत) उम्मीदवारों पर आपराधिक केस हैं। इनमें से 172 (13 प्रतिशत) पर हन्या, अपहरण, बलान्कार जैसे गंभीर मामले भी शामिल हैं। 5 उम्मीदवारों पर हन्या और 24 पर हन्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं। 38 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से दो पर बलान्कार के मामले चल रहे हैं। वहीं, 17 कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं।

#### इन लोकसभा सीटों पर होना है मतदान

- **असम (4 लोकसभा सीट):** धुबरी, कोकराझार, बारपेटा, गौहाटी
- **बिहार (5 लोकसभा सीट):** झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया
- **छत्तीसगढ़ (7 लोकसभा सीट):** सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर
- **दादरा और नगर हवेली (1 लोकसभा सीट):** दादरा और नगर हवेली
- **दमन और दीव (1 लोकसभा सीट):** दमन और दीव
- **गोवा (2 लोकसभा सीट):** उत्तरी गोवा, दक्षिणी गोवा
- **गुजरात (25 लोकसभा सीट):** कच्छ, बनासकांठा, पाटन, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम, सुरेंद्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आनंद, खेड़ा, पंचमहल, दाहोद, वडोदरा, छोटा उदयपुर, भरूच, बारडोली , नवसारी, वलसाड
- **कर्नाटक (14 लोकसभा सीट):** चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे, शिमोगा
- **मध्य प्रदेश (8 लोकसभा सीट):** मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़
- **महाराष्ट्र (11 लोकसभा सीट):** बारामती, रायगढ़, धाराशिव, लातूर (एससी), सोलापुर (एससी), माधा, सांगली, रन्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर, हटकनंगले
- **उत्तर प्रदेश (10 लोकसभा सीट):** संभल, हाथरस, आगरा (एससी), फ़तेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला, बरेली
- **पश्चिम बंगाल (4 लोकसभा सीट):** मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर, मुर्शिदाबाद




#### तीसरे चरण में 392 उम्मीदवार करोड़पति

तीसरे फेज के 1352 उम्मीदवारों में से 392 यानी 29 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास औसतन 5.66 करोड़ रुपए की संपत्ति है। वहीं, पांच उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपनी संपत्ति शून्य बताई है। महाराष्ट्र की कोल्हापुर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी इरफान अबूतालिब चांद की संपत्ति सबसे कम केवल 100 रुपए है। वहीं, गुजरात की बारडोली सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशी रेखाबेन हरसिंहभाई चौधरी ने अपनी संपत्ति 2000 रुपए घोषित की है।

## आईसीएसई का परिणाम घोषित, चंद्रयांश राय ने हासिल किए 99.8 फीसदी अंक



- इस बार काउंसिल ने आधिकारिक रूप से कोई मेरिट जारी नहीं की है

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सीआईएससीई (काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन) के रिजल्ट में एक बार फिर से राजधानी के मेधावियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 10वीं में सिटी मांटेसरी स्कूल के चंद्रांश राय ने 99.8 फीसदी नंबर हासिल किए। इसी तरह 12वीं में इसी स्कूल की कनिष्का मित्तल, अर्चिता सिंह और सारिया खान ने संयुक्त रूप से 99.75 फीसदी अंक हासिल करके देश भर में नाम रोशन किया। इस बार काउंसिल ने आधिकारिक रूप से कोई मेरिट जारी नहीं की है। लखनऊ में इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकंड्री एजूकेशन (आसीएसई)- 10वीं में 12,661 और इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट (आईएससी)- 12वीं में 10,600 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। प्रदेश स्तर पर हाईस्कूल में 99.14 और 12वीं में 97.94 फीसदी परीक्षार्थी सफल हुए। राजधानी के मेधावियों ने इस बार 99 फीसदी से ज्यादा नंबर हासिल करने में नया कीर्तिमान गढ़ दिया। हाईस्कूल में काव्या बिष्ट, भार्गवी सिंह, चिन्मय कृष्णा, इशांत अग्रवाल और मो. अमान ने 99.6 फीसदी अंक हासिल किए। 10वीं में ही आर्या द्विवेदी, अर्जुन कृष्णा, उत्कर्ष सिंह, अमृत पांडेय, कृति श्रीवास्तव, आरना बाजपेयी, अनिरुद्ध शर्मा, इबा शाहीन, शिवांश आनंद, उन्नति वर्मा, याहवी मोहन और शुभ वर्मा ने 99.4 फीसदी अंक हासिल किए। इसके अलावा राजधानी में एक हजार से ज्यादा मेधावियों ने परीक्षा में 90 फीसदी से ज्यादा नंबर हासिल किए हैं।

#### दिल्ली समेत कई राज्य में एक भी बच्चा नहीं हुआ फेल

इस साल कई राज्य ऐसे हैं जहां काउंसिल के रिजल्ट में एक भी बच्चा फेल नहीं हुआ। हाईस्कूल की परीक्षा में ये राज्य- अंडमान निकोबार, चंडीगढ़, दिल्ली, गोवा, जम्मू एंड कश्मीर, मणिपुर और पुडुचेरी राज्य हैं। वहीं, 12वीं में अंडमान, आंध्र प्रदेश, असम, चंडीगढ़, गोवा, हरियाणा, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, दिल्ली और पुडुचेरी ऐसे राज्य हैं जहां पर कुल पास प्रतिशत 100 फीसदी रहा।

#### उत्तीर्ण प्रतिशत में हुआ सुधार

काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्मामिनेशन (सीआईएससीई) का रिजल्ट बीते साल के मुकाबले इस साल बेहतर रहा। हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश भर में 48,445 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसमें से 48,027 परीक्षार्थी सफल हुए और पास प्रतिशत 99.14 फीसदी रहा। बीते साल इनका पास प्रतिशत 98.4 फीसदी था। इसी तरह 12वीं में परीक्षा में 33,023 परीक्षार्थी शामिल हुए। इनमें से 32,343 उत्तीर्ण हुए। इनका पास प्रतिशत 97.94 फीसदी रहा। बीते साल 12वीं में 96.33 फीसदी विद्यार्थी पास हुए थे।

#### बाराबंकी: आईसीएसई में आयुष यादव ने 99 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं में किया जिला टॉप

आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा में जिले के आनंद भवन स्कूल के छात्र आयुष यादव ने कक्षा 10 में 99 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में टॉप किया है। सोमवार को परिणाम आने के बाद आयुष की स्कूल में बुलाकर शिक्षकों ने उसकी पीठ थपथपाई। आयुष शहर के तहसील कॉलोनी का निवासी हैं। उसके पिता अशोक कुमार मेडिकल स्टोर चलाते हैं। आयुष ने बताया कि वह आईएएस बनना चाहते हैं। स्कूल के अलावा घर में रोजाना चार से पांच घंटे पढ़ाई करते हैं। वहीं, कक्षा 10 में ही आनंद भवन की ऐनम फातिमा, अंशिका और अबदस समद को 98 प्रतिशत नंबर मिले है। जिले में इस बोर्ड के छह स्कूल है जिनमें 5000 से अधिक बच्चे अध्यनरत हैं। इसके अलावा श्री सांई इंटर कॉलेज शुक्लई की छात्रा प्रतिमा वर्मा ने 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर नाम रोशन किया है।

### श्याम लाल पाल सपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बने, पाल वोट बैंक को साधने का प्रयास

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

समाजवादी पार्टी ने श्याम लाल पाल को पार्टी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके सहारे पार्टी प्रदेश के पाल वोट बैंक को साधने का प्रयास कर रही है। पाल प्रयागराज के रहने वाले हैं। बता दें कि निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल फतेहपुर सीकरी से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में प्रदेश में संगठन की जिम्मेदारी श्याम लाल पाल को दी गई है। श्यामलाल पाल शिक्षाविद् हैं और एक इंटर कॉलेज से प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वह लगभग 20 सालों से समाजवादी पार्टी में हैं। वह नरेश उत्तम पटेल की समिति में उपाध्यक्ष के पद पर थे। श्याम लाल पाल 2002 में अपना दल के टिकट पर प्रतापपुर सीट से विधानसभा का चुनाव भी लड़े चुके थे। हालांकि, इसके कुछ दिन बाद ही वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। वह सपा में अलग-अलग पदों पर रहकर लगातार काम कर रहे हैं। श्याम लाल पाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रयागराज के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है।

### उपराज्यपाल ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की, आतंकी संगठन से फंड लेने का आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। वह पहले ही कथित शराब घोटाले के आरोप में तिहाड़ में बंद हैं। अब उन पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से राजनीतिक चंदा लेने का आरोप लगा है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने इसकी एनआईए जांच की सिफारिश कर दी है। सूत्रों के मुताबिक उपराज्यपाल को शिकायत मिली है कि आम आदमी पार्टी ने सिख फॉर जस्टिस से 16 मिलियन डॉलर का फंड लिया है। उपराज्पाल को लिखे पत्र में बताया गया है कि यह चंदा कट्टर खालिस्तानी समर्थक देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई में मदद करने और खालिस्तानी भावनाओं को बढ़ावा देने के एवज में मिला है।

#### पत्र में और क्या लिखा

एलजी को यह पत्र वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन- इंडिया नामक संगठन ने लिखा है। इसमें बताया गया है कि आम आदमी पार्टी ने यह चंदा 2014 से 2022 के बीच में लिया। आगे लिखा है 2014 में अमेरिका के शहर



न्यूयॉर्क स्थित एक गुरुद्वारे में सिख फॉर जस्टिस के मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू और केजरीवाल की मुलाकात हुई थी। इस मीटिंग में केजरीवाल ने पन्नू को आश्वस्त किया था वह 1993 दिल्ली बम धमाके में दोषी उम्र कैद की सजा काट रहे भुल्लर को जेल से रिहा कराने में मदद करेंगे।

#### आप का पलटवार

एनआईए जांच की सिफारिश पर आम आदमी पार्टी ने पलटवार करते हुए कहा कि यह अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक और षड़यंत्र है। बीजेपी दिल्ली में सभी सातों लोकसभा सीट हार रही है। हार देखते हुए भाजपा बौखला गई है।

## अकबर और औरंगजेब की औलादों को बताना जरूरी, ये नया भारत है: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस | शाहजहांपुर

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित
- सीएम बोले, फिर से जनता पर कहर बरसाने की सोच रखने वालों को है गलतफहमी
- सीएम ने भीषण गर्मी और लू में जनसभा में आने वालों को दिया धन्यवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव में पंच प्रण की बात कही। इसमें उन्होंने गुलामी के अंशों को समाप्त करना और विरासत के सम्मान की भी बात कही थी। अयोध्या में राम लला के दिव्य-भव्य मंदिर का निर्माण, काशी में विश्वनाथ धाम, शाहजहांपुर में अमर शहीदों का म्यूजियम और हनुमंत धाम में बजरंगबली की विराट प्रतिमा का निर्माण विरासत के सम्मान को दर्शाता है। देश में एक तरफ भारत के अमर बलिदानियों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखने वाली भारतीय जनता पार्टी है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इंडी गठबंधन है। सपा के गुंडों ने दो दिन पहले मैनपुरी में राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की मूर्ति पर चढ़ कर उनकी




आन-बान-शान के प्रतीक भाला को तोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने प्रतिमा को अपवित्र करने के साथ गाली गलौज की। अकबर और औरंगजेब की इन औलादों को बताना जरुरी है कि यह नया भारत है, जो राष्ट्रनायकों का अपमान स्वीकार नहीं करता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने सांसद व लोकसभा प्रत्याशी अरुण सागर के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा के गुंडों ने पहले भी भारत के संविधान के शिल्पी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को भी अपवित्र करने का प्रयास किया था। प्रदेश में कानून का राज स्थापित होने के बाद भी चुनाव आने पर सपा के गुंडों की गर्मी चढ़ने लगती है। इनको लगता है कि अब यह फिर से जनता पर अपना कहर ढहाने लग जाएंगे, लेकिन यह इनकी गफलत है। सीएम योगी ने कहा कि चुनाव परिणाम आएंगे और इन गुंडों की गर्मी भी धीरे-धीरे करके अपने आप शांत होती जाएगी। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर से एक्सप्रेसवे गुजर रहा है। इस पर एक एयर स्ट्रिप भी बनाने जा रहे हैं ताकि अगर कभी किसी दुश्मन से युद्ध करना पड़े तो भारतीय वायु सेवा के विमान शाहजहांपुर के एक्सप्रेस-वे पर उतर करके हमला कर सकें। हम विकास की मुहिम को तेजी के साथ आगे बढ़ाते हुए नए भारत में नये उत्तर प्रदेश की स्थापना कर रहे हैं। इस नये उत्तर प्रदेश में नया शाहजहांपुर भी देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, जितिन प्रसाद, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, लोकसभा प्रभारी राम गोपाल मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, विधायक वीर विक्रम सिंह, चेतराम, हरि प्रकाश वर्मा, सलोनी कुशवाहा, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता आदि शामिल हुए।

#### मोदी सरकार बलिदानियों का सपना और संकल्प कर रही साकार

मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ ने भीषण गर्मी और लू में भी जनसभा में आए लोगों को धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को पुष्ट और मजबूत करने के लिए अपनी सहभागिता के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की संकल्प को साकार करने का आपका योगदान मुझे अभिभूत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के बलिदानियों का सपना और संकल्प साकार कर रहे हैं। इन महानायकों का ही आशीर्वाद है कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृन्व में दुनिया का सिरमौर बनता दिखायी दे रहा है। हमारी वर्तमान पीढ़ी धन्य है, जिन्होंने 500 वर्षों के बाद रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को अपनी आंखों से देखा है। यही सपना हमारे बलिदानियों का था, जिन्होंने फांसी के समय भी बार-बार भारत की धरती पर जन्म लेने की बात कही थी। देश के क्रांतिकारियों महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह महाराज, महारानी लक्ष्मीबाई, मंगल पांडे आदि का लंबा इतिहास रहा है, जो बिना डगे और थके भारत की स्वाधीनता के लिए लगातार लड़ते रहे। इन्होंने अंग्रेजों का सूर्यास्त किया और देश को स्वाधीनता दिलायी।

# निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द की उपस्थिति में सोमवार को विकास भवन के सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार 236- चित्रकूट विधानसभा एवं 237- मानिकपुर विधानसभा के सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेटो का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि 20 मई को जनपद में मतदान संपन्न होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एमपीएस एप, मतदान प्रतिशत संकलन एप जो लागू किया गया है, उसी के अनुसार मतदान प्रक्रिया की जानकारी एप के माध्यम से मोबाइल पर डाउनलोड करके दिया जाना है। उन्होंने कहा कि एआरओ द्वारा रजिस्ट्रेशन सेक्टर मजिस्ट्रेट का किया जाएगा। साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारियों का रजिस्ट्रेशन करेंगे। इसको अच्छी तरह से आप लोग समझ ले ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न हो। आप लोग गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण लेकर निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराएंगे। उन्होंने कहा कि मतदान के एक दिन पूर्व जब पोलिंग पार्टियां रवाना होगी तो आप सभी बूथों का निरीक्षण करेंगे और व्यवस्थाओं को देखेंगे अगर कोई समस्या है तो तत्काल उसका निस्तारण कराएंगे। उन्होंने कहा कि जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संपन्न कराने के लिए बुकलेट दी गई है, उसका अच्छी तरह से आप लोग अध्ययन करें ताकि मतदान के समय किसी भी प्रकार की समस्या न हो। प्रशिक्षण में ईवीएम मशीन के संचालन, वैलेट यूनिट, वीवी पैट, कंट्रोल यूनिट, मशीनों का सीरियल नंबरों का मिलान करना, मत पत्र कृम, पोलिंग पार्टियों निर्धारित वाहनों से रवानगी, मशीनों की सीलिंग, मशीनों का रखरखाव, मांक पोल, वोटिंग कंपार्टमेंट, सीआरसी करना, वास्तविक मतदान प्रारंभ होने से पहले, वीवी पैट बैटरी बदलना, वीवी पैट बदलना, सीयू को पावर ऑफ करना, ग्रीन पेपर की सीलिंग, वास्तविक मतदान की सीलिंग, एबी सीलिंग, मतदाता पर्ची, क्लोज बटन दबाना, मतदान के दौरान विशेष परिस्थितियां, एएसडी मतदाता, चौलेंज वोट, टेंडर वोट, मतदाता द्वारा मत देने से इंकार करना, प्रांक्सी द्वारा मतदान, आयु के संबंध में आपत्ति, मतदाता द्वारा मतदान प्रक्रिया का उल्लंघन, दृष्टिबाधित एवं आसक्त मतदाताओं के संबंध में, पोस्टल बैलेट, पीवी, ईडीसी, पीठासीन अधिकारी की डायरी आदि विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी गई।
इस मौके पर पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला विकास अधिकारी आर के त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने की अग्निपीड़ित किसान की आर्थिक सहायता

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



शिक्षक समाज में ज्ञान अध्यापन के अलावा सामाजिक, नैतिक, मूल्यों, आदर्शों को समझते हैं और सदैव प्रयास करते हैं कि वह अपना उत्तरदायित्व निभाते हैं। इसके साथ समाज में जहां भी कहीं सहयोग की आवश्यकता होती है। शिक्षक सदैव बढ-चढकर हिस्सा लेते हैं। आज उसका उदाहरण है कि ग्राम पंचायत अतरसुई के खेरवा मजरे में किसान देवीचरण के घर में बीती 26 अप्रैल को आग लगने से पूरी गृहस्थी का सामान व लगभग चार लाख रुपए नष्ट हो गया, उसके घर में एक बेटी की शादी का आयोजन था। जिसके तहत 28 अप्रैल को बयाना करने जाना था।
जिस लिए बैंक से निकला गया सब जलकर राख हो गया, उसके सहयोग के लिए खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर एन पी सिंह, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय के आवाहन पर ब्लाक रामनगर के समस्त शिक्षकों ने उसे पीडित परिवार की सहायता के लिए बढ-चढ कर हिस्सा लिया। साथ ही सभी शिक्षक मिलकर पीडित परिवार के घर जाकर किसान और उसकी बेटी को 188000 रुपए नगद राशि प्रदान कर ढांढस बंधाया। इसके पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक रामलोटन पांडेय ने 10 हजार का चेक दिया और 1000 रुपये अवधेश ने दिया। इस प्रकार लगभग 2 लाख से अधिक की राशि सहयोग के रूप प्रदान की गई।
खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने कहा कि यह राशि बेटी के कन्यादान के रूप में सहयोग है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने कहा कि शिक्षक सामाजिक सहयोग में कभी पीछे नहीं रहा और शिक्षक की भूमिका सदैव आगे ही रही। समाज को नई दिशा, नई प्रेरणा और उसके सदैव सहयोग के लिए शिक्षक तत्पर रहता है। शिक्षकों ने स्वप्रेरण से शैक्षिक सहयोग किया है। ब्लाक अध्यक्ष रामनगर शिवभूषण त्रिपाठी ने सभी साथियों को बधाई दी।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी व 37 लीटर कच्ची शराब बरामद की। कोतवाली कर्वी के उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह तथा उनके हमराही द्वारा सुधीर निषाद निवासी डिलौरा को 19 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार भरतकूप थाना के उप निरीक्षक अजहर जमाल तथा उनके हमराही द्वारा ओमप्रकाश निवासी रौली कल्याणपुर को 18 लीटर कच्ची शराब व 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# पांच दिन से लापता युवक का कुएं में शव मिलने से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । कालपी

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना में पांच दिन से लापता युवक का शव कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव कुएं से बाहर निकाला। शव के बाहर निकलते ही मौजूद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने लगभग आधा घंटे तक शव को नहीं उठने दिया उनका आरोप था की अगर पुलिस 3 मई को दी गई तहरीर के आधार पर कार्यवाही करती तो शायद युवक बच सकता था। कदौरा थाना क्षेत्र के बबीना निवासी महेंद्र 20 वर्ष पुत्र राम सनेही बीती 1 मई की देर रात अचानक फोन आने पर वह परिजनों को बगैर कुछ बताएं घर से निकल गया था। जब वह रात को घर नहीं लौटा तो परिजनों ने सुबह उसकी खोज भी शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान परिजनों को पड़ोस में ही बने एक सठिया कुएं के पास मृतक के कपड़े व चप्पल दिखाई दी। जिस पर जिन्होंने युवक को कुएं में पड़े होने की आशंका जताई। जिसको लेकर परिजनों ने 2 मई को थाने में युवक की गुमसुदगी दर्ज करा दी। तीन मई को परिजनों ने पुलिस को एक और तहरीर दी। जिसमे उन्होंने पड़ोस के ही कुछ लोगो पर युवक को गायब करने का आरोप लगाया था। वही पुलिस तीन दिनों तक कुएं पर जाल व कांटा डाल कर युवक की तलाश करती रही लेकिन कुछ नही मिला। रविवार की शाम को मृतक के परिजनों ने फिर कुएं के पास गए और जब कुए में झांक कर देखा तो शव उसका शव उतराता दिखाई दिया।

# 4 आरोपियों के विरुद्ध गुण्डा तथा 34 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले 4 आरोपियों के विरुद्ध गुण्डा तथा 34 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही की गयी।
सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी द्वारा भारतलाल, रामलखन, लालजी निवासीगण हरिशनपुर के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार मारकुण्डी थानाध्यक्ष मनीष कुमार द्वारा राहुल मिश्रा निवासी पयासी का पुरवा मजरा किहुनियां के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही तथा लाल कोल निवासी डोडामाफी, देवमुनि कोल निवासी डोडामाफी, जगदीश कुशवाहा निवासी इटवा डुडैला, भोले निवासी टिकरिया, शिवकुमार कोल निवासी बगरहा मजरा इटवां डुडैला, सीताराम कोल उर्फ बोदल, रामप्रसाद निवासी टिकरिया, गेंदालाल कोल निवासी मारकुण्डी के विरूद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी। इसके अलावा भरतकूप थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह द्वारा रामप्रकाश, ओमप्रकाश, प्रेमचंद, रामचंद्र निवासीगण रसिन, अनिरुद्ध, निखिल, कमाल, विमल निवासीगण भैसोंधा, संतोष, लखन, गया प्रसाद निवासीगण रामपुरवा माफी भारतपुर, तुलसीदास, रामबहोरी निवासीहगण भरथौल, जगमोहन यादव, गया प्रसाद, रामहित, बाला प्रसाद, राजा भइया उर्फ प्रमोद, छेतानी निवासीगण इटखहरी, राजा भइया निवासी करारी, दीपक पटेल उर्फ अवधेश निवासीगण लोखरिया तथा मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह द्वारा रामभजन निवासी गढचपा, सुनील निवासी रम्पुरिया मजरा गढचपा, सुनील उर्फ भोंडा निवासी रम्पुरिया, जियालाल निवासी नागर, शिवा निवासी सेखापुर के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

# स्टाम्प वेंडरों की मीटिंग में एसडीएम ने दिये जरूरी निर्देश

जन एक्सप्रेस । कालपी



सोमवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में तहसील के स्टाम्प वेंडरों की मीटिंग सम्पन्न हुई। इस मौके पर उन्होंने स्टाम्प वेंडरों को आवश्यक निर्देश दिये।
तहसील स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि सभी लाइसेंसधारक स्टाम्पो को निर्धारित रेट पर ही विक्रय करें।निर्धारित मूल्य से अधिक स्टाम्प पेपर को कतई न बेचें। अगर किसी ने भी निर्धारित मूल्य से अधिक में बिक्री की तो प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इसी तरह उन्होंने कहा कि वकालत नामा को बहुत अधिक दाम में बिक्री करने की शिकायत मिल रही है। यह स्थिति अच्छी नहीं है। कोई भी स्टाम्प बेंडर वकालत नामा की बिक्री में अधिक रकम न वसूलें। बैठक में स्टाम्प बवंडरों की समस्यायों को भी सुना गया। बैठक में आशीष गुप्ता, दीपू तिवारी, कमरुद्दीन, छक्की लाल समेत स्टाम्प वेंडरों की सहभागिता रही।

# 8 साल की बच्ची के साथ युवक ने दुष्कर्म करने की कोशिश की, आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उरई

घर पर खेल रही 8 साल की मासूम बच्ची के साथ एक युवक ने रेप करने की कोशिश की बच्ची की शोर मचाने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, मगर तब तक आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। इस घटना की जानकारी मासूम बच्ची के परिजनों ने पुलिस से की जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।
कोतवाली क्षेत्र के एक इलाके का है। इस इलाके की रहने वाली 8 वर्षीय मासूम बच्ची घर पर खेल रही थी, तभी सोमवार की सुबह करीब 10 बजे ट्रैक्टर ट्राली से भूसा लेकर आया एक मजदूर राजा करन उर्फ मुन्नी पुत्र खेमराज निवासी थाना आटा ने भूसा डालने के दौरान घर में खेल रही 8 वर्षीय मासूम बच्ची को अकेला देखकर उसे पकड़ लिया और उसके गाल पर काटकर रेप करने की कोशिश की, बच्ची के शोर मचाने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। जिन्हें देखकर मासूम बच्ची के साथ रेप करने की कोशिश करने वाला मजदूर राजा करन मौके से भाग गया। इस घटना की शिकायत मासूम बच्ची के परिजनों ने उरई कोतवाली पुलिस से की। जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई शुरू कर दी। इस मामले में उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पटेल का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

## रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी का एक और आरोपी चोरी के लैपटोप के साथ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध की रोकथाम के लिए अपराधियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकार नगर राजकमल के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कर्वी की पुलिस टीम द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी एवं आगजनी के 01 और वांछित अभियुक्त को चोरी के लैपटोप के साथ गिरफ्तार किया गया। कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 23-24 जनवरी की रात्रि में धुस मैदान स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में अज्ञात चोरों ने चोरी करके कार्यालय में आग लगा दी थी। जिसके सम्बन्ध में सब-रजिस्ट्रार राजेश सिंह की तहरीर पर थाना कोतवाली कर्वी में अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस टीम द्वारा घटना से सम्बन्धित 6 अन्य आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता तथा आरक्षी नीतू द्विवेदी द्वारा आकाश यादव उर्फ रमनदीप निवासी पुरानी को चोरी के लैपटॉप के साथ गिरफ्तार किया गया।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाता करें मताधिकार का प्रयोग

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मतदाता जागरण अभियान के तहत सोमवार को छात्र-छात्राओं के बीच में पत्रक वितरित किए। साथ ही आगामी 20 मई को होने वाले मतदान के प्रति जागरूक किया।
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सदर ब्लाक के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट में मतदान होना है। पांचवे चरण के लिए होने जा रहे इस मतदान में सभी मतदाताओं को अपने मतदाधिकार का प्रयोग करना चाहिए। विद्यार्थी परिषद द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाता जागरण अभियान के पत्रक मतदाताओं के बीच वितरित किए जा रहे हैं।
जिला संगठन मंत्री रामजी ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक राष्ट्र है। देश की समग्र उन्नति से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। लोकतंत्र में निर्वाचन की प्रक्रिया से ही सत्ता स्थापित होती है और लोक के लिए कार्य करती है। लोकसभा चुनाव के रूप में अब यह लोकतांत्रित उत्सव का क्षण आ गया है और यह चुनाव भारतवर्ष की आगामी पांच वर्ष की दिशा तय करेगा। सभी लोग जानते हैं कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमारा मत की हमारी ताकत है और मतदान से ही हम अपने प्रतिनिधि का चयन करते हैं। ऐसे में सभी लोग सजगतापूर्वक इस लोकतंत्र के उत्सव में सहभागी बने।
इस मौके पर प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य नीतेश त्रिपाठी, सत्या पाण्डेय, शिवम निषाद, रामपाल आदि मौजूद रहे।

# वैशाख मास अमावस्या मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत शहर में भारी वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

आगामी वैशाख मास अमावस्या मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत शहर क्षेत्र में 7 मई को प्रातः 5.30 बजे से 8 मई की रात्रि 9.30 बजे तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों (आपातकालीन एवं आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोडकर) का कर्वी नगर में प्रवेश एवं परिवहन, आवागमन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा।
यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि आगामी 8 मई के पश्चात आम जनमानस को सुगम व सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराये जाने एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कर्वी नगर में 9 मई से 30 दिवस तक या नवीन आदेश दिये जाने की तिथि, जो पूर्व हो, निम्नांकित विवरण के अनुसार भारी एवं मध्यम मालवाहनों (आपातकालीन एवं आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोडकर) का कर्वी नगर में प्रवेश एवं परिवहन, आवागमन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। जिसमें लोढवारा मोड, राजापुर मार्ग प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक, रेहुटिया (रेलवे क्रॉसिंग के पूर्व) प्रयागराज रोड, खोह (पुलिस लाईन तिराहा) मानिकपुर रोड प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक, शेषनपुरवा मोड सोनेपुर, सतना रोड प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक, बेडी पुलिया (मत्यगजेन्द्रनाथ धर्मकांटा) बांदा रोड प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 11 बजे तक, निर्मोही अखाडा यूपी एमपी बार्डर से बेडी पुलिया तिराहा तक प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही प्रातः 5:30 बजे नो इन्ट्री बैरियरों से प्रवेश किये हुए भारी माल वाहन प्रातः 6 बजे तक प्रत्येक दशा में नो इन्ट्री क्षेत्र से बाहर निकल जायेगें। निर्मोही अखाडा यूपी एमपी बार्डर से बेडी पुलिया तिराहा तक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत नया नो इन्ट्री मार्ग घोषित किया गया है। नगर में वैवाहिक, धार्मिक, त्यौहार, जुलूस, झांकी, शोभा यात्रा, राजनैतिक कार्यक्रमों आदि के दृष्टिगत नो इन्ट्री के समय में परिवर्तन किये जाने पर परिवर्तन की सूचना नो इन्ट्री बैरियर पर ही दी जायेगी।

# शराब पीकर गाली गलौज करने से मना करने पर पति ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस । उरई

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर में शराब पीकर गाली गलौज कर रहे पति की पत्नी से हुई मामूली कहासुनी के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी जियालाल 42 वर्ष प्लंबरी का काम करता था। जो आए दिन शराब पीकर घर लौटता था और उसके बाद गाली गलौज करता था। देर शाम को भी जब वह अपने काम से लौटा तो शराब के नशे में धुत था, और घर के बाहर गाली गलौज करने लगा। जिस पर उसकी पत्नी रेखा ने उसे मना किया और जमकर डांट लगाई। इसके कुछ देर बाद परिवार के सभी लोग खाना खाकर सो गए। तभी रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार सुबह उसका शव रस्सी से लटका देख घरवालों के होश उड़ गए। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। वहीं पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# रोडवेज बसें कालपी के सर्विस लेन से ना निकालना बनी समस्या, इस मुद्दे पर मतदाताओं में होने लगी चर्चा

जन एक्सप्रेस । कालपी

परिवहन निगम के उच्च अधिकारियों की हीलाहवाली का खामयाजा नगर के यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। रोडवेज बसें नगर से गुजरने वाली सर्विस लेन सड़क से न हो कर सीधे ओवरब्रिज से फर्राटा भरते हुए गुजर जाती हैं। तीन वर्षों से उठ रही नगरवासियों की समस्या पर माननीय के द्वारा ध्यान न देने पर अब मतदाताओं के बीच चर्चा होने लगी है।
विदित हो कि राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत कालपी नगर में पौने दो किमी बाईपास मार्ग व दोनों तरफ सर्विसलेन मार्ग बनाया गया था। जबकि करीब 1 किमी लंबा फोरलेन ओवरब्रिज भी बनाया गया था। लखनऊ, कानपुर, उरई, झांसी, आगरा, इटावा आदि की रोडवेज बसें कालपी से होकर गुजरती हैं। यात्रियों के उतरने व चढ़ने के लिए ओवरब्रिज के दोनों छोरों को पॉइंट बना दिया गया है। एक यमुना नदी के पुल के पास दुर्गा मंदिर चौराहा तथा दूसरा खानकाह शरीफ के आगे अमलतास तिराहा को रोडवेज बसों के चालको ने उतरने चढ़ने का प्वाइंट बना दिया हैं। नरेंद्र कुमार तिवारी, रवींद्र नाथ गुप्ता, यतेंद्र रजावत, रहीस यादव, नारायण द्विवेदी, आशु ठाकुर, इं. पुष्पेंद्र सिंह सेंगर, नितिन शर्मा आदि ने बताया कि इन दोनों छोर में रोडवेज बसों के ठहराव पर छाया के इंतजाम नहीं है। चिल्लाती धूप, लू-लपट में खुले आसमान के नीचे महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों तथा यात्रियों को खड़ा रहकर अपने गंतव्य स्थान तक जाने के लिए बसों की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। नगर पालिका की ओर से जो यात्री प्रतीक्षालय बनाए गए हैं वह काफी दूर है। इस संबंध में परिवहन निगम के अधिकारियों से कई बार मांग उठाई। लेकिन एक-दो दिन तो सर्विस लेन से बसें निकाली लेकिन बस चालको का फिर से वही रवैया अपना लिया। उक्त समस्या से आजिज आकर नगरवासियों ने कई बार शिकायत भी की। लेकिन परिवहन निगम के मनमाने रवैये के कारण नगरवासियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इसलिए इस मुद्दे को लेकर नगर में अब फिर से चर्चाएं होने लगी हैं।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षक समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से अलग-अलग ब्लाकों में शिक्षक समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपे गए। इस दौरान आचार संहिता और धारा 144 का पालन करते हुए सम्बन्धित खण्ड शिक्षाधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए।
प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने खण्ड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि शिक्षकों के नियमित वेतन भुगतान के लिए प्रत्येक दशा में प्रत्येक माह की 28 तारीख तक लेखाधिकारी कार्यालय मे वैरियेशन प्राप्त करवाएं, समय से वैरियेशन प्राप्त न होने के कारण यदि वेतन विलंब से आता है तो उसकी जिम्मेदारी आपकी होगी। कार्यालय सहायकों की नियुक्ति खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय के लिए की गयी है, इसलिए कार्यालय सहायकों के साथ विद्यालय निरीक्षण करना और कार्यालय सहायकों द्वारा शिक्षकों से सवाल-जवाब करना नियमविरुद्ध है।
इसलिए कार्यालय सहायकों को साथ लेकर विद्यालय निरीक्षण न करें, यदि अपरिहार्य कारणों से साथ में रखना भी पडे तो कार्यालय सहायकों को स्पष्ट निर्देश दें कि वह निरीक्षण अवधि में विद्यालय से बाहर रहें तथा निरीक्षण में किसी प्रकार का सहयोग, हस्तक्षेप न करें। साथ ही कार्यालय सहायकों द्वारा सूचनाओं के बहाने शिक्षकों को फोन किया जाता है और उसी फोन वार्ता में लेनदेन की बातें भी होती हैं, जबकि सूचनाओं की जिम्मेदारी संकुल शिक्षकों की है। इसलिए कार्यालय सहायकों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि कार्यालय सहायक सूचनाओं के लिए नोडल संकुल शिक्षक, संकुल शिक्षक से वार्ता करें और नोडल संकुल शिक्षक, संकुल शिक्षक अपने संकुल के शिक्षकों से फोन करके सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। शिक्षकों द्वारा अवगत कराया जाता है कि खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय में उनके प्रत्यावेदन शिकायत को रिसीव नहीं किया जाता है, जबकि महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा शिक्षकों की समस्या सम्बन्धित प्रत्यावेदन प्राप्त करके उनको जन सुनवाई पंजिका में दर्ज करने के स्पष्ट निर्देश दिये गये। कार्यालय सहायकों को शिक्षकों के प्रत्यावेदन रिसीव करने और उनको जन सुनवाई पंजिका मे दर्ज करने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें। वित्त नियंत्रक के आदेशानुसार शिक्षकों के अवशेष देयक के लिए किये गये आनलाइन आवेदन को तीन दिन मे फारवर्ड कराएं। अवकाश के लिए किये गये शिक्षकों के आनलाइन आवेदन को आवेदित अवकाश दिवस से पहले ही अप्रूव, रिजेक्ट करने का कष्ट करें, आनलाइन अवकाश आवेदन को समय से अप्रूव, रिजेक्ट न करने पर यदि शिक्षक अनुपस्थित होते हैं तो उसकी जिम्मेदारी आपकी होगी। शिक्षकों द्वारा अवगत कराया गया कि उनको शैक्षिक सत्र 2023-24 में सम्पन्न सेवारत शिक्षक प्रशिक्षणों के टीए/डीए का भुगतान नहीं किया गया है, अतः भुगतान कराएं।
इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष देव यादव, ब्लाक मंत्री मनीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | मंगलवार | 07 मई 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 42.2 (+1.7)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 23.4 (-0.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 43 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 12 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# छात्र से खलनायक बने तालिबानी सजा देने वाले आधा दर्जन गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के थाना काकादेव क्षेत्र स्थित कोचिंग मंडी में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अध्ययनरत आधा दर्जन से अधिक छात्रों का एक नाबालिक छात्र के साथ अमानवीय कृत्य कर उसके साथ मारपीट करने का वीडियो बीते दिन रविवार को जब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आई, पीड़ित नाबालिक छात्रा को ढूंढ कर उससे पूरे मामले को जाना और मुकदमा दर्ज कर अमानवीय कृत्य को अंजाम देने वाले आधा दर्जन आरोपी छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई भी की है।

प्रेस वार्ता के दौरान डी.सी.पी. सेंट्रल आर.एस. गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना काकादेव क्षेत्र स्थित कोचिंग मंडी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने आए एक लड़के के द्वारा 20 अप्रैल को रानीगंज में रहने वाले तनय चौरसिया ,शिवा, केशव, तन्मय ,नितिन, संजीव, अनुज पंकज, हर्षित, उदय ,आकाश और योगेश से एविएटर गेम खेलने के लिए बीस हजार रूपए उधार लिए गए थे. उधार लेने वाले लड़के ने वादा किया था कि वह गेम से लाखों रुपए कमा कर इन लोगों को देगा लेकिन ऐसा नहीं किया गया जिसके बाद इन सभी ने मिलकर 24 अप्रैल को उसे बंधक बना लिया और कमरे में बंद करके बहुत यातनाएं दी। इन युवकों ने पीड़ित को फिल्मी स्टाइल में थर्ड डिग्री देते हुए उसके प्राइवेट पार्ट पर ईंटा बांधकर लटका दिया बुरी तरह से मारा पीटा. इस दौरान इन युवकों ने पीड़ित लड़के का वीडियो भी बना लिया था और उसे धमकी दी कि अगर वह पैसे नहीं देगा तो यह सब मिलकर विडियो इंटरनेट पर वायरल भी कर देंगे.

दो दिन हिरासत में रखने के बंधक बनाकर रखने के बाद लड़के को छोड़ दिया गया और जब उसने पैसा नहीं दिया तो इन्हीं युवकों ने अपनी हरकतों का जो वीडियो बनाया था उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और वीडियो इतना वायरल हुआ कि अब यह सभी खलनायक पुलिस की हिरासत में हैं।

**किन धाराओं में दर्ज हुआ है मुकदमा**

सभी आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 147/ 34 /343/ 323/ 50 50 307 व 7/8 पॉक्सो एक्ट तथा धारा 67 आईटी एक्ट में थाना काकादेव में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**कौन-कौन हुआ गिरफ्तार**

(1) तनय चौरसिया तन्मय पुत्र स्व0 सतीश कुमार चौरसिया नि0 117/889 एन ब्लाक रानीगंज काकादेव कानपुर नगर
(2) अभिषेक कुमार वर्मा पुत्र गोरेलाल वर्मा नि0 ग्राम श्रीनगर थाना कोतवाली जनपद महोबा हालपता तिकोना पार्क आर0एस0 पुरम थाना काकादेव कानपुर नगर
(3) योगेश विश्वकर्मा पुत्र राम प्रकाश विश्वकर्मा नि0 ग्राम भिटिया पोस्ट लारा थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर हालपता तिकोना पार्क आर0एस0 पुरम थाना काकादेव कानपुर नगर
(4) संजीव कुमार यादव पुत्र पतीराम यादव नि0 ग्राम दडवा पोस्ट खालिसपुर जनपद जौनपुर हालपता 134/8 शास्त्री नगर थाना काकादेव कानपुर नगर
(5) हरगोविन्द तिवारी उर्फ केशव तिवारी पुत्र अवधेश कुमार नि0 ग्राम व पोस्ट ईकरी लखना थाना लवेदी जनपद इटावा हालपता ग्राम लखना थाना बकेवर जनपद इटावा
(6) शिवा त्रिपाठी पुत्र हर्ष त्रिपाठी नि0 सोनवर्षा थाना बकेवर जनपद इटावा

**गिरफ्तार करने वाली टीम में कौन कौन रहा शामिल**

- निरीक्षक राजेन्द्र कान्त शुक्ल थाना काकादेव
- उ.नि. लवकुश मिश्रा सर्विलांस सेल सेन्ट्रल जोन
- उ.नि. सुनीत शर्मा सर्विलांस सेल सेन्ट्रल जोन
- उ.नि. राहुल शुक्ला चौकी प्रभारी पाण्डु नगर थाना काकादेव
- उ.नि. सुरेन्द्र नारायण शुक्ला चौकी प्रभारी सर्वोदय नगर थाना काकादेव
- उ.नि. रईस अहमद थाना काकादेव
- उ.नि. उमाकान्त थाना काकादेव
- उ.नि.यू.टी. राजू थाना काकादेव
- हे.का. अनिल प्रकाश थाना काकादेव
- हे.का. ललित किशोर थाना काकादेव
- का. आमोद कुमार थाना काकादेव
- का. विष्णु कुमार थाना काकादेव प्रमुख रूप से शामिल रहे

## कृषक समिति की बैठक में हरी खाद के महत्व पर डाला प्रकाश



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के प्रसार निदेशालय के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में सोमवार को चंद्रशेखर कृषक समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने हरी खाद के महत्व विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि किसान 30 से 40 किलोग्राम ढैंचा के बीज प्रति हेक्टेयर की दर से बुवाई करें तथा समय-समय पर सिंचाई करते रहें। उन्होंने किसानों को बताया कि ढैंचा की फसल को 35 से 40 दिन पर मिट्टी में मिला देने से मृदा में 84 से 129 किलोग्राम नाइट्रोजन प्रति हेक्टेयर प्राप्त होती है तथा हरे पदार्थ की मात्रा 20 से 25 टन प्रति हेक्टेयर प्राप्त होता है। जिससे किसानों की फ़सल लागत में कमी आती है तथा फसल की गुणवत्ता अच्छी होती है। शस्य वैज्ञानिक डॉ. जितेंद्र सिंह ने किसानों को धान की नर्सरी का प्रबंधन विषय पर जानकारी दी तथा किसनो द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। कार्यक्रम में अंत में अतिथियों को धन्यवाद डॉ. एसएल वर्मा ने दिया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान समर सिंह भदौरिया ने की। इस अवसर पर जगदीश सिंह, कमल किशोर सहित अन्य किसानों ने भाग लिया।

## जयपुरिया स्कूल के बच्चों ने फिर मारी बाजी



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर अनुकरणीय प्रदर्शन किया है और आईसीएसई 2024 में बहुत उच्च प्रतिशत हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया है। परिणाम शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों द्वारा की गई कड़ी मेहनत के बारे में बताते हैं। 183 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 91 छात्रों ने 90त्न और उससे अधिक का लक्ष्य हासिल किया। 43 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100त्न अंक हासिल किए और बैचों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित किया। स्कूल की शीर्ष स्कोरर रिडा टंडन ने 99.20त्न अंक हासिल किए हैं और जयपुरिया शिक्षण संस्थान को गौरवान्वित किया है। आईसीएसई 2024 में शामिल होने वाले सभी छात्रों ने उल्लेखनीय प्रथम श्रेणी हासिल की, जिससे सभी को खुशी का मौका मिला।

## रंपत हरामी की हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** शहर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हैलट अस्पताल में कल सोमवार देश की एक बहुत बड़ी हस्ती ने अंतिम सांसे ली और देश में नौटंकी की विधा का अंत हो गया। क्योंकि हम बात कर रहे हैं मशहूर नौटंकी के पुरोधा रंपत हरामी की जिन्होंने समूचे विश्व में अपना नाम रोशन किया था और वह कानपुर नगर के बाबू पुरवा क्षेत्र स्थित बगाही में निवास करते थे। घर में गिर कर घायल हुए रंपत हरामी की हैलेट में इलाज के दौरान मौत हो गई है।

## चौबेपुर में सत्येंद्र डेंटल क्लीनिक का हुआ उद्घाटन



**जन एक्सप्रेस । चौबेपुर**

चौबेपुर क्षेत्र की जनता को पिछले 35 वर्षों से लगातार डेंटल के क्षेत्र में अपनी सुविधा दे रहे सत्येंद्र कुमार द्वारा चौबेपुर मैं मार्केट में डेंटल क्लीनिक की बेहतर सुविधाओं के साथ शुरुआत की है।

यहां पर दांतों से संबंधित सभी बीमारियों का इलाज काम और वाजिद दरों पर किया जाएगा। क्लीनिक का उद्घाटन जन एक्सप्रेस समाचार पत्र के नेशनल हेड कमलेश फाइटर द्वारा बीते दिन सोमवार को परंपरागत तरीके से फीता काटकर किया गया।

उद्घाटन अवसर पर डॉक्टर रुपेश शर्मा (बीडीएस), डेंटल ओरल सर्जन डॉक्टर सत्येंद्र कुमार, डॉ अर्जुन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सनी राव मोघे, अरुण चौरसिया, जन एक्सप्रेस कानपुर संवाददाता कोमल सिंह, कल्याणपुर प्रांजल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डाक्टर हिमांशु गौतम, अरुण शुक्ला, सुनील पाल, सत्य नारायण मिश्रा, बोबी, विजय, संदीप, नीशु, राहुल सिंह चंदेल ईटीवी से रामू यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## मकसूदाबाद में मिला अज्ञात युवक का शव



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिठूर थाना क्षेत्र के मकसूदबाद गांव में बने पंचायत भवन के पास खाली पड़े प्लॉट में घास के बीच अज्ञात शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बिठूर पुलिस में शव की पहचान किए जाने को लेकर काफी प्रयास किया लेकिन युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगो की सूचना पर बिठूर पुलिस मौके पर पहुची और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त न हो पाने पर शव को मर्चरी में रखवाया। थाना प्रभारी बिठूर जितेंद्र सिंह ने बताया शव करीब 3 से 4 दिन पुराना है। स्थानीय लोगो के अनुसार के युवक को बीते 3 दिन पहले शराब ठेके के पास नशे में घूमते हुए देखा गया था।

# वर्दी पहन लूट करने वाले लुटेरे का पुलिस ने किया हाफ एनकाउंटर



घायल हुआ लुटेरा



सलाखों के पीछे चार लुटेरे

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील नहीं जिले चर्चित चर्चित लूट कांड के खुलासे में डी.सी.पी विजय ढुल व ए.सी.पी. अजय कुमार त्रिवेदी की प्लानिंग काम आई और घटना का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी का हाफ काउंटर कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। लूट कांड की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों ने खाकी वर्दी पहनकर लूट की थी और पीड़ितों को लूटने के बाद थाना महाराजपुर और पनकी क्षेत्र में उन्हें छोड़कर फरार हो गए थे।

ज्ञातव्य हो कि बीती चार मई की रात्रि को मध्य प्रदेश में दमोह जिले के फुटेराबाद के वार्ड नंबर एक में रहने वाला वसीम खान उर्फ राजा पुत्र मोबीन खान अपने साथी वार्ड नंबर दो पुराना बाजार निवासी आसिफ खान और कार चालक सौरव ताम्रकार के साथ के मकनपुर दरगाह पर अपने गुरु (पीर) को लेने आ रहे थे। तभी शनिवार रात बिल्हौर मकनपुर रोड पर देवहा गांव के सामने कार सवार चार बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में अपनी कर उनकी कर के आगे लगाकर उन्हें रोक लिया था। इसके बाद कार से उतरे तीन लोगों ने अपने आप को पुलिस वाला बताकर कर उनके ऊपर बकरी चोर होने का आरोप लगाया और पिस्तौल दिखाकर हत्या के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी तथा उनके साथ मारपीट करते हुए तीनों को अपनी गाड़ी में बैठा लिया। बदमाशों ने चलती गाड़ी में तीनों के साथ मारपीट करते हुए तीनों के पास मौजूद ज्वैलरी और नगदी लूट ली तथा एनकाउंटर करने की धमकी देकर परिजनों से मंगवाए गए 53 हजार रुपए भी अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद वसीम को पनकी थाना क्षेत्र में और उसके साथी व कार चालक को महाराजगंज थाना क्षेत्र में रोड किनारे फेंक कर फरार हो गए थे।

**ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत हुई बदमाशों की पहचान**

घटना की जानकारी के बाद हरकत में आई पुलिस ने घटना स्थल से लेकर पनकी और महाराजपुर तक निजी प्रतिष्ठानों पर लगे 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चेक किए और उनसे मिले फुटेज से घटना में प्रयोग की गई कार और बदमाशों की पहचान होने के बाद उनकी तलाश शुरू की।

**घटनास्थल के पास ही हुई मुठभेड़**

घटना के अनावरण के लिए अधिकारियों ने सर्विलांस टीम सहित सात टीमें में गठित की थी। रविवार रात लगभग नौ बजे बदमाशों की लोकेशन एक बार फिर घटनास्थल के आसपास मिलने पर पुलिस ने उन्हें घेरने के प्रयास शुरू किए। पुलिस देख बदमाशों ने भागने में उन्हें रोकने के लिए बंद किया गया बैरियर टक्कर मारकर तोड़ दिया। जिससे उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बाग में उतर गई। इसके बाद बदमाशों कार से उतरकर पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस टीमों की घेरेबंदी कर की गई फायरिंग में एक गोली एक बदमाश के पैर में जा लगने से वह घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर घायल हुए बदमाश बदमाश बिल्हौर थाना क्षेत्र के डुडवा जमौली गांव निवासी सूर्य उर्फ सूर्यकांत और उसके तीन अन्य साथी अकबरपुर कानपुर देहात निवासी दिव्यांशु कमल पुत्र रामसजीवन, सफीपुर उन्नाव निवासी रिशु सविता पुत्र उमाशंकर बर्रा कानपुर निवासी सन्य प्रकाश यादव पुत्र विजयपाल यादव और गुजैनी कानपुर निवासी शंटी उर्फ़ अमन पुत्र राजकुमार को पकड़ लिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं को दिखाई गई लघु फिल्म



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक चिकिन्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संजय काला के प्रोन्साहन पर फिजियोलॉजी विभाग द्वारा संकाय अध्यक्ष डॉ.डॉली रस्तोगी के निर्देशन में नवाचार के माध्यम से एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं को विषय पाठ्यक्रम पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई जिसमें 2023 वर्ष से अनुसंधान और अभिक्षमता के आधार पर दो वैज्ञानिकों को नोबेल पुरस्कार भी दिया गया है। विभाग की ओर से एक विषय आधारित प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका संचालन डॉ. प्रीति कनौजिया ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. अटोश कुमार डॉ.अनुपम गुप्ता डॉ. जय वर्धन सिंह डॉ. अश्वनी जयराज एवं सभी रेजिडेंट्स ने प्रतिभाग किया।

### पूर्व ग्राम प्रधान ने नौरंगाबाद की गौशाला को दान किया भूसा



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ जी लगातार आवारा घूम रही गायों की सुरक्षा के मध्य नजर उनके रहने के लिए गौशालाओं का निर्माण कार्य पूरे प्रदेश में कराया है। इसी क्रम में कल्याणपुर विकासखंड के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक गौशालाएं काम कर रही हैं जिसमें 700 से अधिक गए रहती हैं। बीते दिन सोमवार को खयोरा कटरी के पूर्व प्रधान अशोक कुमार निषाद द्वारा नौरंगाबाद गौशाला को 15 कुंटल भूसा दान किया गया। इस मौके पर डाक्टर अमरेन्द्र सिंह पशु चिकिन्सा अधिकारी ब्लाक कल्याणपुर, नौरंगा बाद प्रधान, रवि कुमार,डाक्टर अजय कुमार निरंजन, डाक्टर के आर सिंह, मौजूद रहे।

### संतोष सिंह गहमरी की जनता से मतदान की अपील



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** हसीब अहमद के निवास पर चमनगंज क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में में भारतीय जनता पार्टी के भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह गहमरी व प्रदेश अध्यक्ष युवा व्यापार मंडल आफताब खान द्वारा हसीब अहमद को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद संतोष सिंह गहमरी ने मौजूद कार्यकर्ताओ को हाथ दिखाकर अभिवादन भी किया और मुस्लिम व्यापारियों को भारतीय जनता पार्टी की नीति बताकर वोट मांगा व्यापारिया ने समर्थन देने का वादा किया भारी संख्या में व्यापारी एकत्रित हुए।

# हाईकोर्ट में दाखिल हुई जनहित याचिका, बढ़ सकती हैं के.डी.ए. और अन्य विभागों की मुसीबत







**जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर**

कानपुर नगर। कानपुर विकास प्राधिकरण के वर्तमान उपाध्यक्ष की मुसीबतें बढ़ सकती हैं कारण यह है कि जब वह यहां पर तैनात नहीं थे तो उनके पीछे प्रवर्तन के जिम्मेदारों ने खूब जमकर गुल खिलाए हैं और अवैध निर्माणों की झड़ी लगा दी है। प्राधिकरण के जोन एक में स्थित सैकड़ों मानक विहिन अवैध निर्माण के संबंध में हाई कोर्ट इलाहाबाद में एक सामाजिक संस्थान के द्वारा जनहित याचिका दाखिल की गई है जिसे कोर्ट ने स्वीकार भी लिया है। इस याचिका में याचिका कर्ता ने कानपुर विकास प्राधिकरण के साथ-साथ अग्निशमन विभाग, प्रदूषण और एनबीसी को भी पार्टी बनाया है।







संस्था विकलांग बेवा वृद्धा उत्थान सेवा समिति द्वारा याचिका दाखिल करते हुए कानपुर विकास प्राधिकरण के साथ-साथ अग्निशमन विभाग प्रदूषण और एन.बी.सी. का सर्टिफिकेट जारी करने वाले विभाग को पार्टी बनाते हुए जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका करने वाले संस्था के अध्यक्ष रफत महमूद का आरोप है कि इन सभी जिम्मेदार विभागों के जिम्मेदारों ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई जिस कारण मौत की इमारतें तैयार हो गई हैं। वही कानून के जानकारों की माने तो पूर्व में प्राधिकरण में वी.सी. के न रहने पर बहुत ही ज्यादा गड़बड़ झाले किए गए हैं। इस जनहित याचिका के स्वीकृत होने के बाद जवाब वर्तमान के केडीए वीसी को देना होगा अवैध निर्माणों को लेकर मामला बड़ा पेचीदा है आने वाले समय में कोर्ट के सामने के.डी.ए. की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

## शातिर अपराधी ने दी जान से मारने की धमकी



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर/सफीपुर**

शहर के थाना प्वालटोली क्षेत्र में रहने वाले एक शातिर अपराधी उसके साथी पर प्वालटोली वक्फ बोर्ड के प्रशासक फरमान हुसैन से रंगदारी की मांग करने और जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित ने सफीपुर कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। फरमान हुसैन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड प्वालटोली मकबरा के प्रसासक हैं। उन्हें 5 मई को समय लगभग 3:45 बजे परियर स्थित प्रधान ढाबा पर चाय पीते समय ढाबे पर पहले से मौजूद सहाब पुत्र चीना निवासी प्वालटोली मकबरा जो अभी हाल ही में लगभग साल भर पहले असलम नाम के व्यक्ति की हत्या के मामले में जेल काट कर आया है व नाज अहमद पुत्र नसीम अहमद आदि द्वारा मारपीट की गई और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

# नव्य अयोध्या के 'नायकों' को देख रामनगरी ने लगाई 'अगाध प्रेम की डुबकी'

- अयोध्या के सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के पक्ष में पीएम मोदी-सीएम योगी ने किया रोड शो
- मोदी-योगी के 'मौन संवाद' पर भी रामनगरी बोली- अयोध्या में सिर्फ भगवान, भगवा और भाजपा
- फिर दिलाया विश्वास- जो राम को लाए हैं, हम उनको ही लाएंगे

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में हजारों करोड़ की सौगात देने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रोड शो किया था। इसके बाद 22 जनवरी को श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचे। 5 मई 2024 को एक बार फिर नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के सारथी योगी आदित्यनाथ संग सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए रोड शो करने पहुंचे। अंतर बस इतना था कि तब अयोध्या को करोड़ों की सौगात मिली थी और इस बार मोदी-योगी ने अयोध्या से फिर रिकॉर्डतोड़ जीत की आस लगाई। तब पीएम मोदी का रोड शो लता चौक से रेलवे स्टेशन तक गया था। इस बार रोड शो राम मंदिर की तरफ से लता चौक पहुंचा। दो किमी. के इस रोड में लगभग एक घंटे से अधिक का समय लग गया। नव्य अयोध्या के %नायकों% को देख रामनगरी ने उनके स्वागत में %अगाध प्रेम की डुबकी% लगाई।





### सुग्रीव चौक से लता चौक तक निकला रोड शो

रथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अयोध्या सांसद-प्रत्याशी लल्लू सिंह सवार रहे। रोड शो सुग्रीव चौक से लता चौक (लगभग दो किमी.) तक निकला। सुग्रीव किला से प्रारंभ रोड शो राम मंदिर के मुख्य द्वार, रामपथ होते हुए लता चौक पहुंचा। दो किमी. की दूरी तय करने में लगभग एक घंटे से अधिक समय लग गया। इस दौरान पूरी अयोध्या जगमगाती रही। रोड शो में शामिल आंखें मानो बोल रही थीं कि अयोध्या में सिर्फ भगवान, भगवा और भाजपा रहेगी। इन लोगों ने विश्वास दिलाया कि जो राम को लाए हैं, हम उनको ही लाएंगे। पूरे रास्ते लोग मोदी-योगी के समर्थन में नारे लगा रहे थे तो यह दोनों नेता हाथ जोड़ अभिवादन भी कर रहे थे और कमल का फूल दिखाकर वोट की अपील भी। लता चौक पहुंचने के बाद मोदी-योगी ने कुछ दूर पैदल चल कर भी आमजन की हौसलाअफजाई की।

### रामनगरी के दिलोदिमाग पर फिर छाई मोदी-योगी की जोड़ी

महज छह महीने के भीतर नरेंद्र मोदी तीसरी बार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनगिनत बार रामनगरी पहुंचे। बारम्बार योगी आदित्यनाथ हनुमानगढ़ी और रामलला सरकार के चरणों में श्रद्धा निवेदित करते हैं। 500 वर्ष बाद भारत को यह सौभाग्य मिला कि राघव अपनी अयोध्या में विराजमान हुए। अवध में होली खेली तो आंगन में जन्मोत्सव भी मनाया। पूरा देश यह अवसर उपलब्ध कराने का सारथी मोदी-योगी को मानता है। आज जब फिर अयोध्यावासियों ने इनका दीदार किया तो दिल से कह उठे, मोदी-योगी जी को जयश्रीराम। रविवार को जब मोदी-योगी की जोड़ी दिखी तो फिर रामनगरी के दिलोदिमाग पर छा गई। रोड शो के रास्ते में कहीं शंख की पुरजोर ध्वनि गूंज रही थी तो कहीं महिलाएं मोदी की आरती उतार रही थीं। कलाकारों ने नृत्य के माध्यम से अवध की संस्कृति की झलक भी दिखाई।

### सरयू सरिता करे पुकार, मोदी जी बारम्बार

रोड शो में रथ के आगे-आगे भगवा व भाजपा के रंग में रंगी महिलाएं चल रही थीं। वहीं सड़क के दोनों तरफ हुजूम उमड़ा था। यह हुजूम सिर्फ अयोध्या या आसपास के क्षेत्रों का नहीं था, बल्कि यहां दर्शन करने आए दूसरे राज्यों व जनपदों के लोग भी मोदी-योगी की एक झलक पाने को आतुर दिखे। रास्ते में लिखे शब्द सरयू सरिता करे पुकार, मोदी जी बारम्बार अयोध्यावासियों के प्रेम को दर्शा रहे थे। भीड़ इतनी जबर्दस्त थी कि तिल तक रखने की जगह नहीं थी। वहीं बच्चे-बुजुर्ग से लेकर महिला-युवा तक दोनों जननेताओं की छवि मोबाइल में कैद करने को बेताब दिखे।

### अयोध्या ने बता दिया 'कमल' पर आई हैं 'विकास की लक्ष्मी'


अयोध्या एक मात्र ऐसा जनपद है, जहां लगभग 32 हजार करोड़ रुपये से अधिक के काम एक साथ चल रहे हैं। यहां विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बना तो महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सौगात भी मिली यानी कमल पर बैठकर विकास रूपी लक्ष्मी यहां पहले ही आ चुकी हैं। यह तेजी से पूरे अयोध्या में फैल रही हैं। रोड शो के दौरान जगमगाती इमारतें, आसपास के क्षेत्र भी इस बात की गवाही दे रहे थे। भाजपा का संदेश %विकास भी-विरासत भी% का नजारा अयोध्या में बखूबी दिख रहा था।

## नामांकन प्रक्रिया हुई पूरी, तेरह नामांकन पाए गए सही

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी निशा अनंत ने बताया कि लोकसभा को लेकर नामांकन प्रक्रिया छब्बीस अप्रैल से शुरू होकर छ मई को पूर्ण हुई है।इस दौरान कुल 31अभ्यर्थियों द्वारा 42 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किए गए। जिनकी सवींक्षा चार मई को संपन्न हुई।सवींक्षा के उपरांत 31 अभ्यर्थियों में से 13 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र जांच के उपरांत सही पाए गए। तथा 18 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों में कमियां पाए जाने के कारण निरस्त किए गए।इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने बीस मई को मतदान की तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद अमेठी में कुल 898 मतदान केंद्र है।तथा 1492 बूथ है।सभी बूथों पर पीने का पानी, छांव के लिए शेड,प्रकाश,रैम्प फर्नीचर आदि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराई गई हैं।मतदान केंद्रों पर लगने वाली लाइन को लेकर हर पांच व्यक्ति पर एक कुर्सी की व्यवस्था की जाएगी। जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बुलावा टोली का गठन किया जा चुका है।जिसके माध्यम से लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक करने के साथ ही मतदान के दिन उनके घर से बुलाने का कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंद्रह मई तक वोटर पर्ची का वितरण बीएलओ के माध्यम से किया जाएगा।

# मैंने अमेठी के विकास के लिए अपना जीवन खपाया: किशोरी लाल शर्मा

जन एक्सप्रेस। तिलोई अमेठी



अमेठी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने सोमवार को तिलोई तहसील के तीनों विकास खण्डों में आयोजित कांग्रेसी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता किशोरी लाल शर्मा बनकर भाजपा को चुनाव हरायेगा।उन्होंने कहा मैंने अपने जीवन का अधिकांश समय तिलोई के विकास एवं तिलोई की जनता की खुशहाली के लिए अपना जीवन खफाया है।और जनता का मुझे आशीर्वाद मिलेगा।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को सुबह 11¬00 बजे ब्लॉक सिंहपुर के इन्हौना स्थित कोर्ट में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चौधरी वहाज अख्तर द्वारा आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि मैं अपने जीवन का अधिकांश समय अमेठी के विकास एवं आम जनमानस की खुशहाली के लिए बिताया है।उन्होंने अमेठी क्षेत्र के विकास की सूची जब प्रस्तुत किया तो अमेठी के विकास में कांग्रेस एवं गांधी परिवार की झलक देखने को मिली।गांधी परिवार ने राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान, फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट,इंस्टिट्यूट भारत हेवी इलेक्ट्रिक लिमिटेड,एसीसी टिकरिया सीमेंट वर्क्स,फैक्ट्री,हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड,राष्ट्रीय उड़ान अकादमी,इंडो गल्फ फर्टिलाइजर,केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल प्रशिक्षण संस्थान,स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया सहित छोटी बड़ी सैकड़ो फैक्ट्री को लगवा कर हजारों लोगों को रोजगार देने का काम किया।वहीं भाजपा प्रत्याशी ने पांच साल में अमेठी की दुर्दशा कर दिया।लोगों के रोजगार छिन गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए आम जनमानस अमेठी में चुनाव लड़कर भाजपा प्रत्याशी को भारी अंतर से चुनाव हरायेगा और कांग्रेस का परचम लहराएगा।उसके बाद तिलोई ब्लॉक के कस्बा तिलोई में सुरेश त्रिवेदी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि अमेठी के विकास के लिए कांग्रेस प्रत्याशी को जीताने का काम करें।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल,वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सुनीता सिंह,मोहम्मद लतीफ, अब्दुल रऊफ,जिला पंचायत सदस्य विकास यादव,कमलेश अग्निहोत्री परमानंद मिश्रा गोपीचंद बाजपेई सहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इण्डी गठबंधन पर जमकर बरसे डिप्टी सीएम

जन एक्सप्रेस। अमेठी



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अमेठी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा।डिप्टी सीएम बृजेश पाठक सोमवार को लोकसभा अमेठी भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी के चुनाव प्रचार में गोसाईगंज पहुंचे।जहां कार्यकर्ताओं ने बृजेश पाठक का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।इस दौरान इंडिया गठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति करती है।सपा सरकार में अराजकतावाद व भ्रष्टाचार चरम पर था।पहले बिजली एक हफ्ता दिन तथा एक हफ्ता रात में चंद घंटे के लिए आई थी।आज जनपद के 75 जिलों में 24 घंटे बिजली दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर था।भ्रष्टाचार का आलम यह था कि खेल भी भ्रष्टाचार से अछूते नहीं थे।कॉमनवेल्थ गेम में भी जमकर भ्रष्टाचार हुआ था।डिप्टी सीएम ने कांग्रेस सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस सरकार का कोई जोड़ नहीं।जबकि हमारी सरकार में भ्रष्टाचार करने वालों को जेल भेजा जा रहा है।उन्होंने कहा कि अमेठी में कांग्रेस की जमानत जब्त हो जाएगी।अमेठी और रायबरेली को कांग्रेस अपनी जागीर समझती थी।विकास के नाम पर अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस ने कुछ भी नहीं किया।इस बार भी अमेठी की जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी।उन्होंने कहा यह राजतंत्र नहीं है,कि कभी पिता राज करे कभी पुत्र राज करे।यहां संविधान का राज है।लोकतंत्र है।देश की जनता जिसे सिंहासन पर बैठाएगी वही राज करेगा।लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है।और जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है।देश की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है।डिप्टी सीएम ने कहा कि जल जीवन मिशन के बारे में कोई सोच नहीं सकता था।आज भाजपा सरकार में घर-घर नल के द्वारा जल भेजने का कार्य किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में छात्रों को निशुल्क अच्छी सुविधाएं दी जा रही हैं।भाजपा सरकार द्वारा पंचायत भवन बनाकर लोगों को पूरी सुविधा दी जा रही है।देश में सड़कों का जाल बिछाया गया है।फोर लाइन,सिक्स लाइन से लेकर कई एक्सप्रेस वे बनाए गए हैं।स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं।गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया जा रहा है।

आगे 70 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को पांच लाख तक का निशुल्क इलाज मिलता रहेगा।प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान कार्ड बनाकर गरीबों का मुफ्त इलाज मुहैया कराया है।उन्होंने कहा किस भी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा पहले से बहुत ही बेहतर स्तर पर दी जा रही है।गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा मुहैया कराया जा रहा है।ऐसे में देश की जनता को मोदी जी की गारंटी पर पूरा भरोसा है।और देश की जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है। अमेठी के गोसाईगंज में जनसभा को संबोधित करने के बाद डिप्टी सीएम गोसाई वीर बाबा के दर्शन और पूजन किये।

# बालिका सशक्तिकरण अभियान हेतु बेसलाइन सर्वे का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। ऊंचाहार, रायबरेली



बालिका सशक्तिकरण अभियान की प्रतिभागी बालिकाओं के अकादमिक ज्ञान के स्तर को मापने के उद्देश्य से एनटीपीसी ऊंचाहार में बेसलाईन सर्वे का आयोजन किया गया। इस सर्वे में आसपास के गांवों के विद्यालयों की 61 अच्यर्थी बालिकाओं ने भाग लिया और हिंदी, इंग्लिश, गणित व सामाजिक विज्ञान सहित कम्प्यूटर व पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर आधारित विभिन्न प्रश्नों का बेबाकी से उत्तर दिया। इस सर्वे का उद्देश्य इस वर्ष आयोजित होने वाली बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला हेतु बालिकाओं के ज्ञान के स्तर को मापते हुए तत्संबंधी एक माह हेतु कौशल विकास का विषयवस्तु तैयार करना है। परियोजना की मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने प्रतिभागी बालिकाओं से संवाद करते हुए कहा कि किसी भी बालिका में आगे बढ़ने की असीम संभावनाएं होती हैं। एनटीपीसी के द्वारा यह मंच आप सबको उपलब्ध कराकर उस छिपी हुई प्रतिभा को निखारने तथा आप सभी का भविष्य संवारने की भावना से एनटीपीसी कार्य कर रही हैं, आप सभी बालिकाएं इस कार्यशाला का भरपूर लाभ उठाएं। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. दिशा अवस्थी, प्रबंधक (नैगम सामाजिक दायित्व) स्नेहा त्रिपाठी सहित सीएसआर व एचआर के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि बालिका सशक्तिकरण अभियान की इस वर्ष की कार्यशाला 14 मई से आरम्भ होगी, जिसमें आसपास के गांवों की लगभग 120 बच्चियां भाग लेंगी। प्रतिभाग करने वाली इन सभी बच्चियों को एक माह का आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें उन्हें शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ कौशल विकास प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस कार्यशाला के दौरान बच्चियों को कम्प्यूटर साक्षरता, आर्ट एंड क्राफ्ट, गीत-संगीत, ड्राइंग-पेंटिंग के अलावा लाइफ स्किल्स आदि का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। नन्हीं बच्चियों के लिए ये कार्यशाला उत्साह का विषय बनी रहती है। एक माह इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद बच्चियां कार्यशाला छोड़कर जाना नहीं चाहती हैं।

## 13 प्रत्याशियों को आवंटित किये गये चुनाव चिन्ह

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** जिला निवार्चन अधिकारी/रिटर्निंग आफिसर नितीश कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 54 फैजाबाद लोकसभा के नामांकन प्रक्रिया के अंतर्गत किसी भी प्रन्याशी द्वारा अपरान्ह 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस नही लिया गया, जिसके क्रम में आयोग के निर्देशानुसार अपराह्न 3 बजे के उपरांत नामांकन पत्र दाखिल किये हुये समस्त 13 प्रन्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये। इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी प्रन्याशी लल्लू सिंह को कमल, समाजवादी पार्टी प्रन्याशी अवधेश प्रसाद को साइकिल, बहुजन समाज पार्टी प्रन्याशी सच्चिदानन्द को हाथी, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया प्रन्याशी अरविन्द सेन को बाल और हँसिया, राष्ट्रीय जनशक्ति समाज पार्टी प्रन्याशी अनिल कुमार रावत को चक्की, भारत महापरिवार पार्टी प्रन्याशी अंबरीश देव गुप्ता को रोड रोलर, मौलिक अधिकार पार्टी प्रन्याशी कंचन यादव को ऑटो-रिक्शा, आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी प्रन्याशी बृजेन्द्र दत्त त्रिपाठी को बल्लेबाज, निर्दलीय प्रन्याशी अरूण

# बाल भवन ने मनाया वार्षिकोत्सव

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर



एनटीपीसी टाण्डा में टाऊनशिप के बच्चों की कल्याणकारी संस्था बालभवन ने विविध कार्यक्रमों के साथ अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना के कार्यकारी निदेशक ए.के.चट्टोपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा कृष्णा चट्टोपाध्याय ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर गरिमा महिला मंडल की सदस्यायें, परिवारजन तथा बच्चों के अभिभावकगण भी उपस्थित थे।इस अवसर पर बालभवन के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें बालभवन के बच्चों ने गणेश वन्दना के साथ-साथ सांस्कृतिक नृत्य का आयोजन हुआ। वहीं 'जल संरक्षण' एवं गंगा अवतरण थीम पर ड्रामा व नृत्य नाटिका की प्रस्तुती दी, जिसका सभी लोगों ने भरपूर आनन्द उठाया। कार्यक्रम के दौरान गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा कृष्णा चट्टोपाध्याय ने बालभवन के क्रिया कलापों की भरपूर सराहना की तथा बालभवन द्वारा इस प्रकार के सृजनात्मक कार्यो से बच्चों को अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर सभी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एके चट्टोपाध्याय ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की प्रशंसा की तथा बताया की बच्चों की नींव को मजबूत करने में बालभवन का योगदान सराहनीय है। इसके पूर्व बालभवन की सचिव रैना मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही बालभवन द्वारा पूरे वर्ष भर किये गये कार्यो का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका हौंसला बढाया। कार्यक्रम का संचालन बालभवन के बच्चों द्वारा ही किया गया।

# चुनाव प्रेक्षक ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



लोकसभा सामान्य निर्वाचन की घोषणा के उपरांत लोकसभा क्षेत्र अंबेडकरनगर में सकुशल/ पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने हेतु सामान्य प्रेक्षक सुहर्ष भगत(आईएएस) तथा पुलिस प्रेक्षक ओमपति जमवाल (आईपीएस)द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ कैस्तुभ तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता के साथ कार्यालय में स्थापित जिला कांटेक्ट सेंटर, जिला मीडिया सेन्टर,एमसीएमसी,वीडियो अवलोकन टीम एवं सी विजिल कंट्रोल रूम तथा स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया । वहां पर उपस्थित अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा अवगत कराया गया कि सभी टीमों द्वारा गहनता पूर्वक 24 घंटे कार्य किया जा रहा है तथा शिकायतों का समय सीमा अंतर्गत निस्तारण किया जा रहा है।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरश पालन किया जा रहा है। जिला कांटेक्ट सेंटर द्वारा 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। इस टोल फ्री नंबर पर निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है, वही सी विजिल ऐप के माध्यम से निर्वाचन की गतिविधियों के संबंध में आमजन मानस शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसका निस्तारण आयोग द्वारा दिए गए समय के अंतर्गत सुनिश्चित कराया जाएगा।

## मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित: डीईओ

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं 37-अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 181-सलोन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 मई 2024 (सोमवार) को पंचम चरण में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि यह अवकाश 14 निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट 1881 (1881 एक्ट संख्या-26) के अन्तर्गत आता है। लोक प्रतिनिधिन्व अधिनियम 1951 में किसी भी प्रकार भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा ऐसे अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को सार्वजनिक घोषित करने का प्राविधान है।

# मोदी सरकार में देश की सांस्कृतिक विरासत को मिला सम्मान: लल्लू सिंह

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



सांसद लल्लू सिंह ने बीकापुर विधान सभा के रानी बाजार मंडल के एक दर्जन गांवों में चौपाल लगाई। उन्होनें फिरोजपुर उपरहार, फतेहपुर सरैया, सिंहपुर, घाटमपुर, भीखनपुर, हूसेपुर, गोपालपुर, बिछिया, सरियावां, मोइद्दीनपुर, रानीबाजार, कोटसराय में चौपाल के माध्यम से जनता से संवाद किया। चौपाल में पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा सांसद लल्लू सिंह का स्वागत किया।चौपाल में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सरकार के दो कार्यकाल में हर गांव को सड़कें मिली। गरीबों को बिजली कनेक्शन मिला। बिचौलियों का राज समाप्त हुआ। सरकार की कार्यवाही से भ्रष्टाचारियों के मन में भय है। पिछले दस सालों में भारत ने महान लोकतांत्रिक परम्पराओं के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान किया है। नरेन्द्र मोदी ऐसे पीएम हैं जो सर्वाधिक बार अयोध्या आएं। यह उनके अयोध्या के प्रति उनकी आस्था को प्रर्दशित करता है। अयोध्या के विकास के लिए भी सरकार ने कोई कोर-कसर नही छोड़ी है। उन्होनें सरकार के कार्यकाल में देश ने कई उपलब्धियों को देखा है। सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाओं के माध्यम से हर पात्र के उत्थान का कार्य किया है। चार जून को फिर से अयोध्या को भगवा मय करने का संकल्प लें। चौपालों के दौरान मंडल अध्यक्ष कमलेश सिंह, जिला महामंत्री मनोज वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 41°C | 26°C |
| कानपुर | 42°C | 26°C |
| देहरादून | 37°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 41°C | 28°C |

# तीसरे चरण में और मजबूत होगी भाजपा की बढ़त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- आज प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर होगा मतदान, लाभार्थी वर्ग के आगे विपक्ष होगा चारों खाने चित
- योगी सरकार ने 2017 से अब तक राज्य और केंद्र की योजनाओं का बिना भेदभाव लोगों तक पहुंचाया है लाभ
- तीसरे चरण की सभी लोकसभा सीटों पर सीएम योगी कर चुके हैं तूफानी रैलियां, अधिक से अधिक मतदान की अपील



लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में भाजपा को पिछले दो चरणो की तरह एक बार फिर विपक्ष पर बढ़त हासिल करने का भरोसा है। तीसरे चरण में मंगलवार को प्रदेश की कुल 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं। इन 10 सीटों (संभल, बरेली,बदायूं, एटा, आंवला, फतेहपुर सीकरी, हाथरस, फिरोजाबाद, मैनपुरी और आगरा) पर सभी प्रत्याशी भाजपा से होंगे। इन उम्मीदवारों के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी द्वारा जमकर चुनाव प्रचार किया गया है। इन रैलियों व जनसभाओं में सीएम योगी ने राज्य में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पा रहे लाभार्थी वर्ग से बढ़चढ़कर मतदान की अपील की है। इन दस सीटों पर 2017 से 2024 के बीच डबल इंजन सरकार द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि हो या कन्या सुमंगला योजना, पीएम स्वनिधि योजना से लेकर उज्ज्वला योजना तक दर्जनों योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति और महिला तक पहुंचाया है। बिना लीकेज जन-जन तक पहुंची योजनाओं के लाभार्थियों का रुझान भी एनडीए की ओर है। मंगलवार को यह लाभार्थी वर्ग पीएम मोदी के 400 पार और सीएम योगी के 80 में 80 के संकल्प को पूरा करने के लिए ईवीएम पर कमल का बटन दबाएगा। यदि सिर्फ इन 10 लोकसभा सीटों की बात करें तो किसानों के लिए शुरू की गई योजनाओं का बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला है। इसके अंतर्गत पीएम किसान सम्मान निधि के तहत यहां 24,35,533 किसानों के खातों में धनराशि हस्तांतरित की गई है। प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत इन 10 सीटों पर 2017 से 2024 के बीच कुल 1,47,352 आवास वितरित किए गए हैं। इसमें बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री आवास भी शामिल हैं। यही नहीं,इन लोकसभा क्षेत्रों में कुल मिलाकर 23,28,799 शौचालयों का निर्माण कराया गया है, जिनमें व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों तरह के शौचालय शामिल हैं।

### 6.5 लाख महिलाओं और 1.15 लाख वृद्धजनों को पेंशन का लाभ

प्रदेश में योगी सरकार ने निराश्रित, वृद्धावस्था और दिव्यांग पेंशन के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया है। इसी क्रम में इन 10 सीटों पर 6,41,702 महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन का लाभ मिल रहा है, जिसमें एक हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान किया जा रहा है। इसी तरह, 11,40,101 वृद्धजनों को सरकार की ओर से इन सीटों पर वृद्धावस्था पेंशन का लाभ भी मिल रहा है। वहीं 1,14,926 दिव्यांगों को दिव्यांगजन पेंशन प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त इन 10 लोकसभा सीटों पर 37,249 बेटियों का सामूहिक विवाह भी संपन्न कराया गया है। इसी तरह, 2,06,266 बेटियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ मिला है, जिसके तहत बेटी के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई तक विभिन्न चरणो में धनराशि प्रदान की जाती है। अभी तक इस योजना के तहत कुल 15 हजार रुपए मिलते थे, जिसे हाल ही में योगी सरकार ने बढ़ाकर 25 हजार रुपए कर दिया है।

### 15 लाख से ज्यादा महिलाओं को मिला मुफ्त गैस कनेक्शन

इसके अतिरिक्त इन 10 सीटों पर योगी सरकार के प्रयासों से केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना के अंतर्गत 69,77,096 लोगों के बैंक खाते खुलवाने में सफलता मिली है। वहीं, 42,93,385 लोगों के आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। इसी तरह इन 10 लोकसभा क्षेत्रों में 25,68,180 (आगरा-फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट को छोड़कर) राशन कार्ड धारकों को मुफ्त राशन योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। साथ ही, पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 1,97,361 रेहड़ी पटरी वालों को बिना गारंटी लोन की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, योगी सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को 15,50,287 मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने पकड़ी अवैध शराब, नकदी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। यूपी के सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों ने 01 मार्च से 05 मई तक 34188.13 लाख रुपये की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त की। इसमें 3383.55 लाख रुपये नकद , 4890.92 लाख की शराब, 22548.95 लाख की ड्रग, 2193.07 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1171.65 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 05 मई को 161.91 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 21.46 लाख रुपये नकद धनराशि, 39.03 लाख रुपये कीमत की 13807.69 लीटर शराब, 97.88 लाख रुपये कीमत की 180132.87 ग्राम ड्रग एवं 3.53 लाख रुपये कीमत की 32 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

### जज बनना चाहती है अदिति

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एण्जामिनेशन सीआईएससीई की 12वीं परीक्षा में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली सीएमएस की छात्रा अदिति तिवारी जज बनना चाहती है। अदिति ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता, अध्यापक और खुद को दिया है। अदिति ने कहा की पढ़ाई में खुद के प्रति ईमानदार होना बेहद जरूरी है। सेल्फ स्टडी भी काफी जरूरी है। पढ़ाई में एकाग्रता होना बहुत जरूरी है। एकाग्रता और जिज्ञासा स्टूडेंट के मन में हमेशा रहना चाहिए।

### आशुतोष वर्मा का पर्चा खारिज,रविदास मेहरोत्रा सपा प्रत्याशी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लखनऊ लोकसभा सीट राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर चर्चा में है। यहां बीजेपी के उम्मीदवार और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चुनाव लड़ रहे हैं।यह सीट बीजेपी का गढ़ मानी जाती है। राजनाथ सिंह के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने दो नेताओं का नामांकन कराया था। राजनाथ के खिलाफ लखनऊ सीट से सपा ने पहले रविदास मेहरोत्रा को अपना उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने इस सीट पर नामांकन भी कर दिया था लेकिन रविदास मेहरोत्रा के दाखिल किए गए नामांकन में कुछ सरकारी प्रपत्र व विभागीय एनओसी मिलने में अड़चन को देखते हुए सपा ने सेफ साइड रखते हुए आशुतोष वर्मा का नामांकन दाखिल कराया था।आशुतोष वर्मा ने तीन अप्रैल को अंतिम दिन नामांकन किया था। रविदास मेहरोत्रा का पर्चा खारिज होने की स्थिति में दूसरे विकल्प के तौर पर डॉ आशुतोष वर्मा को सपा ने उम्मीदवार बनाया था लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# तीसरे चरण में 10 सीटों पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैयार उत्तर प्रदेश

- तीसरे चरण में कुल 1,89,14,788 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग
- चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए लगाए गए कुल 88,420 मतदान कार्मिक
- 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 100 प्रत्याशी मैदान में, 8 महिला प्रत्याशी भी शामिल
- निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने किए व्यापक इंतजाम एवं सुरक्षा व्यवस्था
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से की अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया 7 मई मंगलवार को संपन्न होगी। तीसरे चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की है। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश के संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव होने जा रहा है। यह लोकसभा क्षेत्र प्रदेश के 12 जिलों में अवस्थित हैं। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता सायं 6ः00 बजे उपस्थित रहेंगे, उन मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि तृतीय चरण में कुल 1,89,14,788 मतदाता हैं, जिसमे 1,01,44,345 पुरुष मतदाता तथा 87,69,696 महिला मतदाता एवं 747 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। सबसे अधिक मतदाता आगरा (20 लाख 72 हजार 685) तथा सबसे कम मतदाता एटा (17 लाख 524) लोकसभा क्षेत्र में हैं। 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 100 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमे 8 महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। सबसे अधिक 13 प्रत्याशी बरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तथा सबसे कम 7 प्रत्याशी फिरोजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में है। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण में कुल 20415 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) तथा 12339 मतदान केंद्र हैं। इन मतदेय स्थलों में से 4390 क्रिटिकल हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 3 विशेष प्रेक्षक, 10 सामान्य प्रेक्षक, 6 पुलिस प्रेक्षक तथा 14 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 1887 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 241 जोनल मजिस्ट्रेट, 668 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 2859 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए 4783 भारी वाहन, 5462 हल्के वाहन तथा 88420 मतदान कार्मिक लगाए गए हैं। चुनाव में मतदान के लिए 25819 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 25819 बैलट यूनिट तथा 27597 वीवीपैट तैयार किए गए हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। तीसरे चरण के निर्वाचन के दौरान अर्द्ध सैनिक बलों/पुलिस बलों के व्यवस्थापन के दृष्टिगत आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायतार्थ एयर एम्बुलेंस एवं हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन 6 व 7 मई को आगरा में तथा एयर एम्बुलेंस की लोकेशन 7 मई को बरेली में रहेगी। उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों (10208 मतदेय स्थल) पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 3503 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था होगी। तीसरे चरण में कुल 370 आदर्श मतदेय स्थल, 79 समस्त महिला प्रबंधित मतदेय स्थल, 39 समस्त युवा कर्मी मतदेय स्थल तथा 47 समस्त दिव्यांग प्रबंधित मतदेय स्थल बनाए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से वोटर इन्फार्मेशन स्लिप वितरित कराई गई है, जिसके माध्यम से मतदाताओं को अपने वर्तमान मतदेय स्थल एवं क्रम संख्या की जानकारी हो सकेगी। तृतीय चरण में कुल 1,87,08,616 मतदाताओं को वोटर स्लिप वितरित की गई है। इसके अतिरिक्त मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप, भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से भी अपने मतदेय स्थल की जानकार प्राप्त कर सकते हैं।

### केंद्रों पर व्हील चेयर एवं वॉलन्टियर की व्यवस्था की गई

तृतीय चरण के जनपदों में 37,34,852 वोटर गाइड वितरित की गई हैं। 27 अक्टूबर 2023 से 4 मई 2024 तक कुल 12,45,216 मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित कराए गए हैं। मतदान की अवधि में सभी बीएलओ एल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ हेल्पडेस्क पर उपस्थित रहेंगे एवं आने वाले मतदाताओं की सहायता करेंगे। दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर एवं वॉलन्टियर की व्यवस्था की गई है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य पहचान पत्र (आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों / डाकघरों द्वारा जारी किये गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र / राज्य सरकार / लोक उपक्रम / पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) मतदेय स्थल पर मतदाताओं की पहचान किए जाने हेतु मान्य होंगे। मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत टोल फ्री नंबर 18001801950 पर कॉल करके दर्ज कराई जा सकती है। इसके अतिरिक्त सी-विजिल, एनजीएसपी/वीएचए पर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है। द्वितीय चरण में सी-विजिल पर 16 मार्च 2024 से 6 मई 2024 तक कुल 794 शिकायतें दर्ज हुई हैं। उनमें 456 शिकायतें सही पाई गई हैं तथा 338 शिकायतें गलत पाई गई हैं। कुल सही 456 शिकायतों में से 419 शिकायतें 100 मिनट के अंदर निस्तारित की गई हैं। अभी तक पूरे प्रदेश में शिकायत निस्तारण का औसत समय 47 मिनट है, जो कि नियत समयावधि 100 मिनट से कम है।




### अस्थमा जागरुकता माह के अवसर पर विशेषज्ञों ने अस्थमा से केयर में सशक्तिकरण के महत्व पर दिया बल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उच्च मृत्यु दर और जीवन की कम गुणवत्ता जैसी गंभीर जन स्वास्थ्य की चुनौतियों के बीच, प्रभावी अस्थमा प्रबंधन का महत्व बहुत ज़्यादा बढ़ गया है। इस साल विश्व अस्थमा दिवस की थीम ''अस्थमा एजुकेशन एम्पॉवर्स' है, जो अस्थमा के प्रबंधन और मरीजों को बेहतर परिणाम देने में ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देती है। भारत अस्थमा के प्रसार और इसके कारण डिसएबिलिटी-एडजस्टेड लाईफ ईयर्स (डेलीज़) के मामले में दुनिया में पहले स्थान पर है। साथ ही, अस्थमा के कारण दुनिया में होने वाली 42 प्रतिशत मौतें भारत में होती हैं, इसलिए इस साल की थीम इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर बल दे रही है।

अस्थमा के प्रभावी नियंत्रण के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ जागरुकता, और एक ऐसे परिवेश का सहयोग आवश्यक है, जिसमें देखभाल के विभिन्न पहलू शामिल हों। अस्थमा के सफर में बीमारी से लेकर इसकी थेरेपी, जागरुकता, निदान, जाँच और काउंसलिंग तथा इलाज का पालन करने तक हर चरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। सिप्ला के बेरोक जिंदगी और टफीज़ जैसे जन जागरुकता अभियानों और मरीज के सहयोग के प्रयासों जैसे कंपनी के ब्रीदफ्री अभियान के बीच तालमेल से मरीजों के लिए सहयोग का एक नेटवर्क स्थापित होता है। ब्रीदफ्री में फिज़िकल और डिजिटल तत्व शामिल हैं, जिनमें एक एआई-इनेबल्ड डिवाईस ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म भी है। इस नेटवर्क से न केवल मरीजों को सहायता मिलती है, बल्कि उनके परिवारों को भी राहत मिलती है।

शिक्षा द्वारा सशक्त कार्रवाई के महत्व के बारे में डॉ. बी.पी. सिंह, श्वसन, क्रिटिकल केयर एवं विशेषज्ञ नींद चिकित्सा, लखनऊ ने कहा, ''अस्थमा एक लंबी चलने वाली/क्रोनिक बीमारी है, जो साँस की नली संकरी हो जाने, ट्रिगर्स (डस्ट माईट्स, धुएँ, ठंडी हवा आदि) के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाने और हवा के मार्ग में परिवर्तन होने के कारण उत्पन्न होती है। यह एक लाइलाज बीमारी है, लेकिन समय पर इसके निदान और मेडिकल हस्तक्षेप द्वारा इसे नियंत्रित किया जा सकता है।




### आर0 आर0 ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में प्रज्ञान 2024 का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

एकेटीयू से संबद्ध बख्शी का तालाब स्थित आर आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन, लखनऊ के वार्षिकोत्सव प्रज्ञान 2024 का शुभारंभ संस्थान के सचिव चित्रांशु अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर के किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, डीन एकेडमिक दुर्गेश वर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर विकास सिंह, डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आरती जयसवाल एवं चीफ प्रॉक्टर विजय बहादुर सिंह व संस्थान के सभी शिक्षक मौजूद रहे। प्रज्ञान 2024 के पहले दिन के खेल में क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मैच में आर0 आर0 थंडर बनाम आर0आर0 रॉयल्स के बीच हुए मुकाबले में आर0 आर0 थंडर ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। आर0आर0 थंडर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 06 ओवर के मैच में 5 विकेट खोकर 83 रन बनाए जवाब में आर0 आर0 रॉयल्स की टीम ने 06 ओवर में 7 विकेट खोकर 83 रन ही बना पायी।

#### अन्य प्रतियोगिताएं

- गर्ल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता के प्रथम राउंड में अंशिका सिंह कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष, अंजली बीटेक, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, द्वितीय वर्ष एवं इशिका यादव कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग वर्ष व मुस्कान यादव कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग वर्ष विजयी रहीं।
- बॉयज बैडमिंटन प्रतियोगिता के प्रथम राउंड में आदिन्य मिश्रा, शुभम बिंद व विशाल विश्वकर्मा विजयी रहें।
- गर्ल्स रस्साकशी में श्रजल सोनी व महक गुप्ता की टीम विजय हुयी।
- खो-खो गर्ल्स में अनुष्का सिंह व नंदिनी प्रजापति विजयी रहीं।
- म्यूजिकल चेयर में शोबी श्रीवास्तव विजय हुयी।
- कबड्डी बॉयज में हर्ष पांडेय व सूर्य प्रताप सिंह की टीम विजय हुयी।
- कबड्डी गर्ल्स में अंशिका सिंह की टीम विजय हुयी।

# गांवों व कस्बों में बीजेपी कार्यकर्ता कर रहे हैं प्रचार, युवाओं में दिख रहा उत्साह

- लोगों के किए हर काम, मेरा मोबाइल नंबर जिसकी जेब में मैं उसके पास हूं: कौशल किशोर
- विधायक भी क्षेत्र में कर रहे हैं प्रचार, कहा यूपी की 80 की 80 सीटें बीजेपी जीत रही हैं: योगेश शुक्ला




जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

बीकेटी, लखनऊ। आगामी लोकसभा 2024 के चुनाव को लेकर अलग-अलग पार्टी अपनी-अपनी पार्टी को वोट दिलवाने को बनाने के लिए चुनाव प्रचार में लग गई हैं। आपको बता दे की दिल्ली के कुर्सी पर बैठे प्रधानमंत्री पद के लिए उत्तर प्रदेश से ही रास्ता होकर जाता है क्योंकि उत्तर प्रदेश में 80 सीट हैं जिससे कि प्रधानमंत्री इन्हीं 80 सीटों के सहारे चुना जाता हैं। उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण सीट पर भाजपा केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद कौशल किशोर दो बार चुनाव जीत चुके हैं दूसरी बार वह भाजपा की केंद्र सरकार में राज्य मंत्री बनाए गए थे, इस बार भाजपा ने तीसरी बार उनको मोहनलालगंज लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया हैं। वहीं कौशल किशोर का कहना है कि जिस भी भाजपा कार्यकर्ता व हर एक निचले पायदान के गरीब व्यक्ति के पास मेरा मोबाइल नंबर है समझ लीजिए केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद कौशल किशोर उसकी जेब में है। मंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में हमने अपने क्षेत्र के लिए कई काम किए हैं भाजपा सरकार मोदी जी के नेतृत्व में ऐसे ऐसे बड़े कार्य? एवं फैसले लिए हैं जोकि देश का कोई भी नेता नहीं कर सकता था आज विपक्ष परिवारवाद अराजकता फैलाने एवं अन्य मुद्दों पर आवाज उठाती है जो विकास के मुद्दे हैं अक्सर विपक्षी पार्टियों उसे पर चुटकुले लेती हैं, मोदी सरकार ने देश व जनता के लिए बहुत काम किया है शौचालय से लेकर आवास तक, जल से लेकर बिजली तक, रोजगार से लेकर सुरक्षा तक सभी विषयों पर सरकार काम किया हैं। वहीं बीकेटी विधानसभा विधायक योगेश शुक्ला हरदा कॉलोनी गांव, इटौंजा नगर पंचायत व अन्य कई गांवों में जाकर लोगों से मुलाकात कर भाजपा पार्टी को वोट देकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की हैं। बीकेटी भाजपा विधायक श्री शुक्ला ज़्यादातर गांव व कस्बों में अपने कार्यकर्ताओं के साथ लोगों में दिखाई पड़ते हैं और इस बार मोदी सरकार बनाने के लिए उन्होंने जीतोड़ मेहनत शुरू कर दी है विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 की 80 सीटें बीजेपी जीत रही है और मोदी की सरकार 400 पार सीटें जीतकर सरकार बनाने का काम करेंगी।

### लखनऊ में दिन का पारा 42 डिग्री पार, तेज हवाओं ने लोगों को झुलसाया, जमीन से निकलती रही आंच

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में मौसम ने करवट बदल ली है। तेज धूप और झुलसा देने वाली गर्म हवाएं लोगों को परेशान करने लगी है। रविवार को अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री ज़्यादा रहा। यह सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा है। मौसम विभाग की मानें तो आज सोमवार को गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। शाम को 1 डिग्री की गिरावट दर्ज की जा सकती है। मंगलवार से पारा नीचे आएगा। लखनऊ में पश्चिमी विक्षोभ तेज हवाओं के कारण धूल के कण उड़ रहे हैं। मौसम विभाग ने बताया कि धूप की किरणें सीधे धरती पर पड़ने की वजह से पारा 42.5 पहुंच गया है। रविवार को सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। शाम को भी लोगों ने बाहर निकलने की हिम्मत नहीं की। दोपहर 4 बजे तक तपा देने वाली धूप बनी रही। हालांकि इसके बाद कुछ हल्की हुई लेकिन खास असर नहीं हुआ। पैदल और बाइक-साइकिल से चलने वालों को गर्म हवाओं का एहसास हुआ।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# आयोग की कोशिश है मतदान प्रतिशत बढ़ना चाहिए

**देश का गर्व को आईआरसीटीसी पोर्टल और टिकटों के साथ एकीकृत किया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सहयोग से लगभग 16,000 खुदरा पेट्रोल पंपों पर मतदाता जागरुकता संबंधी होर्डिंग्स लगाए गए हैं। नागर विमानन मंत्रालय के सहयोग से एयरलाइंस आगामी चुनाव में भाग लेने के लिए संदेश के साथ एक इनफ्लाइट घोषणा कर रही हैं। मतदाता गाइड विमान की सीट की जेबों में रखी जा रही है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, लखनऊ, पटना, चंडीगढ़ आदि 10 प्रमुख शहरों में हवाई अड्डों पर सेल्फी-प्वाइंट बनाए गए हैं।**

*इस समय भारत निर्वाचन आयोग का सारा ध्यान आम चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर केंद्रित है। आयोग ने इस बार अब तक के सबसे बड़े जागरुकता एवं सुविधा संबंधी उपायों को और भी अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया है। सार्वजनिक और निजी संगठनों और मशहूर हस्तियों को मतदाता संपर्क अभियानों में शामिल किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के तीसरे चरण के लिए गर्म मौसम के पूर्वानुमान की स्थिति से निपटने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। इस बारे में भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की रिपोर्ट में विस्तार से चर्चा की है। इसमें कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान में मामूली गिरावट से आयोग चिंतित है। पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह चुनाव में भागीदारी के भारतीय इतिहास की दृष्टि से बेहतर है, लेकिन 2019 में स्थापित उच्च मानक से कहीं न कहीं कम ही है। इसे गंभीरता से लेते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने अपना सारा ध्यान मतदाताओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर केंद्रित किया है। आयोग ने कहा है कि वह अगले पांच चरणों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सभी संभव उपायों के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त (द्वय) ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू देशभर के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन सदन के वरिष्ठ अधिकारियों से सतत संपर्क कर 2019 के मानक से कहीं अधिक वोटिंग फीसद बढ़ाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में व्यक्तिगत रूप से चलाए गए स्वीप अभियानों की एक उल्लेखनीय विशेषता प्रमुख विभागों, कंपनियों, मशहूर हस्तियों और संगठनों का निःशुल्क सहयोग है। पिछले एक वर्ष के दौरान आयोग ने अपने प्रमुख कार्यक्रम सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) को सशक्त रूप से संचालित किया है। राज्यों और जिलों ने कम मतदान प्रतिशत वाले निर्वाचन क्षेत्रों को लक्षित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की योजना के तहत नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई स्थानीय विशिष्ट क्रियाकलाप किए हैं। आयोग ने दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया में कुछ महानगरीय शहरों में मतदान प्रतिशत में आई गिरावट को गंभीरता से लिया है। आयोग को उम्मीद है कि अगले चरणों में शहरी मतदान केंद्र में मतदान के प्रति मतदाताओं की रुचि काफी बढ़ेगी। पहले चरण के मतदान में गिरावट के बाद आयोग ने महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को अतिरिक्त योजनाओं को लागू करने का निर्देश दिया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तरीकों की पहचान करने के लिए तीसरे और चौथे चरण में कम मतदान वाले जिलों (2019 के आंकड़ों के आधार पर) के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ अलग-अलग बातचीत की। आयोग का कहना है कि यह सुखद है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सात मई को होने वाले आम चुनाव के तीसरे चरण के लिए गर्मी को लेकर कोई बड़ी चिंता नहीं जताई है। मौसम सामान्य रहने का पूर्वानुमान किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत परामर्श जारी किया गया है कि मतदाताओं को गर्मी के मौसम में हर हाल में श्रेष्ठतम सुविधा मिले। आयोग के सोशल मीडिया सेल ने अभियान आई एम इलेक्शन एम्बेसडर शुरू किया है। बीसीसीआई के सहयोग से आईपीएल 2024 के दौरान विभिन्न स्टेडियमों में मतदाता जागरुकता संदेश और गाने बजाए जा रहे हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**भारत ने भी अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के खटास का माध्यम नहीं बनने दिया। जांच के निष्कर्षों को दोनों देशों ने स्वीकार किया एवं बेवजह का विवाद खड़ा नहीं होने दिया। कनाडा को भी अमेरिका से कुछ सीखना चाहिए एवं निज्जर हत्याकांड में भारत की अगर कोई भूमिका है तो उसके सबूत भारत सरकार को देने चाहिए। आपसी संबंधों को बिगाड़ने से परहेज करना चाहिए। अपनी भूमि का उपयोग भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करती गतिविधियों के लिये कत्तई नहीं करने देना चाहिए।**

# भारत एवं कनाडा के रिश्ते खतरनाक मोड़ पर



ललित गर्ग

**भारत जिस तरह से लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद को झेला है, कनाडा में इन तत्वों को प्रोत्साहन देकर कनाडा आतंकवादी गतिविधियों का केन्द्र बन सकता है, जो उसके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है। निश्चित ही कनाडा में खालिस्तानी आतंकी फल-फूल रहे हैं। खालिस्तानी न केवल भारतीय राजनयिकों को धमका रहे हैं बल्कि हिंदू मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं।**

कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालसा दिवस समारोह के दौरान खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने के बाद भारत सरकार जो सख्ती दिखाई है, वह आवश्यक एवं समयोचित कदम है। इस घटना पर भारत का चिंतित होना एवं कनाडा को चेताया जाना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय में कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर इस मामले में गहरी आपत्ति जताई गई है। कनाडा सरकार ने अपने राजनीतिक हितों के लिये अनेक बार भारत विरोधी घटनाओं में संदेहास्पद एवं विवादास्पद भूमिका का निर्वाह करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं को धुंधलाया है। कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थक अलगाववाद, कट्टरपंथ और हिंसा को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इस तरह की घटनाओं से कनाडा में अपराध का माहौल बना हुआ है। इससे कनाडा के नागरिकों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। जिससे भारत में भी स्थितियां संकटपूर्ण बनी है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाकर दोनों देशों के बीच विवाद खड़ा कर दिया था। भारत ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद से कनाडा और भारत के संबंधों में खटास आ गई और दोनों देशों के रिश्ते सुधरने की बजाय खतरनाक मोड़ पर पहुंच गये हैं। खालसा दिवस समारोह में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारत-विरोध के त्रासद एवं राष्ट्र-विरोध के भ्रामक, झूठे एवं बेबुनियाद आरोप थे। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने तो इन सब भारत-विरोधी घटनाओं को रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश की। इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार आपत्तिजनक बना, दो देशों के बीच खटास घोलने वाला एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का रहा। जिसे दोनों देशों के राजनयिक पैमाने पर उचित नहीं कहा जा सकता। इस तरह कनाडा अपने देश की राजनीतिक जरूरतों के चलते भारत के साथ अपने रिश्ते इस मोड़ पर ले आया हैं, जहां उनके बीच विश्वास, भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है। भले ही लगभग आठ लाख कनाडाई सिखों की वहां की राजनीति में सक्रिय भागीदार हैं। सिख समुदाय की जरूरतों एवं उनके शांतिपूर्ण जीवन के लिये कनाडा सरकार की प्रतिबद्धता में कोई आपत्ति नहीं हैं। सिख समुदाय के मौलिक अधिकारों व स्वतंत्रता की रक्षा करने के वायदे यदि वहां की सरकार करती है तो अच्छी बात है। भले ही कनाडा सरकार सिखों के सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ भारत एवं कनाडा के



**इन देशों ने भी समझा है और समझना ही होगा कि किसी देश के अन्दरूनी मामलों में दखलअंदाजी करना उनके लिये ही हानिकारक होने वाला है। भारत अब एक महाशक्ति है, कनाड़ा जैसे देशों की भारत-विरोधी गतिविधियों से भारत की सेहत पर कोई असर नहीं पडेगा।**

बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर भारत के साथ नए समझौते करें, लेकिन इन स्थितियों के बीच खालिस्तानी अलगाववाद को प्रोत्साहन देना भारत के लिये असहनीय है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। भारत जिस तरह से लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद को झेला है, कनाडा में इन तत्वों को प्रोत्साहन देकर कनाडा आतंकवादी गतिविधियों का केन्द्र बन सकता है, जो उसके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है। निश्चित ही कनाडा में खालिस्तानी आतंकी फल-फूल रहे हैं। खालिस्तानी न केवल भारतीय राजनयिकों को धमका रहे हैं बल्कि हिंदू मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। कनाडा की धरती पर हर किस्म के खालिस्तानी चरमपंथी ही नहीं पल रहे हैं बल्कि वहां भारत से भागे गैंगस्टर और नशे के तस्कर भी शरण पा रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद में भारत ने कनाडा को जो खरी-खोटी सुनाई, वह इसलिए आवश्यक थी, क्योंकि वहां की ट्रूडो सरकार अपने भारत विरोधी रवैये से बाज नहीं आ रही है। वह जिस तरह खालिस्तानी अतिवादियों को संरक्षण दे रही है, उसकी मिसाल यदि कहीं और मिलती है तो वह पाकिस्तान में। कनाडा अपने भारत विरोधी रवैये के कारण पाकिस्तान सरीखा बनता जा रहा है। कनाडा अपने हितैषी एवं पडोसी देशों से दूरियां बना रहा है। खालिस्तान समर्थन एवं प्रोत्साहन के चलते कनाडा में फिलहाल कुछ भी ठीक नहीं चल रहा। अपने देश के साथ दुनियाभर में वह आलोचकों के निशाने पर हैं। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों पर नियंत्रण रखने में कथित नाकामी के चलते ट्रुडो को अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते जी-20 बैठक में उन्हें भारत और सदस्य देशों का 'ठंडा' रिस्पांस मिला। भारत में खास अहमियत नहीं मिलने से खिसियाए ट्रुडो को कनाडा के मीडिया ने भी आड़े हाथ लिया है। ट्रुडो सरकार पर भारत के साथ रिश्तों को नुकसान पहुंचाने और व्यापार वार्ता के बारे में अंधेरे में रखने के आरोप भी लगे हैं। घरेलू राजनीतिक हितों के लिए ट्रुडो भारत के साथ लड़ाई मोल लेकर अपने देश का भारी आर्थिक नुकसान कर रहे हैं। यह सर्वविदित है कि भारत अब दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। कनाडाई में उत्पादित वस्तुओं के निर्यात और व्यापार में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव का असर यहां की इकोनॉमी पर पड़ रहा है। भारत की नाराजगी बेवजह नहीं है, क्योंकि कनाडा भारत के विरोध में लगातार सक्रिय हैं, कनाडा ने ही किसानों के आंदोलन के समर्थन में अतिश्योक्तिपूर्ण सहयोग होने दिया। जबकि दोनों देशों के संबंधों में प्रगति के लिए एक-दूसरे के प्रति सम्मान का भाव और आपसी भरोसा रहना जरूरी है। खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर अमेरिका में भी सवाल उठे थे। लेकिन अमेरिका ने इस मसले पर सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय भारत सरकार से सीधी बातचीत की। भारत ने भी अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के खटास का माध्यम नहीं बनने दिया। जांच के निष्कर्षों को दोनों देशों ने स्वीकार किया एवं बेवजह का विवाद खड़ा नहीं होने दिया। कनाडा को भी अमेरिका से कुछ सीखना चाहिए एवं निज्जर हत्याकांड में भारत की अगर कोई भूमिका है तो उसके सबूत भारत सरकार को देने चाहिए। कोरे आरोप लगाकर आपसी संबंधों को बिगाड़ने से परहेज करना चाहिए। अपनी भूमि का उपयोग भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करती गतिविधियों के लिये कत्तई नहीं करने देना चाहिए। बात कनाड़ा के साथ-साथ अन्य देशों पर भी लागू होती है जो अपने राजनीतिक हितों के लिये खालिस्तान समर्थक या अन्य भारत विरोधी आन्दोलनों को जगह देते हैं, लेकिन इन देशों ने भी समझा है और समझना ही होगा कि किसी देश के अन्दरूनी मामलों में दखलअंदाजी करना उनके लिये ही हानिकारक होने वाला है। भारत अब एक महाशक्ति है, कनाड़ा जैसे देशों की भारत-विरोधी गतिविधियों से भारत की सेहत पर कोई असर नहीं पडेगा।



### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 11:40 तक |
| नक्षत्रः | अश्विनी 15:32 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | आयुष्मान, 20:58 |
| सूर्योदयः | 05:36 |
| सूर्यास्तः | 18:59 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 15:38-17:18 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | वैशाख |
| शुभ मुहूर्तः | 11:53-12:41 |

## जन एक्सप्रेस

### बाकी मुद्दे गौड़ हुए !

*जाति जाति चिल्ला कर ।*
*कर रहे सब काम ।।*
*बाकी मुद्दे गौड़ हुए ।*
*अब असली पैग़ाम ।।*
*गली अगर ना दाल तो ।*
*है पुनः विश्राम ।।*
*कर सब कुछ प्रयोग ।*
*हैं रहे नाकाम ।।*
*करने को सब सार्वजनिक ।*
*मन इनका ललचाया ।।*
*है फ़िलहाल महफ़िल ।*
*सत्ता की सब माया ।।*
*होगा कितना कारगर ?*
*पकड़ा जो हथियार ।।*
*लगता विघ्न आनी हैं ।*
*अड़चनें हज़ार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए अपनाएं मेंटल हेल्थ से जुड़ी आदतें

**ब्रेन** को हेल्दी रखने के लिए इसकी देखभाल करनी जरूरी है। अक्सर मेंटल हेल्थ पर ज्यादातर लोग गौर नहीं करते हैं। जबकि फिजिकल हेल्थ की तरह मेंटल हेल्थ पर भी ध्यान देनी की जरूरत होती है। भागदौड़ भरी जिंदगी में आजकल किसी न किसी बात का तनाव जरूर होता है। ऐसे में हमें अपने माइंड को रिलैक्स करने की जरूरत होती है। क्योंकि अगर आपका माइंड की रिलैक्स नहीं होगा, तो इससे आपकी फिजिकल हेल्थ और काम दोनों पर बुरा असर पड़ेगा। इसलिए अपने ब्रेन को हेल्दी और एक्टिव रखने पर काम करना चाहिए।

**पूरी नींद लेने की आदत बनाएं:** आजकल बिजी लाइफ होने के कारण कई लोग अपनी नींद से समझौता कर लेते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने लगता है। नींद पूरी न होने के कारण आप दिनभर परेशान हो सकते हैं। इससे आपकी काम पर प्रोडक्टिविटि भी कम हो सकती है। इसलिए नियमित रूप से 7 से 8 घंटे की नींद लेने की आदत जरूर बनाएं।

**सोशल कनेक्शन बनाकर रखें:** कुछ लोग लाइफ में बिजी होने के



कारण सोशल लाइफ से दूर हो जाते हैं। लेकिन इससे आपके ब्रेन पर बुरा असर पड़ सकता है। इसके कारण आपको अकेलापन महसूस हो सकता है। सोशल कनेक्शन कम होने के कारण आप रिश्तों में दूरी महसूस करने लगेंगे। इसलिए अपने सोशल कनेक्शन बनाकर रखें। उन लोगों के करीब रहें, जो आपको अच्छा महसूस कराते हैं।

**इमोशनल हेल्थ का ध्यान रखें:** कई बार हम अपनी जिम्मेदारियों में इतना व्यस्त हो जाते हैं, कि अपने इमोशन की कद्र नहीं करते। अगर आप लंबे समय तक अपनी इमोशनल हेल्थ को इग्नोर करेंगे, तो इससे आपका स्ट्रेस लेवल बढ़ेगा। यह मानसिक समस्याओं का कारण भी बन सकता है। इसलिए अपने इमोशन को खुलकर बाहर आने दें। अगर आपको कोई परेशानी है, तो किसी करीबी के साथ शेयर करें।

**वर्कआउट करने की आदत बनाएं:** वर्कआउट आपकी फिजिकल और मेंटल हेल्थ दोनों के लिए जरूरी है। एक्सरसाइज करने से बॉडी से केमिकल रिएक्शन अच्छे से हो पाते हैं। यह आपको मेंटली एक्टिव रखने में भी मदद करता है। एक्सरसाइज करने से ब्रेन हेल्दी भी रहता है। इसलिए अपने डेली रूटीन में वर्कआउट को जरूर शामिल करें। इसके लिए आप योगा, वॉक या हल्की-फुल्की एक्सरसाइज कुछ भी अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

**छोटे-छोटे ब्रेक ले:** जब भी आपको महसूस हो कि आपका स्ट्रेस लेवल बढ़ गया है, तो छोटा सा ब्रेक लें। इसके आप कुछ दिन काम से दूर होकर घूमकर आ सकते हैं। इससे आपको लाइफ से स्ट्रेस कम करने में मदद मिलेगी। यह ब्रेन को एक्टिव रखने के लिए असरदार तरीका है।

**हेल्दी डाइट पर ध्यान दें:** हेल्दी डाइट हमारी ब्रेन हेल्थ के लिए भी जरूरी है। अपनी डाइट में केवल फ्रेश चीजों को शामिल करें। ज्यादा से ज्यादा सब्जी, फल और सलाद खाएं।

### एक्सप्रेस विशेष

# अस्तित्व के संकट से जूझती कम्युनिस्ट पार्टियां



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**लोकसभा में अपनी पहचान बनाये रखने के लिए कठोर परिश्रम करना होगा। वामदलों के सामने दरअसल विकल्प कम ही है। वामदल के कमिटेड वोटर्स छिटक गए हैं तो नेतृत्व द्वारा ना तो दूसरी लाइन के नेता तैयार किये गए और ना ही कैडर को मजबूत करने के प्रयास किये गये।**

**देश** की कम्यूनिस्ट पार्टियों के सामने अस्तित्व का संकट है। साल 2004 के बाद लोकसभा में वामदलों का प्रतिनिधित्व लगातार कम होता जा रहा है। अब 18 वीं लोकसभा के चुनाव में वामदलों के सामने अस्तित्व बचाए रखने का संकट है। आजादी से पहले और उसके बाद के दौर में एक समय पूरे देश में वामदल काफी प्रभावी थे। सरकार भले कम ही राज्यों में रही हो पर वामदल और उसके अनुशांगिक संगठन चाहे वह स्टूडेंट फेडरेशन हो या मजदूर संगठन या लेखक संघ सभी की अपनी पहचान थी। पर कुछ समय के बदलाव तो कुछ अपने धत्कर्मों की वजह से वामदलों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया है। प. बंगाल में वामदलों ने तीन दशक से भी अधिक समय तक एकछत्र राज किया। वहीं, त्रिपुरा, केरल में भी वामदलों की सरकार रही है। पर 2019 के लोकसभा के चुनाव आते-आते हालात यह हो गई कि वामदलों के गढ़ प. बंगाल में वामदलों को एक भी सीट नहीं मिली, वहीं त्रिपुरा में भी खाता खोलने में विफल रही। दरअसल, समय की मांग को समझना और उसके अनुसार समयानुकूल बदलाव करना अपने आप में बड़ी बात होती है। जनभावना को भी समझना जरूरी हो जाता है। केवल विचारधारा और एग्रेसिव होने से काम

**वोटबैंक पर सेंधमारी भी उन्हीं के साथ समझौता कर रही कांग्रेस पार्टी कर रही है। केरल में अल्पसंख्यकों के साथ हिन्दुओं के वामदलों के वोट कांग्रेस अपनी ओर करने में सफल रही है। फिर वामदलों के नेताओं की जो यूएसपी अच्छे वक्ता के रूप में होती थी वह आज दिखाई नहीं देती। समय के साथ बदलाव को आन्मसात् नहीं करने के कारण ही सोशिल मीडिया जो आज प्रमुख माध्यम बन गया है।**

नहीं चल सकता। फिर समय पर सही निर्णय नहीं लेने का परिणाम देर-सबेर भुगतना पड़ता है। ज्योति बसु के पास तीन बार प्रधानमंत्री बनने के अवसर आये पर पोलिट ब्यूरो ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने पर सहमति नहीं दी। कल्पना कीजिए कि ज्योति बसु तीन में से किसी एक अवसर पर प्रधानमंत्री बनते तो उसका लाभ अंततोगत्वा वामदलों को ही मिलता पर आपसी मतभेदों के चलते सही विकल्प नहीं चुनने का परिणाम आज सामने है। गत 2019 के लोकसभा चुनाव की ही बात की जाए तो वामदलों को लोकसभा के लिए छह सीटें मिली। इसमें भी एक समय कम्यूनिस्टों के गढ़ रहे प. बंगाल और त्रिपुरा में तो वामदलों का खाता भी नहीं खुल सका। तमिलनाडू में गठबंधन के सहारे माकपा और भाकपा को दो-दो सीटे मिल गई। वहीं, केरल में माकपा और आरएसपी एक-एक सीटें जीतने में सफल हो सकी। जैसे-तैसे केवल माकपा राष्ट्रीय दल के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रही है। यह भी कोई ज्यादा पुरानी बात नहीं है कि लोकसभा के इससे पहले के तीन चुनावों के पहले 2004 के चुनाव में वामदलों के पास 59 सीटें थी। कांग्रेस-भाजपा के बाद लोकसभा की तीसरी बड़ी ताकत वामदल थे। कांग्रेस के साथ गठबंधन कर वामदल सरकार में भी शामिल हुए। लोकसभा स्पीकर का पद भी वामदलों के पास ही गया। देखा जाए तो न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सरकार भी ठीक ही चली पर परमाणु समझौते के चलते बाद में वामदल सरकार से बाहर हो गए। ममता के चलते प. बंगाल में वामदल लगभग अप्रासंगिक होता जा रहा है और प. बंगाल में वामदल के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी उभर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वायनाड से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना भी वामदल को हानि पहुंचाने वाला ही रहा है। एक समय था जब ज्योति बसु को केन्द्र की राजनीति में लाने के प्रयास हुए पर आपसी मतभेदों के चलते वामदलों ने इसे सिरे से चढ़ने ही नहीं दिया। वामदलों के अस्तित्व के संकट को यों भी समझा जा सकता है कि किसी समय विपक्षी दलों में वामदलों की तूती बोलती थी आज कोई बड़ा नाम सामने नहीं आ पा रहा है। प्रकाश करात या सीताराम येचुरी आदि के नाम यदाकदा ही सामने आ पाते हैं। एक समय था जब सोम दा, इन्द्रजीत गुप्त, एबी वर्द्धन, ज्योति बसु और उससे पहले की भारतीय राजनीति पर दृष्टिगोचर किया जाए तो पी. सुन्दरैया, सी. राजेश्वर राव, ईएमएस नंबुदरीपाद, एके गोपालन, बीटी रणदीव जैसे अनेक नाम थे जिनका भारतीय राजनीति में अपनी पहचान रही। वामदलों के लिए चुनावों में सूखा 2009 से लगातार बढ़ता गया है। 2004 में जहां 59 सीटें थी जो 2009 में कम होकर 24 रह गई, 2014 के चुनाव में उसकी भी आधी यानी 12 और 2019 के चुनावों में उसकी आधी यानी कि 6 रह गई। अब 2024 के लोकसभा के चुनाव में वामदलों के सामने पहचान बनाये रखने का संकट आ गया है। प. बंगाल, त्रिपुरा से कोई खास लगता नहीं है, केरल में भी हालात ज्यादा नहीं बदले हैं। दरअसल वामदलों के हाशिये में जाने के अन्य कारणों के साथ ममता का प. बंगाल में पकड़ बनाये रखना है तो बीजेपी वहां अपनी पैठ लगातार बढ़ाने के प्रयास कर रही है।

# भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को 13 मई को भूल न जाना, वोट डालने आने को

**डीएम की ओर से घर-घर पहुंचेगा आमंत्रण-पत्र**

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी




सोमवार को जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे मतदाता जागरूकता अभियान परवान चढ़ने लगा है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 28द्बखीरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र और 29द्बधौरहरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13 मई को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल के तहत घर-घर मतदाता आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा।
इसी कड़ी में सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने इलेक्शन आईकॉन शिक्षक एसपी सिंह को बड़ी संख्या में मतदान दिवस पर मतदाताओ को आमंत्रित किए जाने वाले आमंत्रण पत्र सौपे। इस दौरान डीएम को एसपी सिंह द्वारा तैयार मतदाता जागरूकता पोस्टर की न केवल लाइन लांचिंग की बल्कि इसे अपने दफ्तर की दीवारों पर स्थान दिया। डीएम से प्राप्त आमंत्रण पत्र को एसपी सिंह ने मतदाताओ को प्रदान कर उनसे मताधिकार का प्रयोग किए जाने की अपील की।
डीएम ने जनपद वासियों से लोकतंत्र के महापर्व 13 मई को अपने अपने बूथों पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस पर्व पर जनपद वासियों व विशेषकर युवा मतदाताओं का बढ़-चढ़कर अपनी मताधिकार का प्रयोग करें। बताते चलें कि जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में स्वीप जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

**मतदान निमंत्रण पाकर बोले मतदाता**

मतदान निमंत्रण पत्र वितरण के दौरान कई मतदाताओं ने बताया कि यह निमंत्रण उन्हें विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म के जरिए भी मिल चुका है। कई मतदाता ने कहा, उन्हें उम्मीद नहीं थी कि मतदान के लिए डीएम उन्हें स्वयं निमंत्रण पत्र भेजेंगे।

**ग्रामीण क्षेत्रों में कोटेदार बाटेंगे निमंत्रण**

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह से अबतक निमंत्रण पत्र वितरण की प्रगति जानी। उन्होंने कोटेदारों के जरिए गांव के गली-मोहल्लों में एक-एक घर तक निमंत्रण कार्ड भिजवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निमंत्रण वितरण का पर्यवेक्षण क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षकों से कराने को कहा।

**इस रणनीति से घर-घर पहुंचेगा आमंत्रण पत्र**

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के माध्यम से आमंत्रण पत्र उनके घरों को भिजवाएं जा रहे है। जबकि शासकीय चिकिन्सालयों में आने वाले मरीज़ों को ओपीडी के पर्चे के साथ आमंत्रण पत्र का वितरण भी किया जायेगा। इसी प्रकार नगर निकायों द्वारा सेवित क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले घरों में तथा बैंकों द्वारा अपने काउण्टर्स के माध्यम से मतदाता आमंत्रण पत्र का वितरण किया जायेगा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को किया जाए सस्पेंड

**आय से अधिक की हो संपत्ति की जांच**

**अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजा ज्ञापन**

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी



भ्रष्टाचार संघर्ष समिति छोटी काशी के पदाधिकारियों और अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने सीएचसी अधीक्षक डा गणेश मारपीट मामले में प्रदर्शन कर सस्पेंड करने और संपत्ति जांच करने की मांग की। चार मई शनिवार को तहसील परिसर में सीएचसी अधीक्षक डा गणेश कुमार बीसीपीएम योगेश पाल, अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव सहित कई लोगों में मारपीट हुई थी। जिसको लेकरसीएचसी अधीक्षक डा गणेश ने अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव, मनुज बाजपेई और दो अज्ञात साथियों के विरुद्ध मारपीट और सरकारी दस्तावेज फाड़ने और बाधा डालने में मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार को भ्रष्टाचार संघर्ष समिति छोटी काशी के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने अपने साथियों के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी को संशोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा को सौंपकर सस्पेंड करने और संपत्ति जांच कराने की मांग की। उन्होंने भेजे गए ज्ञापन में कहा हैं कि डा गणेश कुमार 12 सालों से गोला सीएचसी में एक ही पद पर तैनात हैं।मरीज और उनके तीमदारों से दुर्व्यवहार करने, दवा के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग भी की है।

## तालाब में डूबकर आठ साल के बच्चे की मौत



जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

थाना क्षेत्र के गांव मझगवां में तालाब किनारे शौच करते समय पैर फिसलने से आठ साल का बच्चा तालाब में गिर गया, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। इससे उसके परिवार में चखी पुकार मच गई। परिवार वालों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी है। गांव सेमरावा के मजरा मझगवां निवासी बचान का पुत्र रोहित (8) घर से तालाब की तरफ शौच करने गया था। बताते हैं कि शौच करते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे तालाब में जाकर डूब गया। उसे डूबते देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोग जब तक उसको बाहर निकालते। इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। मृतक की मां का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा मे यूपी टॉपर छात्रा को डा.कौशल वर्मा ने किया सम्मानित



जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी

माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा की हाईस्कूल यूपी टॉपर प्राची निगम और उनके परिवारजनों से मिलकर बधाई व शुभकामनाएं दी। प्राची निगम को मिठाई खिलाकर, कुछ सम्मान राशि देकर सम्मानित किया। उसके पिता को गीता भेट की। भविष्य में सफल होने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राची निगम को टॉप करने के बाद में लोगों ने सोशल मीडिया पर उसके चेहरे के अपीयरेंस को लेकर काफी ट्रोल किया था।
जिस वजह से उसने बोला था कि इससे अच्छा दो नम्बर कम आते और मैं टॉप ना करती तो अच्छा होता। डॉक्टर ने कहा कि ऐसा देखकर परिवार से मिलने का मन किया। रविवार को महमूदाबाद (सीतापुर) प्राची निगम के घर जाकर प्रेरित किया। छात्रा के इलाज में पूरा सहयोग करने को कहा। डा वर्मा ने प्राची निगम और उसके पैरेंट्स से कहा किसी की नेगेटिव सोच से हतोत्साहित नहीं होना है। शिक्षा जीवन के लिए तैयारी ही नहीं है, बल्कि शिक्षा ही जीवन है।प्राची बहुत ही होनहार और स्पष्टवादी लडकी है। जो कि भविष्य में इंजीनियर बनना चाहती है। पैरेंट्स भी सामाजिक हैं। जगतपाल वर्मा, पारस नाथ वर्मा, सुमित वर्मा आदि मौजूद रहे।

## इंटरव्यू देकर लौट रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत

जन एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर

शाहजहांपुर में एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वह हरदोई की एक निजी कंपनी में इंटरव्यू देकर घर लौट रहा था। क्रॉसिंग पर ट्रेन की रफ्तार धीमी होने पर उतरते समय वह हादसे का शिकार हो गया। हरदोई की निजी कंपनी में इंटरव्यू देकर लौटते समय शाहजहांपुर के मोहल्ला बाबूजई की शिवाजीपुरम् कॉलोनी निवासी युवक अनूप कुमार (28) की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। उसके बैग से मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान हो सकी है। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। चौक कोतवाली क्षेत्र के शिवाजीपुरम् कॉलोनी निवासी लक्ष्मण प्रसाद के पुत्र अनूप कुमार ने एमए तक पढ़ाई करने के साथ टैक्सटाइल का डिप्लोमा किया था। शनिवार को हरदोई की निजी कंपनी में इंटरव्यू देने के लिए गया था। इसके बाद वह वहीं अपनी बहन के घर रुक गया। रविवार रात वह घर लौट रहा था। गोविंदगंज रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। मेमो आने के बाद सदर बाजार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। शव के पास पड़े बैग की तलाशी लेने पर आधार कार्ड से उसकी पहचान हो सकी।

# चोरी की घटना का सफल खुलासा




**02 नफर अभियुक्तो को चोरी के 03 ई-रिक्शा, 10 अदद ई-रिक्शा बैट्री, अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया**

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सोमवार को थाना खीरी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 02 नफर अभियुक्तों 1.शकील पुत्र शौकत अली नि0मो0 अवधीटोला कस्बा व थाना खीरी जनपद खीरी 2.अमन अंसारी पुत्र करामत अली निवासी मोहल्ला हिदायतनगर थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को चोरी किए गये 03 अदद ई-रिक्शा व 10 अदद बैट्री तथा 01 अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ बेहजम तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे**

उप निरीक्षक लल्ला गोस्वामी
उप निरीक्षक लाल बहादुर मिश्र
हेड कांस्टेबल मनीष यादव
कांस्टेबल अंकित सिंह
कांस्टेबल शिवा
कांस्टेबल मनदीप सिंह

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1.शकील पुत्र शौकत अली निवासी मोहल्ला अवधीटोला कस्बा व थाना खीरी जिला खीरी
2.अमन अंसारी पुत्र करामत अली निवासी मोहल्ला हिदायतनगर थाना कोतवाली सदर जिला खीरी
सोमवार को मुखबिर की सूचना पर दो नफर अभियुक्तों को बेहजम तिराहा से 01 अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस व चोरी के बैट्री के साथ गिरफ्तार किया गया। अभि0गण की निशांदेही पर चोरी के 03 अदद ई-रिक्शा व 10 अदद ई-रिक्शा बैट्री के साथ बरामद किया गया। अभियुक्तगण से कड़ाई से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि दोनों अभियुक्तगण मिलकर ई-रिक्शा चोरी करते हैं तथा उसकी बैट्री व पाटर्स अलग अलग निकालकर बेच देते हैं। अभीयुक्तो का अपराधिक रिकॉर्ड है।

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार छात्र को कुचला, मौके पर दर्दनाक मौत



जन एक्सप्रेस | हरदोई

**पाली।** गंगा एक्सप्रेसवे पर मिट्टी ढुलाई कार्य में लगे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक से जा रहे पिता पुत्र को टक्कर टक्कर मार दी।इस हादसे में डंपर की चपेट में आने से छात्र की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार दिव्यांश उर्फ छोटू पुत्र राम लखन निवासी कहरई नकटौरा अपने पिता के साथ बाइक से सोमवार की सुबह जा रहा था तिमिरपुर गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से दिव्यांश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।हादसे की खबर पाकर परिजनों सहित तमाम ग्रामीण मौके पर इकट्ठे हो गये।अफरा-तफरी के बीच चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया सूचना पर पहुंचे पाली थाना प्रभारी द्वारा डंपर को कब्जे में लेकर मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज गया ।परिजनों ने बताया कि दिव्यांशु सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पाली में कक्षा 11 का छात्र था व चार भाई बहनों में सबसे छोटा था। बताते चले कि आए दिन हो रहे डंपरों से सड़क हादसे की मुख्य वजह ओवरलोडिंग एवं तेज रफ्तार है।
जिसमें प्रशासन कार्रवाई की औपचारिकता पूर्ण कर अपने कर्तव्यों से इतश्री कर लेता है। जबकि ऐसे सड़क हादसों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए जिससे भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सके।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डीएम की अध्यक्षता में हुई एमसीएमसी की बैठक

जन एक्सप्रेस | हरदोई। जिला निर्वाचन कार्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति की बैठक हुई। समिति की बैठक में प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मीडिया प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदनों को ससमय समिति के समक्ष रखा जाये। पेड न्यूज के मामलों पर कड़ी नजर रखी जाये। इलेक्ट्रोनिक व प्रिंट मीडिया में प्रसारित/प्रकाशित राजनीतिक विज्ञापनों की नियमित निगरानी की जाये। डीएवीपी दरों के आधार पर व्यय का आंकलन कर दैनिक रिपोर्ट कोषागार को प्रेषित की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### शत-प्रतिशत मतदान हेतु किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस | हरदोई। विकास खण्ड बावन के ग्राम पंचायत तन्योरा के प्राथमिक पाठशाला प्रा0पा0 तन्योरा के बूथ संख्या 91, 92 का निरीक्षण किया गया, तथा मतदान जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया गया, व मतदाता शपथ दिलायी गयी, तथा ग्राम में कलेण्डर का भी वितरण किया गया। चुनाव पाठशाला में उपस्थित मतदाताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाये विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गयी, तथा उपस्थित मतदाताओं द्वारा प्रातः सपरिवार वोट डाले जाने का आश्वासन दिया गया, ग्रामवासी/मतदाताओं द्वारा अवगत कराया गया कि वह शत-प्रतिशत वोट हेतु जागरूक कर रहें है। कन्या जू0हा0 तन्योरा के बूथ संख्या 92, 93, 94, का निरीक्षण किया गया तथा ग्रामों में घर-घर कलेण्डर का वितरण करते हुए सपरिवार मतदान करने हेतु अनुरोध किया गया। उक्त के अतिरिक्त रोस्टर के अनुसार सधई बेहटा के बूथ संख्या 327, 328, 329, फूल बेहटा के बूथ संख्या 347, 348, मूसेपुर के बूथ संख्या 59, प्रा0पा0 भीखपुर, में मतदाता शपथ दिलायी गयी, तथा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 राम प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी बावन, श्री मिथिलेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकीय, के साथ ग्राम वासी उपस्थित थे।

### निकाह के चौथे दिन विवाहिता को घर से निकाला, पति समेत आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी। पसगवां में दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने नवविवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। विवाहिता के हाथों से मेंहदी का रंग भी नहीं छूटा था कि दहेज लोभियों ने तलाक की धमकी देते हुए शादी के चौथे दिन ही घर से निकाल दिया। पीड़िता की तरफ से पति समेत आठ ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। गांव पसगवां निवासी घुन्ने की पुत्री चांदबानो ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसका निकाह एक मई 2024 को हरदोई जिले के थाना मझिला के ग्राम पलिया कोट निवासी सद्दाम के साथ हुआ।उसकी परिवार ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले निकाह में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। दहेज में बाइक और दो लाख रुपए की मांग करने लगे।मांग न पूरी न होने पर पति और ससुराल वाले उसका उन्पीड़न करने लगे। चार मई को ससुराल वालों ने पीटकर जान से मारने और तीन तलाक की धमकी देकर घर से निकाल दिया। चांदबानो ने पति सद्दाम, ससुर इकरार, सास आशिया बानों समेत आठ लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।




## महिलाएं घर परिवार में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें: डीएम

जन एक्सप्रेस | हरदोई

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज रसखान प्रेक्षागृह में बुद्धिजीवी महिलाओं के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि 13 मई दिन सोमवार को मतदान करने अवश्य जाएं। महिलाएं घर परिवार में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बाद जेन्डर रेशियो में भारी सुधार आया है। अब महिलाओं की बारी है कि वे अपने लोकतान्त्रिक दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में प्रत्येक विधानसभा में महिलाओं को समर्पित दो बूथ बनाये गए हैं। प्रत्येक बूथ पर सेल्फी प्वाईंट स्थापित किया गया है। सभी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित नारी शक्ति को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि अधिक से अधिक मतदान कर इस चुनाव में कम मतदान के इतिहास को बदलने का कार्य करें। स्वयं मतदान करें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि मातृ शक्ति यदि ठान ले तो जनपद फिसड्डी मतदान वाले जनपद से शीर्ष मतदान वाले जनपदों में जरूर शामिल होगा। स्वीप आइकन पूर्व खिलाड़ी पूनम तिवारी ने कहा कि सभी महिलाओ को लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान देना चाहिए। बुद्धिजीवी महिलाओ की ओर से रैली निकालकर भी मतदाता जागरूकता का सन्देश दिया।

# विकसित भारत का निर्माण करना है: योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस कर रही तुष्टिकरण की राजनीति**

जन एक्सप्रेस | हरदोई



**शाहाबाद।** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में कस्बे के अंबेडकर मैदान में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपस्थित जन समूह को संबोधित किया।
कस्बे के अंबेडकर मैदान में भाजपा प्रत्याशी जय प्रकाश रावत के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने कहा राम का विरोध करने वाले की दुर्गति होना निश्चित है। आज पूरे देश में राम को लाने वाले दल की देश में सरकार बनाने का जनता ने मन बना लिया है। हमारा युवा बदले हुए भारत को देखेगा। भाजपा की सरकार बनने के बाद देश में आतंकवाद, नक्सलवाद को नेस्तनाबूत कर दिया गया है। कांग्रेस ने अपने एक प्रवक्ता पर रामलला के दर्शन करने के कारण कार्यवाही कर अपनी ओछी नियत का परिचय दिया है।देश आज विकास की गति पर चल रहा है चाहे रेलवे हो ब्रिज हो कारखाने हों मेडिकल हो हर क्षेत्र में आगे भारत आगे बढ़ रहा है।गंगा एक्सप्रेस वे हरदोई से होकर गुजर रहा है। जिस भारत का निर्माण देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। उसमे रोजगार भी है विकास भी है सम्मान भी है।देश में 80 करोड़ लोग मुफ्त राशन का लाभ ले रहे हैं। 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त इलाज का लाभ दिया जा रहा है। 12 करोड़ लोगों को शौचालय दिए गए हैं।10 करोड़ महिलाओं को उज्जवला का लाभ मिल चुका है। 4 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल चुका है।पूरे देश में जो भी पात्र छूट गए हैं सरकार बनते ही उन्हें लाभ दिया जाएगा। भाजपा सबका सतह सबका विकास के एजेंडे पर काम करने वाली पार्टी है।बिना भेदभाव सभी को विकास का लाभ मिल रहा है।मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा सम्मान समृद्धि विरासत विश्वास सभी है। राम मंदिर का वादा पूरा किया है।विपक्ष पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कांग्रेस तुष्टिकरण और भेदभाव करने वाली सरकार रही है कांग्रेस ने किसी गरीब को राशन नहीं दिया।इसी तरह सपा भी भेदभाव की राजनीति करती है।आपकी आस्था का सम्मान भाजपा ने रखा है।हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी मंदिरों को धन आवंटित किया है।पिछली सपा सरकार में कब्रिस्तान को पैसा दिया जाता था शमशान को नहीं दिया गया।आने वाला नौजवान किसी के आगे हाथ न फैलाए इसलिए मोदी जी विकसित भारत का निर्माण चाहते हैं। जनसभा को पूर्व राज्य सभा सांसद नरेश अग्रवाल, डा अशोक बाजपेई, प्रीतेश दीक्षित, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, क्षेत्रीय विधायक और प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, सवायजपुर विधायक मानवेंद्र सिंह रानू, गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। जनसभा के संयोजक प्रीतेश दीक्षित और जनसभा की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने की।

# शकुंतला देवी इंटर कॉलेज के मेधावियों की मेधा का बढ़ाया मान

जन एक्सप्रेस | हरदोई

शकुंतला देवी इंटर कॉलेज, सवायजपुर में सोमवार को अपने मेधावियों की मेधा का सम्मान कर मान बढ़ाया। यूपी बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को प्रबंधक राजवर्धन सिंह राजू ने पुरस्कृत कर हौसला आफजाई की। शकुन्तला देवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजवर्धन सिंह एवं प्रधानाचार्य प्रदीप शुक्ला ने मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रबंधक राजवर्धन सिंह राजू ने कहा कि मेधावियों को आगे बढ़ने और उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए कॉलेज प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद दी जाएगी। गौरतलब हो कि सवायजपुर के शकुंतला देवी इंटर कॉलेज में प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा की वरीयता सूची में शामिल होते रहे हैं।
शैक्षिक सत्र 2023-24 में भी शकुंतला देवी इंटर कॉलेज के कई छात्र-छात्राओं ने जनपद की प्रवीणता सूची में अपना नाम दर्ज कराया। ऐसे मेधावियों को कॉलेज प्रबंधन ने सोमवार को सम्मानित कर उनकी हौसला आफजाई की। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रदीप शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम स्थान शशि पुत्री रैबार, द्वितीय स्थान ध्रुव मिश्रा पुत्र राजीव कुमार एवं तृतीय स्थान सोहिता पुत्री विमल कुमार को हासिल हुआ है। वहीं, हाईस्कूल की परीक्षा में प्रथम स्थान विवेक पुत्र रामकिशोर, द्वितीय स्थान भानु प्रताप पुत्र सत्य कुमार एवं तृतीय स्थान आशीष कुमार पुत्र अरविंद ने हासिल किया है। प्रबंधक राजवर्धन सिंह राजू ने कहा कि कॉलेज में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले सभी मेधावियों को आगे बढ़ने और पढ़ने के लिए हरसंभव सहायता की जाएगी। आर्थिक विपन्नता और संसाधनों की कमी कभी भी हमारे कॉलेज के मेधावियों की राह में बाधक नहीं बन पाएगी। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रदीप शुक्ला, अध्यापक आनंद शुक्ला, नैंसी सिंह, शशि सिंह, सचिन सिंह, शोभित, पूजा, सोनी आदि मौजूद रहे।

## रिश्तेदारी में आए तीन युवकों की घाघरा नदी मे डूबकर मौत

जन एक्सप्रेस | बहराइच

बहराइच जिले के जरवलरोड थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में लखनऊ से आए पांच लोग सोमवार को घाघरा नदी में नहाते समय डूब गए। इनमें से तीन लोगों की डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस में स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को पानी से बाहर निकलवाया उसके बाद तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस की माने तो क्षेत्र के ग्राम तप्पेसिपाह के पूर्व बीडीसी रामतेज निषाद के यहां बीते माह 25 अप्रैल को उनके लड़के धर्मेंद्र निषाद की शादी लखनऊ से हुई थी। शादी के बाद लखनऊ से लड़की का भाई श्रवण निषाद अन्य चार युवकों के साथ अपनी बहन की विदाई करवाने तप्पेसीपाह आए थे। पांचों युवक नहाने के लिए घाघरा नदी पहुंच गए। नदी में नहाते समय एक युवक डूबने लगा जिसे अन्य चारों युवक बचाने लगे। पानी गहरा होने के कारण दो और युवक डूब गए और दो किसी तरह जान बचा पाए। नदी में डूबने से तीन की मौत हो गई। मृतकों में अचिन निषाद (17) पुत्र सुशील निषाद थाना बक्शी का तालाब छठी मिल लखनऊ, सचिन निषाद (18) पुत्र हनुमान निषाद खदरा लखनऊ, सरवन निषाद (20) पुत्र लखन निषाद रेजीडेंसी थाना ठाकुरगंज लखनऊ शामिल है। थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद ने बताया कि तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## मतदान से पहले 42 बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस | बरेली

बरेली में लोकसभा चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसको लेकर पुलिस ने 10 अपराधिक मामलों में 42 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने 4001 गैर जमानती वारंट तामील कराकर 1477 लोगों को गिरफ्तार किया है। अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की निगरानी की जा रही है। शांतिपूर्ण चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अभियान चलाकर जिले भर में 85,149 खुराफातियों को पाबंद किया है। इनके खिलाफ धारा 107/116 और धारा 151 की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा अपराधिक प्रवृत्ति के 71 लोगों पर गुंडा एक्ट और 2,094 लोगों के खिलाफ धारा 110 की कार्रवाई भी की गई है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन कक्ष व नामांकन की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण, जाना हाल दिए आवश्यक निर्देश

**मंगलवार से होने वाले नामांकन के दृष्टिगत डीएम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



कुशीनगर जनपद में मंगलवार से शुरू होने वाली लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के नामांकन प्रक्रिया के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट से मुख्य मार्ग रविंद्र नगर चौक तक जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के साथ , बैरिकेटिंग, शांति सुरक्षा के दृष्टिगत किए गए कड़े इंतजाम का स्थलीय निरीक्षण किया।

साथ में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक रीतेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

बैरिकेटिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 100 मीटर में लगने वाली समस्त बैरिकेडिंग, वाहन पार्किंग से जुड़ी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। नामांकन कक्ष का भी निरीक्षण किया तथा सीसीटीवी, कैमरा ,घड़ी तथा अन्य व्यवस्थाओं से संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा की नामांकन के दृष्टिगत तैयारियों में कोई कमी न रहे, इसका सभी लोग विशेष ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया की मुख्य मार्ग से लेकर कलेक्ट्रेट गेट तक लगाए गए ड्यूटी में सीओ और थानाध्यक्ष पूरी तत्परता से ड्यूटी करें। सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अनील कुमार यादव, जिला पंचायती राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, प्रशासनिक अधिकारी राजेश श्रीवास्तव तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में नगर में निकली गई मतदाता जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



जिले कसया तहसील में सोमवार को ज्वाईंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी अंकिता जैन के नेतृत्व में विशाल मतदाता जागरूकता अभियान विधानसभा कुशीनगर 333 में रैली निकाली गई। अगामी 1जून को कुशीनगर में होने वाले मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए यह अभियान बड़े पैमाने पर चलाया गया।

नगर पालिका परिषद कुशीनगर व तहसील कसया के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता संदेश एनसीसी कैडेटों व विघालयों के छात्र छात्राओं के साथ नगर भ्रमण कर जन जन को मतदान करने के लिए रैली के माध्यम से जागरूक किया गया। रैली में तहसीलदार कसया,नायब तहसीलदार एकता त्रिपाठी,राजस्व निरीक्षक बृजेश मणि त्रिपाठी, नंदलाल पाठक, नीलेश रंजन,कन्हैया लाल यादव,श्रवण तिवारी , सत्येन्द्र कुमार सहित नगरपालिका कुशीनगर व तहसील कसया के समस्त कर्मचारी अधिकार मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एम्बुलेंस में भी ओआरएस का इंतजाम

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** एम्बुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर श्याम सुन्दर कनौजिया ने बताया कि जिले में 108 नंबर की 35 और 102 नंबर की 38 एम्बुलेंस वर्तमान में क्रियाशील हैं ।प्रचंड गर्मी और हीट वेब को देखते हुए इन सभी एम्बुलेंस में ओआरएस के इंतजाम किये गये हैं। बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर एम्बुलेंस को कॉल करें। यह नजदीकी सरकारी अस्पताल पर पहुंचाएगी।

### श्यामलाल पाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने से मजबुत होगा पीडीए- प्रज्ञानन्द चौधरी

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** समाजवादी पार्टी के जिलाउपाध्यक्ष प्रज्ञानन्द चौधरी ने श्यामलाल पाल को समाजवादी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देते हुए कहा की श्री पाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने से अखिलेश यादव के पीडीए के नारे को और अधिक मजबुती मिलेगी। श्री पाल के मनोनयन से दलीय संगठन और अधिक ताकतवर होगा और पुरे प्रदेश का पिछडा समाज लामबंद भाजपा की तानाशाही व बेलगाम सरकार को जड से उखाड फेंकने का काम करेगा। श्री चौधरी ने कहा की नवन्युक्त प्रदेश अध्यक्ष लंबे समय से संगठन के विभिन्न पदों पर रहकर दल की सेवा किये हैं, भविष्य मे प्रदेश अध्यक्ष के रुप मे वह युवाओं, बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं व व्यापारियों की लड़ाई को और धारदार तरिके से लडकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करेंगे।

### भाजपा प्रत्याशी रविन्द्र कुशवाहा कल करेंगे नामांकन

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी।** सलेमपुर संसदीय सीट पर सातवे चरण का चुनाव होना है। भाजपा प्रन्याशी रविन्दर कुशवाहा 8 मई दिन बुधवार को अपना पर्चा दाखिल बलिया में करेंगे। उक्त सूचना देते हुए लोकसभा मीडिया प्रभारी अजय दूबे वन्स ने बताया कि भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ओर से ऐतिहासिक नामांकन कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। भाजपा सांसद प्रन्याशी रविन्दर कुशवाहा का नामांकन ऐतिहासिक होने वाला है। नामांकन के दिन से ही हमारी एतिहासिक जीत सुनिश्चित हो इसके लिए बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### अशोक चौबे हत्याकांड में दो और गिरफ्तार, अब तक हुईं एक दर्जन गिरफ्तारी

**जन एक्सप्रेस/बरहज।** मंदिर के पुजारी अशोक चौबे को 30 अप्रैल की रात को पुरानी रंजीश को लेकर गांव के कुछ लोगों ने गोलबंद होकर लाठी,डंडे से मारपीट कर मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में पुलिस ने उनके बेटे संजय चौबे की तहरीर पर 10 नामजद व दो-तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया ।पुलिस ने एक मई को तेनुआ चौबे निवासी अभियुक्त किशन कुमार,.मुकेश पासवान, मोनू पासवान, मीरा पासवान, मुकेश पासवान, श्रीराम पासवान,पन्नेलाल पासवान, सोनू पासवान, रुदल भारती तन्था मनीष प्रसाद को गिरफ्तार किया। सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। इस हन्याकांड में तेनुआ चौबे निवासी होसिला व सूरज को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में अब-तक एक दर्ज लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### दिव्यांगजन एवं बीमार मतदान कार्मिकों के लिए गठित किया गया मेडिकल बोर्ड

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** सीडीओ प्रन्यूष पांडेय ने बताया कि विकास भवन स्थित गांधी सभागार में 07 मई से 11 मई तक *अपराह्न 12 से 5 बजे* तक मेडिकल बोर्ड उपलब्ध रहेगा। दिव्यांग अथवा गंभीर रूप से बीमार मतदान कार्मिक अपने समस्त मेडिकल साक्ष्यों सहित मेडिकल बोर्ड के सामने उपस्थित हो सकते हैं। मेडिकल बोर्ड की संस्तुति के उपरांत ही निर्वाचन संबन्धी ड्यूटी से नाम हटाने पर विचार किया जाएगा।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर नौतनवा थानांतर्गत पैसिया बाबू पोखरा के पास रविवार शाम 6ः30 बजे फरेंदा की ओर जा रहे बाइक सवार माधव चौहान (24) ट्रक के चपेट में आ गए। गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस से लक्ष्मीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि नेपाल के रूपनदेही जिला अंतर्गत कोटही माई गांउ पालिका वार्ड नंबर 3 नौडिहवा के माधव चौहान बाइक से फरेंदा के निकट पोखरभिंडा गांव अपने ससुराल जा रहे थे। पैसिया बाबू पोखरे के पास ट्रक के चपेट में आ गए। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। संपतिहा चौकी इंचार्ज भागवत चौधरी के अनुसार, मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है।

### युवक ने नशे में फंदे से लटककर दी जान

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** थाना क्षेत्र के बंदी गांव में रविवार को एक युवक नशे में घर के अंदर फंदे से लटक गया। ग्रामीणों की मदद से परिजन युवक को फंदे से नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक बंदी गांव निवासी रामचंद्र के चार लड़के विजय, अनिल, सुनील और दीपक हैं। चारों लड़के अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहते हैं। सुनील (35) नशे का आदि था। वह गांव में दिहाड़ी मजदूरी करने के साथ ही हर वक्त नशे में रहता था। सुनील की पन्नी पुष्पा देवी रविवार दोपहर में बकरी चराने के लिए गई थी। इसी बीच सुनील कहीं से नशा करके घर आ पहुंचा। उसके बाद घर में सुनसान देख टिनशेड के मकान में फंदे से लटक गया। बकरी लेकर वापस घर पहुंची पन्नी ने घर के अंदर का मंजर देख चीखने चिल्लाने लगी। उसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सुनील की मौत के बाद से पन्नी पुष्पा और बुजुर्ग पिता रामचंद्र तथा मां सुहरी देवी के साथ ही दो छोटे बच्चों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सन्यप्रकाश सिंह ने कहा की घटना की जानकारी मिली है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### शास्त्री नगर में महिला को बंधक बनाकर लूट, घर में अकेली रहती थी- लूटा और घायल भी कर दिया

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज** के शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले में सोमवार को घर में घुसकर बंधकर बनाकर दिनदहाड़े लूट की घटना का अंजाम किया गया। बाइक पर सवार होकर दो लूटेरे आए और रकम समेत जेवर लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, शास्त्री नगर में महिला संगीता मिश्रा घर में अकेली थी। उनके पति राजेश मिश्रा दुकान पर सुबह 8 बजे चले गए। उसी समय दो लोग घर में घुसे और महिला को पकड़ के गमछे से मुंह बांध दिया और महिला से कहा कि जितना भी पैसा जेवर है सब हमको दे दो महिला को डरा धमका कर घायल कर दिया और छह लाख का जेवर और 15 हजार रुपया नकद लेकर फरार हो गए।

# प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की थाली से फल, दूध गायब

**नौनिहालों का मिड डे मील डकार रहे जिम्मेदार**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर




बच्चों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए भले ही राइ्य सरकार द्वारा मिड डे मील में प्रत्येक सोमवार को फल वह बुधवार को दूध बांटना अनिवार्य किया है लेकिन इ्यादातर प्राथमिक विद्यालयों में दूध व फल नहीं परोसा जा रहा हैं । बताते चलें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद में विगत कई महीनो से बच्चों को मिड डे मील में दूध व फल नहीं दिया जा रहा है । सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालयों के साथ-साथ माध्यमिक विद्यालयों व मदरसों आदि के कक्षा आठवीं तक के विद्यालयों में बच्चों को मिड डे मील देने की व्यवस्था है। बता दें कि शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि सीएम के गृह जनपद में भी प्राथमिक विद्यालय के नौनिहालों के थाली में दूध और फल गायब नजर है। जनपद के गोला विकास खण्ड क्षेत्रांतर्गत मठिया प्राथमिक विद्यालय में कई महीने से बच्चों को मिड डे मील में फल व दूध नहीं मिल रहा है इसको लेकर अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त है। अभिभावकों का कहना है कि प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य से शिकायत करने पर कहा जाता है कि हम सरकारी खाते से फल व दूध का पैसा नहीं निकालते है । प्रकरण के संबंध में पूछे जाने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सदानन्द राव का कहा कि आज हमें देर हो जाने के कारण बच्चों में फल वितरित नहीं किया जा सका।

### जांच कर दोषियों पर की जाएगी कार्रवाई- एबीएसए

प्रकरण के संबंध में पूछे जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी गोला उदय शंकर राय ने कहा कि मामले को संज्ञान में नहीं है जांच कर दोषियों पर दण्डात्मक कार्यवाई की जाएगी।

## सार्क गौरव से सम्मानित हुए डाक्टर सतीश शुक्ला

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी।** धरा धाम के संस्थापक अध्यक्ष सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय जी की अध्यक्षता में एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के सहयोग तथा लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.डा. सुबरना लाल बाजचर्या और नगर प्रमुख लुम्बिनी सजरुद्दीन खान, केन्द्रीय अधिकारी नवल किशोर यादव, डा.प्रेम प्रकाश, डा.नारायण यादव की उपस्थिति में सार्क समिट एवं गौरव पुरस्कार भगवान बुद्ध की भूमि नेपाल के लुम्बिनी में आयोजित किया गया जिसमें गोरखपुर से वरिष्ठ पत्रकार एवम भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ के गोरखपुर मण्डल अध्यक्ष डा सतीश चन्द्र शुक्ला द्वारा उनके द्वारा 36 वर्षो से किए जा रहे उन्कृष्ट ग्रामीण पत्रकारिता के लिए सार्क गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। इसमें भारत नेपाल सहित एशिया के सैंकड़ों विभूतियों ने भाग लिया। सर्व धर्म सौहार्द, विश्व शान्ति, एकता अखंडता, संप्रभुता, सद्भावना, भाईचारा, नैतिकता, ईमानदारी, मानवता के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान दे रहे चयनित महानुभावों को सार्क गौरव पुरस्कार से नवाजा गया।

## शिक्षा में प्रो.अजय और बिजय का योगदान अतुलनीय

जन एक्सप्रेस। बरहज

राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है ।युवा वर्ग में राष्ट्र प्रेम की भावना भरना और संस्कारवान तथा चरित्रवान बनाना आदर्श शिक्षक का महत्वपूर्ण कार्य है ।शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता बल्कि सेवा नियमावली के अनुसार सेवा से विरत होने के बाद समाज के प्रति उसका दायित्व और अधिक बढ़ जाता है ।इस दृष्टि से शिक्षा के क्षेत्र में पूर्व प्राचार्य, विश्वविद्यालय के कार्य परिषद , विद्या परिषद , संकाय परिषद और परीक्षा समिति के सदस्य प्रोफेसर अजय कुमार मिश्र और दर्शन शास्त्र के प्रो विजय प्रकाश पांडे का योगदान अतुलनीय है । स्थानीय बाबा राघवदास भगवानदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय आश्रम बारा बरहज देवरिया में सेवानिवृत्त हो रहे दोनों आचार्यों के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उक्त उद्गार डॉक्टर अरुण कुमार त्रिपाठी ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया ।विशिष्ट अतिथि प्रोफ़ेसर वी पी उपाध्याय और डॉ रवींद्र उपाध्याय ने कहा की अपनी अगाध विद्वत्ता और कुशल प्रशासनिक क्षमता के कारण प्रो अजय मिश्र छात्र छात्राओं शिक्षकों और कर्मचारियों मैं तो लोकप्रिय रहे ही पूरे परिक्षेत्र में भी इनकी लोकप्रियता व्यापक रही है ।अपनी सूझ-बूझ और तर्कशक्ति के द्वारा डॉक्टर पाण्डे ने विद्यार्थियों के जिज्ञासा को शांत किया है।महाविद्यालय परिवार को इन दोनों विद्वान आचार्यों की सेवा निवृति खलेगी।

अध्यक्षीय सम्बोधन में पूर्व प्रधानाचार्य गणेश मिस्त्र ने कहा अपने विराट व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बल पर अकादमिक जगत में प्रो मिश्रा ने जो ख्याति अर्जित की है वह विहले लोगों को नसीब होती है ।समाज के प्रति अब इनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाएगी ।सम्मान समारोह को डॉक्टर विनीत पांडे प्रोफ़ेसर दर्शाना श्रीवास्तव लेफ़्टिनेंटडॉ अमित चतुर्वेदी डॉक्टर अब्दुल हसीब डॉक्टर संजीव जायसवाल डॉक्टर अजय बहादुर डॉक्टर अनुज श्रीवास्तव डॉक्टर प्र्भु कुमार डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी डॉ अविकल शर्मा तथा फूफुकता प्रतिनिधि डॉक्टर वेद प्रकाश सिंह और कुमारी कंचन त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया।

## अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संगोष्ठी: दुनिया में बौद्ध शिक्षा का बढ़ रहा महत्व

जन एक्सप्रेस। महाराजगंज

लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय के बौद्ध अध्ययन संकाय की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संगोष्ठी शनिवार से लुंबिनी में शुरू हो गई है। लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय केंद्रीय कार्यालय के हॉल में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ ताइवान के भिक्षु मास्टर हुई गैंग ने किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में बौद्ध शिक्षा का महत्व बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर बुद्ध की शिक्षाओं का पालन करेंगे तो आप किसी भी कठिनाई से पार पा सकते हैं। प्राकृतिक असंतुलन को समाप्त करने के लिए बौद्ध शिक्षा को जीवन के लिए उपयोगी बनाने के लिए इसके प्रचार-प्रसार को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

थाईलैंड से लुंबिनी पहुंचे प्रोफेसर डॉ. भिक्षु सुगंध (अनिल शाक्य) ने कहा कि व्यक्ति के जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए बुद्ध की शिक्षाएं जरूरी हैं। उन्होंने विश्व में मित्रता, करुणा और शांति बनाए रखने के लिए बुद्ध की शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया। राष्ट्रीय योजना आयोग के सदस्य डॉ. रमेशचंद्र पौडेल ने कहा कि बौद्ध शिक्षा को व्यावहारिक तरीके से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेपाल की शैक्षणिक योजनाओं में बौद्ध शिक्षा को शामिल किया जाएगा।

श्रीलंका के डॉ. विश्व के सबसे सुखी व्यक्ति सचिन हंसिका फ्रांस के मैथ्यू रिकार्ड ने इस बात पर जोर दिया कि सुख, शांति और अहिंसा के लिए बुद्ध की शिक्षाओं और शिक्षाओं को जीवन में उतारना जरूरी है।

# बिहार में 13 लाख रुपये के जाली नोटों के साथ यूपी के दो तस्कर गिरफ्तार, चुनाव में खपाने की थी तैयारी

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



मोतिहारी पुलिस ने जिले के कोटवा के राजापुर मठिया के पास से बाइक सवार दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवकों के पास से 12.90 लाख रुपये के जाली नोट मिले हैं. वहीं इस मामले पुलिस उस शख्स की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है, जिसे ये नकली नोट पहुंचाने थे. लोकसभा चुनाव के दौरान नकली नोट पकड़े जाने से कई सवाल उठ रहे हैं. आशंका है कि ये नोट चुनाव के दौरान खपाए जाने थे.पुलिस को सूचना मिली थी कि दो तस्कर नकली नोटों की बड़ी खेप लेकर उत्तर प्रदेश से कोटवा आ रहे हैं. इसके बाद सादे लिबास में पुलिस ने एनएच 27 पर सतर्क फील्डिंग तैनात कर दी. इस दौरान राजापुर मठिया के पास एक बाइक पर सवार दो युवकों को दो बैग के साथ पकड़ा गया. बैग की तलाशी ली गई तो नकली नोट बरामद हुए. *उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं दोनों तस्कर* एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर कसया का मुकेश राजभर और संत कबीर जिले के बखिरा का जमील अख्तर शामिल हैं. पूछताछ में दोनों ने बताया कि कोटवा के एक व्यक्ति को नकली नोट पहुंचाना था. इससे पहले कि वह नकली नोट थमा पाता पुलिस ने उसे पकड़ लिया. उन्होंने कहा कि नकली नोट की डिलीवरी लेने वाले कोटवा के तस्कर की पहचान कर ली गयी है. उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. *500-500 रुपये के थे सभी नोट* एसपी ने बताया कि जब्त किये गये सभी नकली नोट 500-500 रुपये के हैं. दोनों तस्कर नकली नोट लेकर बाइक से उत्तर प्रदेश से मोतिहारी कोटवा पहुंचे थे. उसके अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की भी जांच की जा रही है. इस बात की जांच की जा रही है कि इनका पाकिस्तान या बांग्लादेश स्थित नकली नोट तस्करों से कोई संबंध है या नहीं.पुलिसकर्मी होंगे पुरस्कृत लोकसभा चुनाव से पहले कोटवा में नकली नोटों की डिलीवरी कई सवालों को जन्म दे रही है. चुनाव से पहले नकली नोट का पकड़ा जाना पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है. छापेमारी में सदर-2 डीएसपी जितेश कुमार पांडे, कोटवा थाना प्रभारी राजरूप राय, जिला खुफिया इकाई के अनुज पांडे, अमित कुमार, मनीष कुमार, कोटवा थाना की महिला इंस्पेक्टर दीप्ति कुमारी, सिपाही नित्यानंद दुबे, लव कुमार व अन्य शामिल थे. छापेमारी टीम में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारी व जवानों को पुरस्कृत किया जायेगा।

# मोदी जी से बैर नहीं कमलेश तुम्हारी खैर नहीं, हुआ सांसद का जमकर विरोध

जन एक्सप्रेस। बरहज



सोमवार को तहसील क्षेत्र भलुअनी के ग्राम सभा मरकडा में भाजपा सासंद कमलेश पासवान का ग्रामीणों ने समस्याओं को लेकर जमकर विरोध किया।15 साल का जनता मांग रही सांसद जी से हिसाब।बाँसगाँव लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कमलेश पासवान का बरहज विधानसभा मे हुआ जबर्दस्त विरोध 10 साल से जर्जर पड़े करुवना, मगहरा रोड पर भी लोगों ने हंगामा किया।मरकडा रोड पर करीब हजारों की संख्या मे महिलाओं व पुरुषों ने सांसद से हिसाब मांगा और नारे लगे मोदी जी से बैर नही कमलेश तुम्हारी खैर नही।इस बीच ग्रामीणों को कुछ लोगों ने समझाने की भी कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने और सांसद का विरोध करते रहे। लिहाजा सांसद को लौटना पड़ा। ग्रामीण सांसद से पन्द्रह साल के कार्यकाल का हिसाब मांग रहे थे। लोगों का कहना था कि मरकडा मार्ग बदहाल है, कमीशन के चक्कर में नहीं बन पा रहा है। बरहज का मोहन सेतु अधर में हैं। बरहज देवरिया मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है। बाढ़ की त्रासदी से बचने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। पूरा बरहज विधान सभा क्षेत्र समस्याओं की मकड़जाल में फंसा है। लेकिन जनप्रतिनिधियों से कोई मतलब नहीं है। वे अपने में ही मस्त और व्यस्त हैं। ग्रामीणों द्वारा विरोध का दर्जनों वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।मड़कडा गाँव की जनता ने सांसद से कहा कि रोड नहीं तो वोट नहीं। मड़कडा ग्राम सभा मे जा रहे सांसद कमलेश पासवान को गाँव के लोग ने गाव में घुसने नहीं दिया। इस प्रकार भाजपा सांसद प्रत्याशी कमलेश पासवान मड़कडा सड़क से ही वैरग वापस लौट गए।मड़कडा ग्रामसभा की जनता ने भाजपा सांसद का विरोध करते हुए कहा कि जब चुनाव आया है तो आप आये हैं, आज ये सड़क करूअना से लेकर मगहरा ,सलेमपुर तक जर्जर हालत में पड़ा हुआ है, लेकिन आपने कभी इसकी सुधि नही ली, अतः रोड नही तो वोट नहीं। ग्रामीणों ने मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान बरहज विधायक शाका मिश्रा के साथ अनेको कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# भगवत प्राप्ति की नहीं होती कोई उम्र : पुण्डरीक गोस्वामी

**राधा रमन सदा हमारे रहे,हम उन्हीं के रहें वो हमारे रहें**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



गीता वाटिका सत्संग समिति गोरखपुर द्वारा परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन कथा का शुभारंभ कथा व्यास पूज्य श्री पुण्डरीक गोस्वामी जी महाराज ने भाई जी राधा बाबा और रमदेई मैया की पुष्पांजलि के उपरांत श्री चैतन्य महाप्रभु के बाल लीला से किया। महाराज श्री ने कहा कि चैतन्य महाप्रभु जब छोटे थे तब उनकी माता जी ने उनके सामने तरह तरह की सामग्री रखी यह देखने के लिए की महाप्रभु का प्रिय विषय क्या है।परंतु महाप्रभु ने सभी वस्तुओं को छोड़कर की श्री भागवत जी को हाथ में लेकर पन्ना पलटने लगे इससे प्रतीत होता है महाप्रभु का अत्यधिक प्रिय श्रीमद् भागवत जी की कथा ही है।राधा रमन सदा हमको प्यारे रहें।हम उन्हीं के रहें वे हमारे रहे।अपने पूर्वाचार्य गोपाल भट्ट जी द्वारा प्रकट किए गए राधारमण लाल की स्तुति करते हुए जय प्राणधन राधा रमण का भाव पूर्ण गान किया।भागवत में कोई भी अंश प्रक्षिप्त नही है और इसका श्रेय पूज्य भाई जी को जाता है जिन्होंने भागवत के इस विशुद्ध रूप को हम सनातनियों के समक्ष रखा और इसी कारण हम सभी सनातन धर्मावलंबी भाई जी के सदैव ऋणी रहेंगे।भागवत की चार पद्धति बताई गई है।घटनात्मक उपदेशात्मक स्तुत्यात्मक गीतात्मक।जानने योप्य तीन चीजें हैं संसार का स्वरूप स्वयं को जानना और परमात्मा को जानना।इन तीनों को बताने वाली है भागवत कथा।महाराज श्री ने कहा कि श्री भागवत जी मे आज तक कोई मिलावट नहीं है 18 पुराणों में भागवत जी का उल्लेख है।श्रीमद भागवत जी का आश्रय लेने वाले का कल्याण न होना संभव नही है। तत्पश्चात ध्रुव का चरित्र का वर्णन किया। कथा व्यास ने ध्रुव के चरित्र के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान को प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती है।ध्रुव ने अपने मन में दृढ़ संकल्प कर लिया था कि मुझे भगवान को प्राप्त करना है और उसी संकल्प को ध्यान में रखते हुए वनवास में तपस्या करते हुए भगवान को प्राप्त किया।एक प्रसंग में उन्होंने बताया कि नारद जी ने ध्रुव को द्वादशाक्षर मन्त्र दिया ? नमो भगवते वासुदेवाय और कहा बेटा।वृन्दावन में जाकर इस मन्त्र का जप करना और मन वाणी और कर्म से ठाकुर जी की सेवा करना और ध्रुव जी मधुवन में आकर साधना करने लगे।प्रसाद वितरण मे शाकम्भरी भक्त मंडल से आशीष जोशी अरुण क्याल संजीव सुल्तानिया तथा अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।कार्यक्रम का सुंदर संचालन प्रसून मल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से घनश्याम गोयल ,बेगराज गोयल, विष्णु गोयनका, सुबोध टेकरीवाल, देवकी नंदन अग्रवाल ,दिनेश कुमार सिंघानिया ,सन्त कुमार, भीम सरिया, जगदीश आनन्द, माधव जालान ,दिनेश अग्रवाल ,द्वारिका गोयल ,नीरज मातनहेलिया, मक्खन गोयल ,उमा अग्रवाल, मनमोहन जाजोदिया, पवन सिंघानिया, विनीत अग्रवाल ,कनक हरि अग्रवाल ,अभय सिंह, हरि जालान गीता वाटिका से उमेश सिंघानिया ,रशेंदू फोगला समेत हजारों भक्तों ने कथा का रसपान किया।

# छह दिन बाद भी कुणाल के कातिलों तक नहीं पहुंच सकी पुलिस, परिजनों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस । नोएडा

पुलिस की कार्यशैली से कुणाल के परिजन और ग्रामीण भी संतुष्ट नहीं हैं। खुलासे के लिए उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल (एसटीएफ) को भी लगा दिया गया है।

ढाबा संचालक कृष्ण कुमार शर्मा के 15 वर्षीय बेटे कुणाल शर्मा की अपहरण के बाद हत्या के मामले में छह दिन बाद भी पुलिस हत्यारों तक नहीं पहुंच पाई है। हालांकि कुछ लोगों को हिरासत में लिया है, लेकिन उससे भी कुछ हासिल नहीं हुआ है। दूसरी ओर पुलिस की कार्यशैली से कुणाल के परिजन और ग्रामीण भी संतुष्ट नहीं हैं। रविवार को कुणाल का शव बुलंदशहर की नहर से मिलने के बाद थाना प्रभारी पर कार्रवाई की गई, लेकिन अधिकारियों की जवाबदेही पर कोई प्रतिक्रिया नहीं है।



घटना के बाद पुलिस ने कुणाल की तलाश के लिए पांच टीमों को लगाया था। खुलासे के लिए उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल (एसटीएफ) को भी लगा दिया गया। पुलिस ने कृष्ण कुमार शर्मा के कुछ रिश्तेदारों को भी हिरासत में लिया है। लगातार पूछताछ चल रही है, इसके बाद भी कोई नतीजा नहीं निकला है। इस मामले में पुलिस की नाकामी को लेकर थाना बीटा-2 के प्रभारी मुनेंद्र कुमार सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया। जबकि एसीपी सुशील गंगा प्रसाद को जवाब तलब किया गया है।

इस सनसनीखेज वारदात में उन्होंने क्या किया? परिजनों व ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस के बड़े अधिकारियों की कोई भूमिका तय नहीं की। यह भी कहा जा रहा है कि इस अपहरण और हत्याकांड को लेकर जोन के एक अधिकारी की भूमिका संदिग्ध है। यह अधिकारी घटना के बाद लगातार लीपापोती करने और घटना को हल्का प्रदर्शित करने के काम में लगे रहे। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी कासना में हुए सुखपाल हत्याकांड में इन अधिकारी की भूमिका विवादित रही थी। इसके बाद भी इन अधिकारी पर विभाग की ओर से कोई सख्ती नहीं हुई थी। एक मई को दोपहर 1.45 बजे रबूपुरा के गांव म्याना निवासी कृष्ण कुमार शर्मा के बेटे कुणाल का नट मडैया के सीएनजी पंप के पास स्थित शिवा ढाबे से कार सवार लोगों ने अपहरण कर लिया था। इसमें एक महिला भी शामिल थी। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी।

पिछले तीन महीने में ग्रेटर नोएडा में अपहरण के बाद हत्या की तीन घटनाएं हुई हैं। तीनों ही वारदात में थाना पुलिस, अपहरण किए गए किशोरों को नहीं बचा सकी। ऐसे में कमिश्नरेट पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाना स्वाभाविक है।

इस वर्ष की शुरुआत में 30 जनवरी को बिलासपुर के रहने वाले किराना व्यापारी के बेटे वैभव का वहीं के रहने वाले दो युवकों ने अपहरण कर लिया। वैभव के परिजन पुलिस से गुहार लगाते रहे, लेकिन पुलिस ने सक्रियता नहीं दिखाई। बल्कि पुलिस आरोपियों के उस झांसे में आ गई, जिसमें वैभव के मोबाइल से आरोपियों ने जयपुर का फोटो सोशल मीडिया पर साझा किया। पुलिस ने कहा घूमने गया है आ जाएगा। जबकि उसकी बहन ने शक जताया था कि वैभव पढ़ा लिखा था जयपुर की स्पेलिंग गलत कैसे लिख सकता है? बाद में यही शक सही साबित हुआ।

आरोपियों ने ही वह पोस्ट की थी। अपहरण के 11 दिन बाद पास की नहर में वैभव का शव मिला था।

फरवरी महीने में भी छह करोड़ की फिरौती के लिए गजरौला के निवासी और स्थानीय यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे बीबीए के छात्र यश मित्तल की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। इस मामले में भी पुलिस जिंदगी बचाने में नाकाम रही। ताजा मामला कुणाल का है। कुणाल की जिंदगी बचाने में भी पुलिस नाकाम ही रही।

# भवन निर्माण करने वाली विदेशी कंपनी से 1.42 करोड़ का कर वसूला

जन एक्सप्रेस । नोएडा

- जीएसटी विभाग की गौतमबुद्ध नगर जोन की टीम ने की कार्रवाई
- बोगस फर्मों के जरिये लिया था 1.39 करोड़ की आईटीसी का लाभ

राज्य कर व जीएसटी विभाग की गौतमबुद्ध नगर जोन की टीम ने विदेशी कंपनी से 1.42 करोड़ रुपये का कर वसूला है। यह कंपनी औद्योगिक, फैक्टरी समेत अन्य के भवन बनाने का काम करती है। कंपनी ने बोगस व अस्तित्वहीन फर्मों के जरिए 1.39 करोड़ की आईटीसी का लाभ लिया था। इसके अलावा कंपनी निजी वाहन खरीद पर भी आईटीसी का लाभ लिया।

गौतमबुद्ध नगर जोन के जीएसटी विभाग की अपर आयुक्त आईएएस चांदनी सिंह के निर्देश पर विशेष अनुसंधान शाखा के अपर आयुक्त ग्रेड-2 विवेक आर्य के निर्देशन में टीम ने विदेशी कंपनी के कर संबंधी दस्तावेजों की जांच तीन मई को देर रात की। जांच में पता चला कि वर्क कॉन्ट्रेक्टर के रूप में काम करने वाली विदेशी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में 7.74 करोड़ रुपये की इन वर्ड सप्लाई अस्तित्वहीन/बोगस फर्मों से घोषित करते हुए 1.39 करोड़ रुपये की आईटीसी का लाभ लिया। इसके अलावा यह भी पता चला कि फर्म ने खरीद के पर्चे में घोषित आईटीसी के सापेक्ष 72.67 लाख रुपये की आईटीसी का लाभ अपने मासिक नक्शों में ज्यादा लिया है। इसके अलावा फर्म ने गैर कानूनी ढंग से निजी सवारी वाहन की खरीद घोषित करते हुए 3.62 करोड़ रुपये की भी आईटीसी क्लेम की। इसके चलते फर्म से 1.42 करोड़ रुपये कर वसूला गया। जांच टीम में आशीष शुक्ल, सहायक आयुक्त तारा चन्द्र, राज्य कर अधिकारी विनोद कुमार मिश्र, प्रतीक गुप्ता एवं वरिष्ठ सहायक श्री गोविन्द कुमार शामिल रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चोरी के जेवरात और घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा सहित तीन चोर दबोचे

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। पुलिस द्वारा तीन शातिर चोर गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चोरी के जेबरात व घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा (टिर्री) बरामद किया है। थाना बन्नादेवी पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान वांछित अभियुक्त कालीचरन पुत्र हरप्रसाद निवासी माती बसई थाना गोण्डा, अलीगढ़ हाल निवासी रावण टीला मोहित सक्सेना का किराये का मकान थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़, सुगड़पाल पुत्र स्व0 टीकम सिंह निवासी कमालपुर थाना गाँधीपार्क जनपद अलीगढ़ और दीपक पुत्र हरप्रसाद निवासी सब्जी वाली पुलिया गली नं0-3 डोरीनगर थाना गाँधी पार्क जनपद अलीगढ़ को राणा पैट्रोल पम्प, मालवीय पुस्तकालय के पास से मय माल (एक सोने का कुण्डल, एक पेण्डल) सहित गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा भी बरामद किया गया।

### लाल किले के पीछे झाड़ियों में लगी आग से हड़कंप

जन एक्सप्रेस/आगरा। लाल किले के पीछे आज सुबह आग लग गई। देखते ही देखते आग लम्बे एरिया में फैलने लगी। आग की लपटें भी उठने लगी। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर सर्विस कार्यालय को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। सोमवार की सुबह लाल के किले के पीछे से राहगीर निकल रहे थे। उन्होंने झाड़ियों में आग लगते देखी। लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग काफी तेजगति से फैलती जा रही थी। लोगों ने थाना रकाबगंज पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंच गई। उन्होंने दमकलों को बुलाया। एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फायर सर्विस के अधिकारियों ने बताया आग पर जल्द ही काबू पा लिया। आग अधिक दूरी तक नहीं फैल पाई। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय बने मंडल अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस/आगरा। प्रांतीय महामंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश अतुल मिश्रा ने डॉ राजीव कुमार उपाध्याय फार्मासिस्ट एसएन मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय आगरा को मंडल अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद आगरा मंडल आगरा मनोनीत किया गया है। जिनके मनोनयन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद आगरा एवम डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जनपद आगरा तथा अन्य सभी संगठनों ने शुभकामनाएं दी और उनके द्वारा आगरा मंडल के सभी जनपदों के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ मिलकर संगठन को ऊंचाई तक ले जाने के लिए और कोई भी समस्या आने पर उसका निराकरण करने का भी संकल्प लिया। प्रमुख रूप से राज्य कर्मचारी संघ परिषद के जिला मंत्री अजय शर्मा, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ संदीप बडोला, महामंत्री डॉ. उमेश मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. उपेंद्र सिंह उपाध्यक्ष, डॉ. राजेंद्र पटेल, प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ रविंद्र सिंह राणा एवम अन्य प्रांतीय पदाधिकारी वं जनपद आगरा के जिला अध्यक्ष डॉ. मुकेश शर्मा ने डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय को मिष्ठान खिलाकर एवं माला पहनाकर शुभकामनाएं दी। उपाध्याय ने सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# पींजरी पैंठ पर श्रद्धेय चौधरी अजीत सिंह की मनाई पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

गोंडा रोड पींजरी पैंठ स्थित अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल व जाट आरक्षण संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय लोकदल के श्रद्धेय चौधरी अजीत सिंह जी (पूर्व कृषि मंत्री भारत सरकार) की तृतीय पुण्यतिथि उनके छायाचित्र पर पुष्प माला धूप दीप प्रज्वलित कर व उनकी आत्म शांति के लिए हवन कर मनाई सभी ने श्रद्धेय चौधरी साहब को किया नमन



वहीं जाट आरक्षण समिति के जिला अध्यक्ष व किसान नेता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो ने बताया चौधरी अजित सिंह जी का जन्म 12 फरवरी 1939 में मेरठ के भदोला गांव में हुआ था। वह पेशे से कंप्यूटर साइंटिस्ट थे और 1960 के दशक में आईबीएम के साथ काम करने वाले पहले भारतीयों में एक थे। पिता चौधरी चरण सिंह की तबीयत खराब रहने लगी तो अजित सिंह भारत लौट आए। चौधरी साहब का पूरा राजनीतिक जीवन किसान गरीब मजदूरों के हित में समर्पित रहा हरित प्रदेश नहीं बनवा सके इसकी रह गई कसक देश का किसान गरीब मजदूर कभी चौधरी साहब के किए कार्यों को नहीं भूल पाएगा इस मौके पर अर्जुन सिंह फौजी मास्टर उदयवीर सिंह धर्मपाल सिंह स्वामी सतीश सिंह डॉक्टर राजेंद्र शर्मा रूपेंद्र जैन अचल सिंह ज्ञानेंद्र सिंह यदुवंशी छोटू चौधरी योगेंद्र सिंह काले खां मुकेश सिंह अरुण चौधरी जाहिद खां सहित क्षेत्र के काफी लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली की तरह लखनावली में नहीं बनने दिया जाएगा कूड़े का पहाड़

- दिल्ली की तरह लखनावली में नहीं बनने दिया जाएगा कूड़े का पहाड़

जन एक्सप्रेस । नोएडा

कूड़े का निस्तारण करके बनाई जाएगी खाद और पार्कों में होगा प्रयोग

कूड़े का ढेर खत्म करने के लिए प्राधिकरण करेगा 29 करोड़ खर्च

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। गाजीपुर में बना कूड़े का पहाड़ दिल्ली सरकार के लिए मुसीबत बन चुका है और कुछ इसी तरह का हाल ग्रेनो के लखनावली का होने वाला है। मगर एनजीटी ने इस समस्या को यहीं पर दूर करने का आदेश दिया है। एनजीटी के आदेश के बाद अब प्राधिकरण ने इस कूड़े का निस्तारण करके खाद बनाने की योजना बनाई है और इसे शहर के पार्क और ग्रीनबेल्ट में प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए कंपनी की तलाश शुरू कर दी है और 29 करोड़ रुपये खर्च करेगा।

दिल्ली की तरह गौतमबुद्ध नगर में भी कूड़े की समस्या बढ़ी है। यहां पर काफी कूड़ा निकलता है, लेकिन निस्तारण काफी कम का होता है। इससे लखनावली के पास इसका ढेर लगता जा रहा है। इस कूड़े के ढेर की हालत दिल्ली के गाजीपुर जैसी न हो, इसलिए एनजीटी ने इसे खत्म करने के प्राधिकरण को आदेश दिया है। लखनावली, मलकपुर, मार्गपुर व मुबारकपुर के निवासियों ने कूड़ा डालने पर आपत्ति जताते हुए एनजीटी तक मामला पहुंचाया है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दनकौर के पास अस्तौली गांव में स्थायी डंपिंग ग्राउंड लगभग तैयार कर लिया है। दोनों शहरों का 300- 300 मीट्रिक टन कूड़ा वहां पहुंचाया जाएगा। अभी एजेंसियों की ओर से वहां तक ले जाने के भाड़े को लेकर रजामंदी नहीं बन पाई है, इस कारण लखनावली में कूड़ा डाला जा रहा है। प्राधिकरण का कूड़ा लखनावली के पास डाला जाता है। इसे आचार संहिता के बाद टेंडर जारी करके दनकौर के अस्तौली तक पहुंचाया जाएगा। -रवि कुमार एनजी, सीईओ ग्रेनो प्राधिकरण।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ के विरोध में करणी सेना ने दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

मैंनपुरी में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ छेडछाड के विरोध में अलीगढ़ में करणी सेना के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया और प्रदर्शन के बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्ट्रेट में सिटी मजिष्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा है।

करणी सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि मैंनपुरी में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ छेडछाड को लेकर करणी सेना के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया और कलेक्ट्रेट में जाकर सिटी मजिस्ट्रेट विनीत कुमार महामहिम राष्ट्रपति के नाम सिटी महिजस्ट्रेट विनीत कुमार को ज्ञापपन सौंपा है और आरोपी सपा कार्यकर्ताओं पर देशद्रोह का मुकदमा लगाने की मांग की। इस दौरान करणी सेना के पदाधिकारियों ने ऐलान किया कि उनकी मांग पूरी नहीं की जाती है, तो वह सडकों उतरने के लिए बाध्य होंगे।

इस दौरान जिला अध्यक्ष अवनीश राघव जिला अध्यक्ष युवा शक्ति सौरभ तोमर, जिला अध्यक्ष खेलकूद प्रकोष्ठ वीरू भदौरिया,जिला अध्यक्ष महिला शक्ति राजेश्वरी तोमर, जिला संगठन मंत्री धीरू ठाकुर, शिवम ठाकुर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, उत्तम ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष, मनोज शर्मा जिला मंत्री, संदीप तोमर जिला उपाध्यक्ष, दीप्ति सिंह जिला उपाध्यक्ष, आदि करणी सैनिक उपस्थित रहे मुख्य अतिथि अजीत सिंह तोमर एडवोकेट प्रदेश संरक्षक, ठाकुर मुकेश सिंह रावल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि हर्षवर्धन सिंह एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष युवा शक्ति उपस्थित रहे बैठक में मैनपुरी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा का अनादर कर समस्त देशवासियों का अपमान किया इसके विरोध में कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन दिया।

# छात्रा के आत्महत्या के मामले में बच्चों ने स्कूल के गेट पर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

बीतों दिनों थाना क्वार्सी क्षेत्र रामघाट रोड स्थित ऑवर लेडी फातिमा स्कूल की एक छात्रा की आत्महत्या के मामले में छात्र-छात्राओं ने प्रिंसीपल के खिलाफ कार्यवाही स्कूल के गेट पर हाथों में पंपप्लेट लेकर जमकर हंगामा काटा और स्कूल की प्रिंसीपल के खिलाफ जल्द ही कोई कार्यवाही नहीं की उग्र प्रदर्शन करेंगे।



प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं ने कहना कि स्कूल में लडके-लडकियां एक साथ पढ़ते हैं। उनका कहना है कि लेकिन स्कूल लडके-लडकियों को बात करने से दूर रखते है, बीत दिनों सिविल लाइन क्षेत्र की रहने वाली दसवीं को कक्षा की एक छात्रा अपने स्कूल के छात्र से बात कर रही थी। उसी दिन स्कूल की प्रिंसीपल ने उस छात्रा को स्कूल से निष्कासित कर दिया गया। उनका कहना था कि स्कूल में कोई भी काउंसलर नहीं जो बच्चों को गाइड कर सके। बताया कुछ दिन बाद छात्र को भी निष्कासित कर दिया। इससे वह छात्रा इतनी आहत हुई कि उसने आत्महत्या करली। लेकिन पुलिस एवं प्रशासन ने प्रिंसीपफल के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। जिसे लेकर छात्र-छात्राओं में आंक्रोश व्याप्त हो गया। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस भी पहुंच गयी और प्रदर्शनकारी बच्चों को समझाया और प्रिंसीपल के खिलाफ जल्द ही कार्यवहीं कर दिये जाने के आश्वासन दिया जब कहीं जाकर मामला शांत हो सका।

# हाथ और जीभ काटने पर मिलेगा 11 लाख का इनाम

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने जूता फेंकने वाले का हाथ काटने पर 11 लाख रुपये का इनाम देने की घोषिणा की है। विगत दिनों जनसभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य के ऊपर जूता गया था। उनका यह शोसल मीडिया वीडियो भी वायरल हो रहा है। बता दें विगत तीन मई को राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य यहां फतेहाबाद में चुनावी सभा के लिए आ रहे थे। फतेहाबाद तिराहे पर अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को रोक कर हंगामा किया। काले झंडे दिखाए और स्याही भी फेंकी थी। पुलिस ने लाठियां फटकार कर हंगामा करने वालों को भगाया था।

इसके बाद स्वामी प्रसाद मौर्य जब डौकी के पास जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो आगे की पंक्ति में बैठे योगी यूथ बिग्रेड के महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र धाकरे ने मंच पर जूता फेंक दिया था। गनीमत यह रही कि जूता स्वामी प्रसाद मौर्य को नहीं लगा।

इस घटना के बाद अब होतम सिंह निषाद का वीडियो रविवार देर रात सामने आया।

फार्मेट-सी-1

(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: **शैलेन्द्र कुमार**, ग्रा0-बरियन निवादा, जसवन्तपुर, कानपुर देहात

राजनितिक दल का नाम: **भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी**

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम: **लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024**

*निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **42-कन्नौज लोकसभा**

मैं **शैलेन्द्र कुमार** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ।

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | A.C.M.M.-II कानपुर नगर | परिवाद संख्या-5506/2017 तिथि ज्ञात नहीं है | विचाराधीन | I.P.C. धारा-406, 504, 506 |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगाई गई सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# डा. पूनम रानी की पुस्तक जैन पौथी चित्रण कला का हुआ विमोचन

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके दशोरा, प्रति कुलपति प्रो. सिद्दी विरेशम, कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह, संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा व प्रो. मसूद परवेज ने विश्वविद्यालय के दृश्य एवं कला विभाग की अध्यक्ष डा. पूनम रानी द्वारा लिखित पुस्तक ''जैन पौथी चित्रण कला'' का विमोचन किया। यह पुस्तक जैन धर्म में चित्रकला की समृद्ध परंपरा का एक व्यापक अध्ययन प्रस्तुत करती है। कुलपति ने डा. रानी के अनुसंधान कार्य की सराहना की और कहा कि यह पुस्तक जैन कला के अध्ययन में एक मूल्यवान संसाधन साबित होगी। उन्होंने विश्वविद्यालय में शोध को



प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें बधाई दी।

डा. पूनम रानी ने बताया कि यह ग्रंथ चित्रकला के विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए जैन चित्रकला शैली के तथ्यों को जानने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इसमें जैन चित्रकला के कलात्मक व धार्मिक गतिविधियों के समस्त पहलुओं को लिपिबद्ध किया गया है। भारतीय चित्रण शैली में 10 वीं से 15 वीं सदी तक ग्रंथ प्राकृत भाषा में लिखे गए और चित्रित किए गए। ताड़पत्र व कागज पर अंकित कल्पसूत्र तथा कालकाचार्य कथा के आधार पर निर्मित ऋषभनाथ, नेमिनाथ और पार्श्वनाथ के साथ 20 तीर्थांकरो के दृष्टांत चित्रों का विवरण इस पुस्तक में किया गया है। यह पुस्तक विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि जैन सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराने में कला जगत में एक अग्रणी भूमिका निभाएगी। क्योंकि पुस्तक में पवित्र ग्रंथों, तीर्थपटों, चित्रित काष्ठ आवरणों, वसंत विलास, गीत-गोविंद आदि के 240 बहुमूल्य चित्रों का प्रकाशन किया गया है।

# सेल्फफाइनेंस कॉलेज संगठन ने कुलपति को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । आगरा

सेल्फ फाइनेंस कॉलेज संगठन ने विश्वविद्यालय में कॉलेज संचालकों के समक्ष आ रही समस्याओं से संबंधित पांच सूत्री मांगों को कुलसचिव आशु रानी को कैंप कार्यालय में ज्ञापन दिया।

सेल्फफाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता बृजेश शर्मा एडवोकेट ने बताया महाविद्यालय पर लगाए गए सम्वत्ता विस्तारण शुल्क जो की हर विषय में अलग-अलग शुल्क लगाया जा रहा है, अगर पाठ्यक्रम में तीन विषय हैं तो तीनों पर अलग-अलग शुल्क देना पड़ेगा। इसी तरह परास्नातक में भी अलग-अलग शुल्क लिया जा रहा है। उक्त विषय पर कुलपति को यह मांग की गई है की स्नातक के हर विषय के लिए एक ही विस्तारण फीस ली जाए और ऐसा ही परास्नातक विषयों के लिए भी एक ही फीस ली जाए । विश्वविद्यालय ने 29,000 फीस किसी एक पाठ्यक्रम के हर विषय पर लगाई थी। कुलपति से यह भी मांग की गई कि जो महाविद्यालय का परीक्षा करने का शुल्क 2017 से विश्वविद्यालय से बकाया है उसको भी तत्काल प्रभाव से वित्तीय अधिकारी समस्त महाविद्यालय को दिलवाएं।

ज्ञापन लेने के बाद कुलपति ने आश्वासन दिया है कि उक्त संदर्भ में महाविद्यालयों की स्थिति को देखते हुए निर्णय लिया जाएगा और उक्त विषय को वित्त कमेटी में रखकर ही कुछ फाइन लाइज होगा।

# जौनपुर में बसपा ने नामांकन के अंतिम पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह के साथ किया बड़ा खेला समर्थकों में पसरा सन्नाटा





**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर लोकसभा 73 से बसपा सुप्रीमो ने बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्री कला धनंजय सिंह रेड्डी को टिकट देकर जौनपुर की राजनीतिक तापमान को जहां बढ़ा दिया था वहीं अचानक नामाकन के अंतिम दिन श्री कला धनंजय सिंह रेड्डी का टिकट काट कर पुनःअपने ही निवर्तमान सांसद श्याम सिंह यादव को रविवार देर रात जब लोग गहरी निद्रा में सो रहे थे तभी अचानक बसपा से चुनाव लडने का सिंबल थमा कर जौनपुर की राजनीतिक तापमान में बड़ा भूचाल ला दिया जब सुबह लोगों ने आंखें खोली तो जौनपुर की राजनीतिक गतिविधियों में काफी बदलाव सा आ गया था पहले तो लोगों को विश्वास नहीं हुआ लेकिन धीरे-धीरे सुर्य की किरणें जैसे जैसे चढ़ती गयी वैसे वैसे धनंजय समर्थकों में मायूसी छाती गई यही नहीं जौनपुर नगर स्थित धनंजय सिंह के मकान पर जहां सुबह से सैकड़ों समर्थकों का जमावड़ा हुआ करता था वहा सन्नाटा पसर गया बताया जाता है पूर्व सांसद धनंजय सिंह अपनी पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कला धनंजय सिंह रेड्डी व अपने कोर ग्रुप के साथ बैठक कर अगली रणनीति पर चिंतन मंथन कर करते रहे ।बहरहाल नामांकन के अंतिम दिन बसपा ने अपने घोषित प्रत्याशी का टिकट काटकर जौनपुर की राजनीति मे भूचाल तो जरूर ला दिया जिससे पूर्व सांसद धनंजय सिंह के समर्थकों में मायूसी तो विरोधियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी लेकिन कुछ ही घंटों में श्री कला धनंजय सिंह रेड्डी का भाजपा में ज्वाइन करने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी तभी विरोधियों की खुशी में हल्का सा बाधा भी जरूर देखने को मिला बहरहाल श्री कला धनंजय सिंह रेड्डी का चुनाव लडना अब मुश्किल है जबकि 1मई को बसपा प्रत्याशी के रुप में श्रीकला धनंजय सिंह रेड्डी नामांकन कर भी चुकी थी ।वही सूत्रों की माने तो जल्द ही प्रदेश के एक पूर्व कैबिनेट मंत्री और प्रदेश के बड़े क्षत्रिय नेता भाजपा नेतृत्व से बातचीत कर रहे हैं और श्री कला धनंजय सिंह रेड्डी अध्यक्ष जिला पंचायत जौनपुर को भाजपा ज्वाइन कर करा सकते हैं। वही सूत्रों की माने तो पूर्व सांसद धनंजय सिंह का कुनबा जल्द ही भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार करते देखा जा सकता है।

### बहनजी ने फोन करके चुनाव लड़ने के लिए कहा: श्याम सिंह यादव

बसपा प्रन्याशी तय होने के बाद श्याम सिंह यादव ने कहा कि एक ज्योतिषी ने बताया था की अगले सांसद आप ही होंगे. रविवार सुबह उनसे मैंने कहा कि आप तो कहते थे कि मैं सांसद बनूंगा जब टिकट ही नहीं मिला तो सांसद कैसे बनूंगा लेकिन देर रात मुझे फोन आया और चुनाव लडने के लिए बहनजी ने फोन करके लड़ने के लिए कहा. बता दें कि श्याम सिंह यादव जौनपुर से सीटिंग सांसद भी हैं.और सपा से चुनाव लडना चाहते थे टिकट न मिलने पर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को पत्र लिखकर वादाखिलाफी का आरोप भी लगा चुके हैं।


# शत–प्रतिशत मतदान के साथ पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के निर्देशन में चल रही स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नई पहल शुरु की गई है जिसमे मतदाता जागरूकता के साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु एक वोट एक पौधा अभियान शुरू किया गया है। कलेक्ट्रेट परिसर में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम द्वारा इस अभियान का शुभारंभ किया गया जिसके माध्यम से मतदाताओं को एक वोट करे- एक पौधा लगाये का संदेश देते हुए एक वोट देश के लिए- एक वृक्ष परिवेश के लिए का नारा दिया गया। मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण किया तथा लगभग 300 से अधिक फलदार व छायादार पौधो का वितरण किया गया। उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाते हुए अन्य मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया।

इस अवसर पर जनक कुमारी इन्टर कालेज के छात्र छात्राओं ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरुकता रैली भी निकाली। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने लोगों से अपील किया कि 25 मई को अपने घरों से निकल कर बूथ पर जाये और मतदान अवश्य करें, तथा अपने घरों में या आसपास एक पौधा अवश्य लगायें, जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के साथ-साथ पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन का भी हो सके। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पौधे हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, उसी प्रकार मतदान से हमारा लोकतंत्र जीवंत होता है। प्रभागीय वन अधिकारी प्रवीण खरे ने कहा कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन के खतरे को समझते हुए हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। हम सभी जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव देख रहे हैं, बढ़ती गर्मी, जल, वायु व मृदा प्रदुषण, तापीय प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग जैसे बढ़ते खतरे को भी पेड़ लगाकर कम किया जा सकता है। ऐसे में आवश्यकता है कि सामूहिक प्रयास से आने वाले पीढ़ी को मजबूत लोकतंत्र के साथ बेहतर पर्यावरण दिया जाये। इसलिए अपना एक वोट करे, और एक पौधा लगाये। सिटी मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक वोट एक पेड़ अभियान शुरू हुआ है। ताकि आमजन में मतदान के साथ ही पर्यावरण की महत्ता बढ़े। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा.गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा सहित जनक कुमारी इन्टर कालेज के छात्र छात्राएं व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने महिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण





- मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने महिला चिकित्सालय पीलीभीत का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी, दवाई वितरण कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, टीकाकरण कक्ष सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थिति रजिस्टार को चेक किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते कहा कि स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये और अस्पतालों में डॉक्टर समय से पहुंचे और अस्पताल में भर्ती मरीजों की नियमित देखरेख करते हुये बेहतर स्वास्थ्य सुविधाऐं उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की रोस्टर वार ड्यूटी लगाई जाये, जिससे कि किसी भी प्रकार की मरीजों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ऋतु पूनिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आलोक कुमार, सीएमएस महिला/पुरूष सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पूरनपुर में चेकिंग करने गए जेई को महिला ने घर में बंधक बनाकर पीटा

- अस्पताल से कोतवाली तक जेई से धक्का मुक्की मारपीट का प्रयास
- बिजली विभाग की टीम और पड़ोसियों पर महिला से छेड़छाड़ कर मारपीट का आरोप

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**





बिजली विभाग की टीम के साथ नगर में चेकिंग करने गए अवर अभियंता को महिला ने घर में बंधक बना लिया।जमकर मारपीट की गई। अवर अभियंता ने टीम के साथ बमुश्किल भाग कर जान बचाई। अस्पताल में मेडिकल के दौरान भी अवर अभियंता के साथ धक्का मुक्की कर मरपीट का प्रयास किया गया। महिला ने टीम और पड़ोस के लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला पक्ष की ओर से कोतवाली गेट पर पहुंचे लोगों ने धरना प्रदर्शन कर अवर अभियंता के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कार्रवाई के लिए दोनों की ओर से कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई।

सोमवार दोपहर नगर में बिजली विभाग की ओर से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। टीम में सहायक अभियंता शशांक कांडपाल, अवर अभियंता जयपाल सिंह, दानिश खां, अखिलेश कुमार यादव टीजीटू, हरिशंकर कुमार, महेन्द्र कुमार, प्यारेलाल शामिल थे। इसी दौरान नगर की राम वाटिका कॉलोनी के घर में बिजली चोरी की जानकारी मिली। टीम को नीचे छोड़कर अवर अभियंता जयपाल सिंह अभियंता वीडियो ग्राफी करते हुए घर में चेकिंग करने पहुंच गए। जेई ने बताया कि मेंन केबिल में बाईपास तार जोड़कर बिजली चोरी की जा रही थी। आरोप है की बिजली चोरी का मामला सही पाए जाने पर अपने आप को फंसता देख महिला ने दरवाजा बंद कर लिया। अवर अभियंता को घर में बंधक बनाकर जमकर मारपीट की। पिटाई से अवर अभियंता के कई चोटें आई कपड़े भी फट गए। बमुश्किल जान बचाकर बाहर निकले जेई ने घटना की जानकारी अन्य कर्मचारियों को दी।घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें जेई टीम के साथ भागते दिख रहे हैं। घायल अवस्था में अवर अभियंता को मेडिकल के लिए सीएचसी लाया गया। अस्पताल में मेडिकल के दौरान महिला पक्ष की ओर से जेई के साथ धक्का मुक्की कर मारपीट की गई। मेडिकल के दौरान साथ आए होमगार्ड ने बीच बचाव का प्रयास किया। आरोप है कि होमगार्ड के साथ भी गाली गलौज की गई।अवर अभियंता के साथ अस्पताल से कोतवाली जाते समय भी धक्का मुक्की और मारपीट का प्रयास किया गया।घटना के विरोध में महिला के साथ एक एक अन्य संगठन के लोग भी भारी संख्या में कोतवाली गेट पर पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने अवर अभियंता के विरोध में कोतवाली गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया हैं। बिजली विभाग की कार्यशैली के विरोध में जमकर नारेबाजी की। महिला की ओर से कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि सोमवार दोपहर 12 बजे वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान बिजली विभाग के अवर अभियंता जयपाल सिंह, लाइन मैंन दानिश पांच से छह कर्मचारियों के साथ जबरन घर में घुस आए। बुरी नियत से दबोच कर छेड़छाड़ की। महिला के चीखने चिल्लाने पर आस पड़ोस के लोग भी आ गए। आरोप है की जान से मारने की नीयत से पड़ोसियों ने सर पर राड और गले पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में महिला घायल हो गई। शोर शराबा करने पर बिजली कर्मचारी और पड़ोसी भाग गए। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला और अवर अभियंता की ओर से कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई।

### अस्पताल से कोतवाली गेट तक धक्का मुक्की, होमगार्ड से अभद्रता

मेडिकल कराने सीएचसी पहुंचे अवर अभियंता के साथ अस्पताल में भी धक्का मुक्की कर मारपीट का प्रयास किया गया। बीच बचाव में सामने आए होमगार्ड के साथ भी अभद्रता की गई। कोतवाली जाते समय भी रास्ते में महिला पक्ष की ओर से अवर अभियंता के साथ मारपीट का प्रयास किया गया।घटना को लेकर अफरा तफरी मची रही।

> “ दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। मामले में उच्चधिकारियों से वार्ता की जा रही है। जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।
>
> **संजीव शुक्ला**
> **इंस्पेक्टर कोतवाली पूरनपुर**

> “ अवर अभियंता टीम के साथ चेकिंग करने गए हुए थे। महिला के घर में बिजली चोरी पकड़ी गई है। कार्रवाई से बचने के लिए महिला द्वारा अवर अभियंता को घर में बंद कर मारपीट की गई। मामले में उच्चधिकारियों से वार्ता कर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।
>
> **प्रशांत गुप्ता**
> **अधिशासी अभियंता डिवीजन पूरनपुर।**

# गैस सिलेंडर का पाइप लीक होने से लगी आग, आठ लोग झुलसे



- हालत गंभीर होने पर पांच लोग जिला अस्पताल रेफर
- मार्केट में मची अफरा तफरी, बमुश्किल पाया गया आग पर काबू

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

मिठाई की दुकान पर गैस सिलेंडर का पाइप लीक होने से अचानक आग लग गई। आग पर काबू पाने का प्रयास करने के दौरान दुकान स्वामी व उसके बेटे सहित आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गए। सभी को आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने पांच लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आग से हजारों रुपए का सामान जल कर राख हो गया। देर से पहुंची दमकल की गाड़ी को लेकर लोगों में नाराजगी देखी गई।

घुंघचाई थाना के सामने गांव के ही वीरेंद्र श्रीवास्तव की मिठाई और चाय की दुकान है। सोमवार दोपहर ढाई बजे दुकान स्वामी कढ़ाई में समोसे निकल रहा था। इसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर का पाइप लीक होने से गैस का रिसाब शुरू हो गया। गैस के प्रेशर से लगी आग बुरी तरह फैल गई। आग पर काबू पाने का प्रयास करने के दौरान दुकान स्वामी वीरेंद्र श्रीवास्तव, बेटा दुर्गेश श्रीवास्तव, अजय सागर, अजय सक्सेना, हिरन पाल,प्रेमपाल, कुशनपाल सहित आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना को लेकर बाजार में अफरा तफरी मच गई। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने पानी डालकर बमुश्किल आग पर काबू पाया।आग पर काबू पाया जाता इससे पहले चपेट में आने से अरविंद श्रीवास्तव की पान की दुकान व जीवन के किराना की दुकान में आगे लगने से हजारों रुपए का सामान जल कर राख हो गया। झुलसे ग्रामीणों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने पांच लोगों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# रंजिशन: यूकेलिप्टस के पेड़ों में आग लगाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा**



जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मंडन निवासी राजेश कुमार ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव परेवा में अनूप, अमित कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने रंजिशन उसके खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों में आग लगा दी है। इतना ही नहीं हाल ही में उसकी बाइक भी छीन ली थी और उसके साथ मारपीट भी की थी। प्रार्थी उक्त व्यक्ति के उत्पीड़न से काफी परेशान है।

वही पीड़ित युवक ने बताया कि उसने पूर्व में भी थाना बरखेड़ा पुलिस को मामले की तहरीर दी थी परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए अपनी व परिवार की जान माल का खतरा बताया है पीड़ित का कहना है कि उसे लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही है।

# निकाह के बाद ससुराल वालों ने तीन लाख की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकाला

- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**




निकाह की मांग को लेकर लेकर ससुरालियों ने तीन लाख रुपए की और मांग कर दी विवाहिता द्वारा असमर्थता जताने पर ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बरखेड़ा पुलिस ने छह लोगों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है ।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव पड़री खमरिया निवासी नाजरीन पत्नी अनीस पुत्री रफीक अहमद ने पुलिस को को दिए गए शिकायती पत्र बताया कि उसका निकाह दिनांक 15-07-2021 को मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था और उसके माता-पिता ने शादी में लगभग छह लाख रुपए खर्च किए थे कुछ दिन बाद ससुराल वाले तीन लाख रुपए पति अनीस की वर्कशॉप खोलने के लिए मांग करने लगे नाजरीन के माता-पिता ने ससुराल वालों को समझाया कि तीन लाख रुपए और नहीं दे सकते जिसके पर ससुराल वालों ने बगैर तीन लाख रुपए के विवाहिता को घर में रखने से इंकार कर दिया इसके बाद पीड़िता ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उपस्थित होकर सुलह समझौता हेतु वर पक्ष को बुलाया लेकिन कोई नहीं गया जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बरखेड़ा पुलिस ने पति अनीस सासु अनीसन, ससुर हबीबुर्रहमान, जेठ मुजम्मिल, ननद सायमा व इमरान पुत्र मुन्ने निवासी पृथ्वी पुर थाना बरखेड़ा के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# दर्शन करने जा रहा बाइक सवार पेड़ से टकराया, मौत, दूसरा घायल

**जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर**

मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर रविवार को सुबह विंध्याचल थाना क्षेत्र अकोढ़ी गांव स्थित चौरा माता मंदिर के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से विंध्याचल सीएचसी पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर वहां से ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई।

देहात कोतवाली क्षेत्र के नकहरा गांव निवासी कल्लू गुप्ता (54) रविवार को सुबह अपनी रिश्तेदारी में लालगंज थाना क्षेत्र के गंगहरा कला गांव गए थे। वहां रिश्तेदार राम निवास (50) के साथ बाइक से विंध्याचल दर्शन करने गैपुरा से होकर जा रहे थे। बाइक राम निवास चला रहे थे। रास्ते में मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर विंध्याचल थाना क्षेत्र के अकोढ़ी स्थित चौरा माता मंदिर के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को एंबुलेंस से विंध्याचल सीएचसी पहुंचाया गया। वहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान कल्लू गुप्ता की मौत हो गई।

थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा ने बताया कि बाइक पेड़ में टकराने से एक व्यक्ति की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# पूरनपुर में निजी चिकित्सक की लापरवाही से गर्भ में नवजात की मौत

- महिला ने सीएमओ और कोतवाली पुलिस से की शिकायत
- पूर्व में भी कई विवादों में घिरा रहा निजी अस्पताल

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

निजी अस्पताल के डाक्टर की लापरवाही के चलते गर्भवती महिला के पेट में ही नवजात की मौत हो गई। अल्ट्रासाउंड कराने पर जानकारी हुई। महिला की जान भी जोखिम में पड़ गई। उसका उपचार जिले के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस और स्वास्थ्य विभाग से कर डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। निजी अस्पताल संचालक पूर्व में भी कई विवादों में घिरा रहा है।

शेरपुरकलां की रहने वाले मुसर्रफ की पत्नी सीमा देवी ने शिकायती पत्र में कहा कि वह छह माह की गर्भवती थी। पूरनपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। समय समय पर डाक्टर से सलाह ली। वह हर बार सब कुछ ठीक होने की बात कहकर रुपए लेते रहे। इस दौरान महिला से करीब 18 हजार रुपए लिए गए। सोमवार को महिला अल्ट्रासाउंड कराकर डाक्टर के पास पहुंची। उन्होंने पानी की कमी से पेट में ही शिशु की मौत होने की बात कही। आरोप है कि डाक्टर की लापरवाही से नवजात की मौत हुई। साथ ही महिला की जान भी खतरे में पड़ गई। गनीमत रही कि महिला के परिजन उन्हें समय रहते जिले के एक अस्पताल में लेकर चले गए। महिला ने डाक्टर पर कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी शिकायती पत्र देकर जांच कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। एमओआईसी डाक्टर अनिकेत गंगवार ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट की घटनाओं में 11 घायल, सात का चालान

**जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर**

जिगना थाना क्षेत्र के लालापुर गांव में पुरानी रंजिश में शनिवार को शाम को दो पक्ष में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट की इस घटना में योगेंद्र (33), सीमा देवी (30), निर्जला देवी (29), छोटेलाल (65), कोतला देवी (63) घायल हो गई। उधर, बिहसड़ा कला के मुराजपुर में रात 11 बजे सरिता देवी की मड़ई जलाने के विवाद में मारपीट हो गई। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष की सरिता देवी (38), दीपक कुमार (32) तथा दूसरे पक्ष के पवन कुमार (36), शनि (17) घायल हो गए। उधर, रविवार को सुबह करीब छह बजे बभनी गांव में पुरानी रंजिश में मारपीट हो गई।

# मुंबई की तरह काशी में भी होगी निर्बाध बिजली आपूर्ति

**जन एक्सप्रेस । वाराणसी**

काशी में स्काडा (सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्यूजिशन) की डीपीआर मंजूर होने के बाद इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसपर 313 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लागू होने के बाद मुंबई की तर्ज पर फॉल्ट होने के बावजूद बिजली नहीं कटेगी। स्काडा के तहत बिजली आपूर्ति की निगरानी होगी। इसमें एक जगह फॉल्ट होते ही दूसरी सर्किट से बिजली आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

मुख्य अभियंता नियोजन चंद्रजीत ने बताया कि डीपीआर को मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पिछले महीने बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मुंबई जाकर स्काडा का प्रशिक्षण लिया था। 10 मई को इसे लागू करने के लिए कार्यदायी संस्था को जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। स्काडा सिस्टम की निगरानी कर रहे व्यक्ति को लगातार फीडरवार बिजली आपूर्ति की जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया, लोड बढ़ने या घटने की जानकारी मिलते ही इसपर काम शुरू हो जाएगा।

इससे बिजली के बड़े फॉल्ट होने से बचाया जा सकेगा। इसमें उपकेंद्र, फीडर, लाइन उपभोक्ता द्वारा खर्च की जा रही बिजली के सही खर्च का ब्योरा भी मिलेगा।

# आज भारत की तरफ कोई आंख नहीं उठा सकता, ये है मोदी की गारंटी: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित
- बोले, देशवासियों में साफ दिख रही तीसरी बार मोदी सरकार को लाने की उत्सुकता
- सीएम ने की अपील, खुद वोट करें और अपने साथ दो परिवारों को भी ले जाएं
- मोदीजी ने कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर दुनिया को बताया देश में है सशक्त सरकार



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

कांग्रेस और सपा का इतिहास प्रभु राम का विरोध करने वाला रहा है। कांग्रेस कहती थी कि प्रभु राम हुए ही नहीं जबकि सपा कहती थी कि अयोध्या में एक भी परिंदा पर नहीं मार सकता है। यह इनका दोहरा चरित्र है। ऐसे में आप सभी को इन पर कभी विश्वास नहीं करना है। देश को सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए तीसरी बार फिर से मोदी सरकार बनानी है। अब तक दो चरणों में 191 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यहां पर लोगों के मन में मोदी सरकार को दोबारा लाने के लिए एक नई उत्सुकता देखने को मिली है। यह अचानक नहीं हुआ बल्कि पिछले 10 वर्षों में देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो परिवर्तन किया गया है, यह इसी का नतीजा है। हम अगर वर्ष 2014 से पहले और बाद के कार्यों की तुलना करें तो जमीन-आसमान का अंतर नजर आएगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उन्नाव लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी और सांसद साक्षी महाराज के पक्ष में वोट की अपील की।

### हम गौकशी बर्दाश्त नहीं कर सकते

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने शासनकाल में आतंकवादियों के मुकदमे वापस ले रही थी। इन लोगों ने अयोध्या, रामपुर में सीआरपीएफ कैंप, काशी में संकटमोचन मंदिर, लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी की कचहरी पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का प्रयास किया था। इस पर न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि आज आप इनके मुकदमे वापस लेने की बात कह रहे हैं और कल इन्हें पद्म पुरस्कार से नवाजेंगे। इसके बाद न्यायालय ने समाजवादी पार्टी को रोका था। सरकार का यह कृत्य खतरनाक व निंदनीय है। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में जहां एक ओर रामलला विराजमान हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर बड़े-बड़े माफिया की राम नाम सत्य की यात्रा निकल रही है। सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन के मेनिफेस्टो में अल्पसंख्यकों को खाने पीने की पूरी स्वतंत्रता देने की बात कही गयी है। यह जनता को नहीं बता रहे हैं कि ऐसा कौन सा खानपान है जो बहुसंख्यक समाज नापसंद करता है। दरअसल, बहुसंख्यक समाज गौ माता की पूजा करता है और वह गौकशी को बर्दाश्त नहीं कर सकता है। वहीं अल्पसंख्यक समाज गौमांस को पंसद करता है। ऐसे में हम किसी की रुचि के अनुसार खान-पान की स्वतंत्रता कतई नहीं देंगे।

### कश्मीर में धारा 370 समाप्त कर दुनिया को बताया देश में है सशक्त सरकार

मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ ने अपील की कि आतंकवादियों के समर्थक और राम का अपमान करने वालों को वोट नहीं देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में धारा 370 समाप्त करके दुनिया को बता दिया कि देश में सशक्त और दृढ़ इच्छा रखने वाली सरकार है। सीएम ने कहा कि बीजेपी के नेतृन्व वाली मोदी सरकार ही ऐसे कड़े कदम उठा सकती है, जो पिछले सरकारें नहीं कर सकीं। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग देशवासियों को न सम्मान दिला सकते हैं और न ही सुरक्षा दे सकते हैं। सीएम योगी ने कहा कि मोदी सरकार ने दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाने के साथ नए भारत और उसकी सोच को साफ कर दिया है। अब भारत की तरफ कोई भी आंख उठाकर नहीं देख सकता है। यही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कांग्रेस पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि विनाश काले विपरीत बुद्धि यही कांग्रेस का हाल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जीवन भर पाप किया। उन्हे अब जाते-जाते अच्छे काम करने चाहिये, लेकिन वह जाते-जाते भी अपना नरक बिगाड़ना चाहते हैं। सीएम ने वोटिंग की अपील करते हुए कहा कि हमें अति आन्मविश्वास से बचना होगा। 13 मई को भीषण गर्मी होगी, लेकिन उस दौरान हम सभी को अपना दायिन्व निभाना है। हम सभी को पहले मतदान फिर जलपान को आन्मसात करते हुए अपने साथ दो और परिवारों को मतदान के लिए साथ लेकर जाना है। कार्यक्रम में विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, मंत्री दया शंकर सिंह, विधायक आशुतोष शुक्ला, पंकज गुप्ता, बृजेश रावत, बंबालाल दिवाकर, श्रीकांत कटियार, जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार, जिला पंचायत अध्यक्ष सकुन सिंह, लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## मतदाता निर्भीक होकर करें मताधिकार: जिला निर्वाचन अधिकारी

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 की मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु कृषि उत्पादन मंडी समिति से पार्टी रवानगी के दौरान विधानसभावार बने कार्मिक पंडाल का निरीक्षण कर मतदान कार्मिकों से संवाद करते हुये कहा कि पीठासीन, मतदान अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष,शांतिपूर्वक संपन्न कराएं, मतदान केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में पीठासीन अधिकारी को निर्वाचन आयोग ने समस्त अधिकार प्रदत्त किए हैं उक्त सीमा में पीठासीन अधिकारी का आदेश सर्वमान्य होगा,सभी मतदान कार्मिक निर्भीक होकर मतदान दिवस को पर्व के रूप में मनाकर निष्पक्ष रहकर शान्तिपूर्ण ढंग से मतादन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में अपना योगदान दें,मतदान प्रक्रिया को सुचारू एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में सबसे अहम भूमिका मतदान कार्मिकों को निभानी है,आप सब निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ कर अपने-अपने बूथ पर स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान कराना सुनिश्चित करे।उन्होने बताया कि मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु जनपद की विधानसभा 107-मैनपुरी,108-भोगांव, 109-किशनी एवं 110-करहल में स्थापित कुल 1646 मतदेय स्थलों पर निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु मतदान कार्मिक रवाना हो चुके हैं।

## सभी मिलकर प्रयास करें एक भी मतदाता न छूटने पाए: स्मृति




- मिश्रा ने कहा कि इस बार कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित नहीं रहना चाहिए

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत पी0एस0एम0 डिग्री कालेज, कन्नौज में किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन। प्रशिक्षु आई0ए0एस0 ने छात्र-छात्राओ का किया उत्साह वर्धन। मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप-2024) के अंतर्गत पी0एस0एम0 डिग्री कालेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आयोजित कार्यक्रम में राजकीय महिला महाविद्यालय, बांगर एवं चौधरी चन्दन सिंह डिग्री कालेज कन्नौज के 18 वर्ष से अधिक उम्र के 300 युवा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों द्वारा मतदान गीत सुनाया गया, जो मनमोहक रहा द्य तथा मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर सुश्री मिश्रा ने कहा कि 13 मई को कन्नौज में रिकार्ड तोड़ मतदान हो ऐसा हम सभी का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि माता-पिता, भाई-बहन मतदान दिवस के दिन मतदान करने अवश्य जाये विद्यार्थी अपने माता-पिता,भाई-बहन को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए युवा मतदाता अपने पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान करें और मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। सुश्री मिश्रा ने कहा कि इस बार कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित नहीं रहना चाहिए, यह हम सभी की जिम्मेदारी है, 13 मई को प्रत्येक मतदाता मतदान अवश्य करें। इस अवसर प्राचार्य डा0 अजय सिंह सहित अन्य अधिकारीगण व अध्यापक उपस्थित रहें।

# बच्चे ने बताया हुआ अपहरण, मां ने वीडियो जारी कर घटना को फर्जी बताया

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

### मां ने वीडियो जारी करके झूठी कहानी बताई

बच्चे के अपहरण मामले को कन्नौज पुलिस ने झूठा करार दिया। पुलिस की तरफ से बच्चे और उसकी मां का एक वीडियो जारी किया गया, जिसमें बच्चा अनस और उसकी मां का कहना है कि वह अपने आप कहीं चला गया था। जिसके कुछ देर बाद वापस आ गया। पुलिस की तरफ से बताया गया कि अपहरण की घटना झूठी है और ये बच्चा पहले भी कई बार घर से नाराज हो जा चुका है।

एक बच्चे का ओमनी सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया। कन्नौज के हरदोई मोड़ पर उनके चंगुल से छूटकर बच्चा पीआरडी जवान के पास पहुंच गया। यहां उसने बदमाशों से खुद को बचाने की गुहार लगाई। इसके बाद बच्चे के परिजनों को मामले की सूचना दी गई। वहीं, कुछ देर बाद बच्चे की मां ने वीडियो जारी करके अपहरण की घटना को झूठा बताया है। हरदोई मोड़ पर पिकेट ड्यूटी पर तैनात पीआरडी जवान राजीव के पास सोमवार सुबह एक बच्चा पहुंचा, जो कि घबराया हुआ था। बच्चे ने बताया कि कुछ लोगों ने उसका अपहरण कर लिया था। उनके चंगुल से छूटकर किसी तरह खेतों में छिपते-छिपाते वह वहां पहुंचा है। बच्चे की बात सुनकर पीआरडी जवान सतर्क हो गए। पूछताछ में बच्चे ने बताया कि उसका नाम मोहम्मद अनस और पिता का नाम मोहम्मद राशिद है, जोकि गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के समधन कस्बे का निवासी है। उसकी उम्र 12 साल है और वह कक्षा 6 का छात्र है। सोमवार सुबह 7 बजे वह स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। कुछ दूरी पर जाने के बाद एक ओमनी कार आकर उसके पास रुकी, जिसमें 3 लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि आओ हम तुमको स्कूल छोड़ देंगे। हमने मना किया, लेकिन उन लोगों ने हाथ खींचकर बैठा लिया। उनके पास तमंचा भी था। रास्ते में उन लोगों ने नाम पूछा और हमें कन्नौज तक ले आए। यहां गाड़ी रोककर वह लोग आपस में कुछ बात करने लगे तो मौका देखकर अनस पास के खेत में जाकर छिप गया। थोड़ी देर छिपे रहने के बाद वह खेतों के रास्ते हरदोई मोड़ तिराहे पर पहुंच गया। यहां उसने पीआरडी जवान को पूरा घटनाक्रम बताया। पीआरडी जवान राजीव ने अनस के घर वालों से फोन पर सम्पर्क किया और फिर बच्चे को उनके हवाले कर दिया।





# पत्नी को मारपीट कर घायल करने के बाद खुद फांसी के फंदे पर झूला पति

- घायल पत्नी का एक निजी अस्पताल में चल रहा उपचार

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर कस्बे के मुरादनगर में रविवार रात एक युवक ने आपस में हो रहे विवाद में पत्नी को छत से गिरने के बाद पुलिस के भय से घर के अंदर कमरे में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना और पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की। मुरादनगर निवासी चुन्नीलाल का 45 वर्षीय पुत्र रामदास पेशे से ट्रक ड्राइवर था। शराब का लती रामदास अपनी पत्नी और बेटा व बेटी के साथ रहता था। आस पड़ोस के लोगों के अनुसार रविवार रात भी वह शराब के नशे में था। देर रात घर पर सोने के लिए पहुंचने के बाद पति-पत्नी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने लगा और आपस में मारपीट के दौरान पति का धक्का लगने से पत्नी छत से नीचे आ गिरी। घायल महिला को परिजनों और आज पड़ोस के लोगों ने आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया जहां अभी भी उसका उपचार चल रहा है। वहीं घटना के बाद मूर्क्षित पत्नी को मरा समझकर पति मौके से फरार हो गया और देर रात घर पहुंचने के बाद उसने पुलिस के डर से कमरे में छत के कुंडे में साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह अस्पताल से घर पहुंचे परिजनों को युवक को फांसी पर लटका देखकर घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की और शव को फांसी से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी केशव तिवारी के अनुसार मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाही की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता को फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा

जन एक्सप्रेस/औरैया। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र (इपिक) प्रस्तुत करना होगा,परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है,उन्हें अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते है।उन्होने 12 वैकल्पिक दस्तावेजो के सम्बन्ध में बताया है कि आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड,बैंकोध्डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक,श्रम मंत्रालय की योजना के अर्न्तगत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन कार्ड,एन0पी0आर0 के अन्तर्गत आर0जी0आई0 द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड,भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,केन्द्र,राज्य सरकार,लोक उपक्रम,पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदो,विधायकों,विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आई0डी0 (यू0डी0आई0डी0) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार है। उन्होने बताया है कि मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये मतदाता पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई 01 साथ लाना अनिवार्य होगा।

### 20 वर्षीय नव युवक की हुई ट्रेन से कट कर मौत

जन एक्सप्रेस/औरैया। 20 वर्षीय नव युवक पिंकी उर्फ राजबीर पुत्र श्यामबीर उर्फ पप्पू निवासी ग्राम पुर्वा मकू थाना फफूंद की बीती रात्रि अज्ञात कारणों से रेल से कट कर मौत को गई।जानकारी के अनुसार मृतक के बड़े भाई की अभी कुछ दिन पहले शादी हुई थी, उसी का भोज कार्यक्रम चल रहा था,इसके बाद सभी सो गए, सुबह जब देखा तो राजबीर घर नहीं था तलासने पर भी नहीं पता चला फिर मृतक का फोन लगाया तो जी आर पी के जवानों का जबाब आया कि जिस का फोन है वह पाता स्टेशन से200 मीटर पूर्व साइड रेल लाइन पर कटा व मरा पड़ा मिला है,परिजनों ने मोबाइल पर फोटो पहचानी तो राजबीर था,मृतक दो भाई में सबसे छोटा था,माता पिता और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए चिचौली भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव पोस्टमार्टम हाउस में ही था।

### जितेन्द्र दोहरे के समर्थन में सपाइयों ने मांगे वोट

जन एक्सप्रेस/औरैया। लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही समाजवादी पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ने चुनावी सम्पर्क तेज कर दिया है।रविवार शाम दिबियापुर नगर के संत रविदास नगर,नेहरु नगर एवं संजय नगर वार्ड में मतदाताओं से सपा कार्यकत्ताओं ने घर घर जाकर सम्पर्क किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने इण्डिया गठबंधन के इटावा लोक सभा प्रन्याशी जितेन्द्र दोहरे को वोट देने की अपील करते हुये घोषणा पत्र वितरित किए।पूर्व चेयरमेन राजेन्द्र प्रसाद अम्बेडकर,वरिष्ठ नेता बारेलाल पाल विधान सभा अध्यक्ष बीरेन्द्र राजपूत एवं नगर अध्यक्ष रवीन्द्र पोरवाल के नेतृन्व में विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल,पूर्व प्रधान अश्वनी शर्मा,पूर्व सभासद उदयवीर सिंह यादव,चंदन दोहरे, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष भाऊ यादव,पूर्व सभासद प्रमोद यादव, अमित वर्मा,सुबोध यादव,सर्वेश दोहरे,बबलू नायक,गोविन्द पोरवाल,राकेश यादव एवं संजीव चौधरी आदि सपा कार्यकर्त्ताओं ने वोट मांगे।इस दौरान कार्यकत्ताओं ने सात मई को औरैया में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की चुनावी रैली में शामिल होने के लिये लोगों से भी अपील की।



# महाराणा प्रताप के अपमान से क्षत्रिय समाज आंदोलित

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

दो दिन पहले मैनपुरी में अखिलेश-डिम्पल के रोड-शो के दौरान महाराणा प्रताप की मूर्ति के अपमान से कन्नौज के क्षत्रिय समाज के लोगों में आक्रोश है। क्षत्रियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और महाराणा प्रताप के अपमान का बदला लेने की हुंकार भरी। दरअसल मैनपुरी जिले के करहल चौराहे पर सपा मुखिया अखिलेश यादव अपनी पत्नी व पार्टी प्रत्याशी डिम्पल यादव के साथ रोड-शो कर रहे थे।

तभी कुछ उत्साहित सपा समर्थक चौराहे पर लगी महाराणा प्रताप की मूर्ति पर जूते पहनकर चढ़ गए। भाले की जगह मूर्ति के हाथ में सपा का झंडा लगा दिया और फिर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी की गई। ये वीडियो वायरल हुई तो क्षत्रिय समाज के लोगों में आक्रोश पनप गया। सोमवार को क्षत्रिय समाज के लोग एकजुट होकर कन्नौज कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां नारेबाजी करते हुए उन्होंने महाराणा प्रताप का अपमान करने वालों के खिलाफ जमकर नारेवाजी की। भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि जिन लोगों ने हमारे महापुरुष की प्रतिमा का अपमान किया है। हम सब उन्हें सबक सिखाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा महाराणा प्रताप ने घास की रोटी खाकर भी मुगलों से युद्ध लड़े। ऐसे प्रतापी राजा की प्रतिमा के साथ किए गए अपमान का बदला हम सब वोट की चोट से करेंगे। क्षत्रिय समाज के लोगों ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस मौके पर हरिबक्श सिंह, अशोक सिंह, अभिमन्यु सिंह, ओम प्रताप, राघव प्रताप, कप्तान सिंह चौहान, शिवम भदौरिया, दीपक चौहान, पंकज भदौरिया आदि रहे।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से किया जागरूक

औरैया। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देशों में निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु शतत किये जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता शपथ ग्रहण, छात्र-छात्राओं की श्रृंखला, मतदाता जागरूकता अंतर्गत परिचर्चा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यालय के छात्र-छात्राये अपने मताधिकार के मूल को समझने तथा आमजन एवं अपने अभिभावकों को भी जागरूक करें कि लोकतंत्र की स्थापना में मताधिकार का जितना महन्व है और आपके मत का महन्व सामान्य है इसमें किसी प्रकार का छोटे बड़े ऊंचे-नीचे का भेदभाव नहीं होता है।





# अखिलेश ने लिया बाबा गौरीशंकर का आशीर्वाद

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

- रूठे और पुराने समाजवादियों से घर घर जाकर मिले
- बसपा पर हमलावर, बोले बसपा को वोट देना मतलब वोट खराब करना

कन्नौज पहुंचे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने ऐतिहासिक शक्ति पीठ गौरीशंकर मन्दिर में मत्था टेका। यहां उन्होंने पूजा-पाठ किया। इसके बाद वह पार्टी नेताओं से मुलाकात करने के लिए उनके घर पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं की भीड़ उनके साथ रही। अखिलेश ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी भाजपा का सहयोग कर रही है। कभी सामने से तो कभी पीछे से। इसलिए बसपा को वोट देने का मतलब है अपना वोट खराब करना। मैं बहुजन समाज के लोगों को कहूंगा कि बहुजन समाज पार्टी को वोट देना अपना वोट खराब करना है, वो बीजेपी का साथ दे रहे हैं चाहे सामने से चाहे पीछे से..। जौनपुर और बस्ती के बीएसपी टिकट अचानक बदले गए तो अखिलेश यादव ने बीएसपी पर डायरेक्ट अटैक कर दिया। जौनपुर से धनंजय सिंह की पत्नी श्री कला सिंह और बस्ती से दया शंकर मिश्रा का टिकट बदल कर दूसरे प्रत्याशी मायावती ने उतारे। आज नामांकन का आखिरी दिन था। उन्होंने कहा कि कन्नौज में समाजवादी पार्टी रिकार्ड वोटों से चुनाव जीतेगी। बोले कि जिन लोगों ने बातें झूठी की हों और वायदे झूठे किए हों, उनसे जनता बीच चुनाव में सच्चे सवाल पूछ रही है। किसानों की आय दोगुनी क्यों नहीं हुई। नौजवानों को नौकरी क्यों नहीं मिली, महंगाई क्यों इतनी बढ़ गई। विकसित भारत का सपना दिखाने वाले लोग भ्रष्टाचार की सीमा तक पहुंच गए।

### जनता ने भाजपा का चुनाव पलट दिया

उन्होंने कहा कि जितना मतदान पहले और दूसरे चरण में हुआ, उससे बेहतर मतदान तीसरे चरण में होने जा रहा है। जनता ने भाजपा का चुनाव पलट दिया है। भाजपा का इस बार सब गणित फेल है। अब मन की बात नहीं चलेगी, संविधान की बात चलेगी। भाजपा के लोग संविधान बदलना चाहते हैं, लेकिन चुनाव बाद सपा के हर कार्यालय में संविधान का मंदिर बनाने का काम हम लोग करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि ये चुनाव समुद्र मन्थन की तरह हैं। एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान की रक्षा करना चाहते हैं और दूसरी तरफ वो लोग है जो संविधान के भक्षक है। इसलिए भाजपा का सफाया होना निश्चित है। मैनपुरी में अखिलेश-डिम्पल के रोड-शो के दौरान महाराणा प्रताप की मूर्ति के अपमान मामले पर सवाल का जवाब देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग इस मामले में राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार भीड़ में नासमझ लोग भी होते हैं, जो मूर्ति पर चढ़ गए। लेकिन पुलिस ने उनके खिलाफ़ संगीन धाराओं में कार्रवाई कर दी। जबकि बाद में वहां कुछ लोगों ने खुलेआम गालियां दीं और आपत्तिजनक नारे लगाए, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने सपा कार्यकर्ताओं के म्यूट वीडियो वायरल किए हैं, ये भाजपा की साजिश है। अखिलेश आज दिन भर सपा के दिग्गज किन्तु इस चुनाव में लगभग निष्क्रिय या तटस्थ लोगों के घर जाकर उनसे मिले और सक्रिय होने का आह्वान किया। सारे प्रोटोकाल से परे अखिलेश, गुड्डू सक्सेना, फैज़ान मलिक, सुनील गुप्त उर्फ मुन्ना भैया जैसे दर्ज़नो पुराने समाज़वादियो के घर गए और उनसे आशीर्वाद मांगा।

# ओडिशा में कांग्रेस पस्त, बीजेडी अस्त

## मोदी बोले, 4 जून राज्य की बीजेडी सरकार की एक्सपायरी डेट, नई सरकार का निमंत्रण देने आया हूं



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बहरामपुर/नवरंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ओडिशा के बहरामपुर और नवरंगपुर में रैली की। उन्होंने कहा- कल मैं प्रभु राम की नगरी अयोध्या में था। आज महाप्रभु जगन्नाथ की धरती पर आया हूं। ओडिशा में इस बार 2 यज्ञ एक साथ हो रहे हैं। एक यज्ञ देश में, हिंदुस्तान में मजबूत सरकार बनाने के लिए है। और दूसरा यज्ञ ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व वाली मजबूत राज्य सरकार बनाने का है। आप जानते हैं कि भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है। इसलिए, यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल करेंगे। ये मोदी की गारंटी है। 4 जून पर यहां की बीजेडी सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। आज 6 मई है, 6 जून को बीजेपी के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में बीजेपी के मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। मैं आज सबको भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह के लिए निमंत्रण देने आया हूं। मोदी बोले- ओडिशा में बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं। सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है। ओडिशा में करीब 50 साल तक कांग्रेस और करीब 25 साल तक बीजेडी रही, लेकिन क्या हुआ, सबने देखा।

### केंद्र की योजनाओं पर राज्य सरकार अपना फोटो लगवाती है

पीएम बोले, केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपए ओडिशा को दिए। वो पैसे यहां की सरकार सही से खर्च ही नहीं कर पाई। मोदी गांव में सड़कें बनाने के लिए पैसा भेजता है, लेकिन यहां गांवों में सड़कों की हालत खराब है। मोदी दिल्ली से मुफ्त चावल के लिए पैसे भेजता है, लेकिन बीजेडी सरकार इस योजना पर भी अपना फोटो चिपका देती है।

### भाजपा ने ओडिशा की बेटी को देश का सबसे बड़ा पद दिया

प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा ने बहुत गौरव से ओडिशा की मिट्टी में जन्मी, ओडिशा की बेटी को देश का सबसे बड़ा पद दिया है। ये मेरा सौभाष्य है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी मुझे लगातार ओडिशा के विकास के लिए बहुत बारीक-बारीक चीजें बताती हैं।

### ओडिशा में उड़िया संस्कृति को समझने वाला सीएम चाहिए

मोदी बोले- ओडिशा में उड़िया संस्कृति को समझने वाला, जीने वाला, गर्व करने वाला और उड़िया संस्कृति के लिए समर्पित भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा, तो आपकी समस्याओं का तेजी से समाधान होगा। इसलिए, भाजपा के मुख्यमंत्री, भाजपा की सरकार का शपथ समारोह होना चाहिए और आपको उसमें आना चाहिए।

### पीएम मोदी ने बीजद सरकार को घेरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है। यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल करेंगे। बीजद पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, 卐चार जून पर यहां की बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। आज छह मई है, छह जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। मैं आज सबको भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह के लिए निमंत्रण देने आया हूं।

### बीजद पर लगाए केंद्र से पैसे हड़पने का आरोप

प्रधानमंत्री ने ओडिशा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपये राज्य को दिए। वो पैसे यहां की सरकार सही से खर्च ही नहीं कर पाई। उन्होंने बताया कि गांव की सड़कें बनाने के लिए केंद्र से पैसे भेजे गए, लेकिन गांवों में सड़कों की हालक अभी भी खराब है। दिल्ली से मुफ्त चावल के लिए पैसे भेजे गए, लेकिन बीजद सरकार इस योजन पर भी अपनी फोटो चिपका देती है।

### अमीर ओडिशा के लोग गरीब बने हुए हैं

प्रधानमंत्री ने कहा- ओडिशा में उपजाऊ भूमि, खनिज संसाधन, समुद्री तट, बरहामपुर जैसा व्यापार केंद्र, संस्कृति, विरासत और न जाने क्या-क्या है। फिर भी, इस अमीर ओडिशा के लोग गरीब बने हुए हैं। इस पाप के लिए कौन जिम्मेदार है ? जवाब है कांग्रेस और बीजेडी! बीजेडी के छोटे छोटे नेता भी बड़े बड़े बंगलों के मालिक हो गए हैं।

# मंत्री पीएस के नौकर के घर मिला 25 करोड़ कैश

## ईडी ने झारखंड में 9 ठिकानों पर छापा मारा, पीएस के करीबी ठेकेदार के घर भी 3 करोड़ बरामद



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची

झारखंड की राजधानी रांची में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने 9 जगह छापा मारा। ईडी को अब तक 28 करोड़ से ज्यादा कैश मिला है। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पर्सनल सेक्रेटरी संजीव लाल के नौकर जहांगीर, पीएस के करीबी ठेकेदार मुन्ना सिंह, रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के इंजीनियर विकास कुमार और कुलदीप मिंज के घर रेड डाली गई। इसके अलावा 3 और ठिकानों पर छापा मारा गया। पीएस संजीव के नौकर जहांगीर के घर 25 करोड़ और करीबी मुन्ना के यहां 3 करोड़ से ज्यादा का कैश मिला है। ईडी की टीम ने नोट गिनने की मशीनें और कैश वैन बुलाई है। अबतक नोट गिनने की चार मशीनें घर के अंदर गई है। सूत्र बताते हैं कि पैसे इतने है कि गिनते गिनते मशीन गर्म हो रही है। दोपहर बाद एक और गाड़ी मशीन लेकर पहुंची है।

### पीएस पहले भी 2 मंत्रियों के साथ रह चुका: मंत्री आलमगीर

मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि संजीव लाल एक सरकारी मुलाजिम है और पहले भी दो मंत्रियों के पीएस रह चुके हैं। अनुभव के आधार पर ही उन्हें नियुक्त किया गया था। ईडी अपनी कार्रवाई कर रही है, उसके बाद देखेंगे क्या होता है।

### पीएम बोले, झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे

ओडिशा के नबरंगपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- आज पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि चोरी किया माल पकड़ रहा है मोदी वहां। अब आप मुझे बताइए, अगर मैं उनकी चोरी बंद कर दूं, उनकी कमाई बंद कर दूं, उनकी लूट बंद कर दूं, तो क्या वे मोदी को गाली देंगे या नहीं? लेकिन मुझे ये काम करना चाहिए या नहीं? मुझे आपके हक का पैसा बचाना चाहिए कि नहीं?

### कांग्रेस प्रत्याशी की पार्टी की यही कहानी: निशिकांत

बीजेपी प्रन्याशी निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर ईडी की कार्रवाई और कैश का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा, 30 करोड़ से ज्यादा कैश, काउंटिंग जारी है। भ्रष्टाचार शिरोमणि हेमंत सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के खिलाफ कार्रवाई। ये है प्रदीप यादव की पार्टी की कहानी। बता दें कि झारखंड की गोड्डा लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस ने प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाया है।

# सेना ने 2 आतंकियों के स्कैच जारी किए, 20 लाख का इनाम भी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पुंछ में 4 मई को एयरफोर्स के काफिले पर हमला हुआ था, जिसमें 1 जवान कॉर्पोरल विक्की पहाड़े शहीद हो गए थे और 4 अन्य जवान घायल हो गए थे। सोमवार को सेना ने हमले में शामिल आतंकियों के स्कैच जारी किए हैं। साथ ही उन पर 20 लाख के इनाम का ऐलान भी किया है। इसी हमले के सिलसिले में पुलिस ने पूछताछ के लिए करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं पुंछ के डन्ना टॉप, शाहस्टार, शिंद्रा और सनाई टॉप इलाकों में बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान तीसरे दिन भी जारी है।

# एसआईटी ने बंगलूरू में घटनास्थल का किया निरीक्षण, एचडी रेवन्ना के आवास पर कार्रवाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

एक महिला के कथित अपहरण और अवैध रूप से बंधक बनाकर रखने के मामले में जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामले की जांच तेज हो गई है। विशेष जांच टीम ने सोमवार को बंगलूरू के बसवनगुड़ी स्थित उनके आवास का दौरा किया। इस दौरान टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। रेवन्ना परिवार की अनुपस्थिति में एसआईटी टीम ने उनके वकील गोपाल को घटनास्थल पर बुलाया। दो दिन पहले ही एसआईटी ने हासन जिले के होलेनरसीपुरा स्थित विधायक के घर का भी निरीक्षण किया था। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पुत्र रेवन्ना इन दो मामलों में घिरे हुए हैं। दोनों मामलों की जांच तेजी से चल रही है। पहला मामला घरेलू सहायिका के यौन उत्पीड़न से जुड़ा है, जिसमें रेवन्ना का बेटा भी आरोपी है। इसके अलावा दूसरा मामला दो मई को दर्ज अपहरण के मामले से जुड़ा है। प्रज्वल की ओर से कथित तौर पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने वाले वीडियो बड़ी संख्या में वायरल होने के बाद पीड़िता के बेटे ने आरोप लगाया कि रेवन्ना का सहायक सतीश बबन्ना उसकी मां को 29 अप्रैल को एक मोटरसाइकिल पर बिठाकर ले गया और उसे अवैध रूप से बंधक बनाकर रखा।

# आप दिलीप घोष को जिता दो, गुंडों को हम सीधा कर देंगे: अमित शाह



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दुर्गापुर

तीसरे चरण के मतदान से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में चुनाव प्रचार किया। दुर्गापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर तंज करते हुए कहा कि टीएमसी के गुंडे यहां की गरीब मजदूरों की मजदूरी की उगाही करके भतीजे को देते हैं। रैली में भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष का समर्थन करते हुए अमित शाह ने कहा, एक बार यहां से दिलीप घोष को जिता दो, इन गुंडों को हम सीधा कर देंगे। उन्होंने टीएमसी पर कटाक्ष करते हुए कहा, ये लोग कटमनी चलाते हैं, घुसपैठ कराकर अपना वोट बैंक बनाते हैं। ममता दीदी, आपको शर्म आनी चाहिए, सरहदी राज्य में आप घुसपैठ को बढ़ावा देती हो और घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाती हो। सोमवार को हुगली में बस विस्फोट पर अमित शाह ने कहा कि बंगाल में भ्रष्टाचार और चुनावी हिंसा आम हो चुकी है। ममता बनर्जी डराना चाहती है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने केंद्रीय बलों को तैनात किया है। अमित शाह ने लोगों से से कहा कि उन्हें ममता बनर्जी से डरने की कोई जरूरत नहीं है।


### संदेशखाली मामले में फिर एक बार ममता सरकार को घेरा

संदेशखाली मुद्दे पर अमित शाह ने फिर एक बार ममता सरकार को घेरा। उन्होंने टीएमसी पर धर्म के आधार पर सैकड़ों महिलाओं पर अन्याचार करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कहा, 卐ममता बनर्जी संदेशखाली के अपराधियों को पकड़ने को तैयार नहीं थीं। हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी जांच नहीं की, तो हाई कोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंपी।卐 उन्होंने बंगाल की सीएम से कहा, 卐आपको शर्म आनी चाहिए, आप महिला मुख्यमंत्री हो और आपकी नाक के नीचे सैकड़ों माताओं-बहनों पर अन्याचार हुआ, लेकिन आपके पेट का पानी नहीं हिला। अमित शाह ने आगे कहा कि संदेशखाली में जिसने अन्याचार किया है, वो अगर पाताल में भी छिप जाए तो भी हम उसे जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा देंगे।

# पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी: फारूक अब्दुल्ला

## कहा, हम पर उसका एटम बम गिरेगा, राजनाथ सिंह के पीओके पर दिए बयान पर कमेंट किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने कहा, पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं और उसके पास परमाणु बम भी हैं जो हम पर गिरेंगे। उनकी ये टिप्पणी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 'पीओके का भारत में विलय होगा' के बयान पर आई है। अप्रैल महीने में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में रैली को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत में हो रहे विकास को देखते हुए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोग खुद भारत के साथ रहने की मांग करेंगे।

### पीओके हमारा था, है और हमारा रहेगा: राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह ने कहा था कि चिंता मत करें, पीओके हमारा था, है और हमारा रहेगा। भारत की ताकत बढ़ रही है। दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है और हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। अब पीओके में हमारे भाई-बहन खुद भारत के साथ आने की मांग करेंगे।

### पुंछ हमले पर भी सवाल उठाए

फारूक अब्दुल्ला ने पुंछ हमले पर भी सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि, यह बहुत अफसोसजनक है। वे (बीजेपी) कहते थे कि आतंकवाद के लिए 370 जिम्मेदार है तो आज 370 नहीं है, अब इस देश में आतंकवाद है या नहीं, इसका जवाब आप गृह मंत्री अमित शाह से पूछें? हमारे सिपाही रोज शहीद होते हैं लेकिन वे खामोश हैं।

# अरब सागर से तटरक्षक बल ने पकड़ा ईरानी जहाज, छह भारतीय चालक दल की शिकायत के आधार पर हुई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय तटरक्षक बल ने एक बार फिर अरब सागर में कार्रवाई की है। तटरक्षक बल ने अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को हिरासत में लिया है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो जहाज में सवार छह भारतीय चालक दल के सदस्यों को अनुबंध के आधार पर ईरान ले जाया जा रहा था लेकिन नाव के मालिक द्वारा शोषण और दुर्व्यवहार की रिपोर्ट मिलते ही उन्हें पकड़ लिया गया। भारतीय तट रक्षक समुद्री सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की। जहाज को कोच्चि लाया गया है। यहां आरोपों सहित अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी।

### ट्वीट कर दी जानकारी

भारतीय तटरक्षक दल ने एक्स पर पोस्ट करते हिए कहा कि केरल तट के पश्चिम में अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को रोका और हिरासत में लिया। जहाज में छह भारतीय सवार थे, जो ईरान में अनुबंध के आधार पर कार्यरत थे। चालक दल ने नाव के मालिक पर शोषण का आरोप लगाया था। समुद्री सुरक्षा को कायम रखना हमारी प्रतिबद्धता है। आईसीजी की कार्रवाई नाविकों की भलाई की रक्षा और समुद्री कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समर्पित है। हालांकि, अभी तक अधिकारियों ने शोषण के प्रकृति का खुलासा नहीं किया है।

### भारतीय तटरक्षक बल ने बांग्लादेशी मछुआरों की भी जान बचाई

भारतीय तट रक्षक बलों हाल ही में बीच समुद्र में फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों की जान बचाई और एक दिन बाद उन्हें बांग्लादेश को सौंप दिया। भारतीय तट रक्षक बल ने पहले तो उनकी नांव को ठीक करने की कोशिश की थी, जब नांव ठीक नहीं हो पाई तो सभी को सुरक्षित निकाल लिया। कोलकाता स्थित भारतीय तट रक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा, तट रक्षक बल का आदर्श वाक्य है वयम् रक्षाम (हम रक्षा करते हैं), जिसे हमने साबित करके दिखाया।

# सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से कहा, कलेक्टरों को अनावश्यक रूप से परेशान न करें, अवैध रेत खनन से जुड़ा है मामला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रेत के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से कहा कि वे तमिलनाडु के पांच जिला अधिकारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न करें। दरअसल, राज्य ने अदालत में शिकायत करते हुए कहा था कि उनके अधिकारियों को रात साढ़े आठ बजे तक ईडी दफ्तर में बैठाया रखा गया। बता दें. इससे पहले दो अप्रैल को अदालत ने पांचों जिला अधिकारियों को ईडी के समक्ष पेश न होने के कारण फटकार लगाई थी। साथ ही अदालत ने पांचों अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे 25 अप्रैल तक ईडी के समक्ष पेश हों।

### सुनवाई के दौरान क्या हुआ

सोमवार को न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि जिला कलेक्टर ईडी के सामने पेश हुए थे। इस पर ईडी के वकील ने कहा कि वे ईडी के समझ पेश जरूर हुए लेकिन उन्होंने अभी तक एजेंसी को एक भी दस्तावेज नहीं सौंपे हैं। सिब्बल ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि जांच एजेंसी ने समन के जरिए जो कुछ भी मांगा था।

### पिछली सुनवाई में पीठ ने अधिकारियों को लगाई थी फटकार

दो अप्रैल को मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के पांचों कलेक्टरों को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर वे रेत खनन मामले में समन का जवाब देने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं होते तो मुश्किल में पड़ सकते हैं। पीठ ने ईडी के समन पर अधिकारियों के पेश नहीं होने पर आपत्ति जताई थी। पीठ ने कहा था कि इससे पता चलता है कि अधिकारियों के मन में न तो अदालत का सम्मान है और न ही कानून का। इस तरह के दृष्टिकोण की कड़ी निंदा की जाती है। अदालत ने उन्हें 25 अप्रैल को सभी डाटा के साथ ईडी के सामने पेश होने का आखिरी मौका दिया था।

# हाईकोर्ट से झटका मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे पूर्व सीएम सोरेन, ईडी द्वारा गिरफ्तारी को दी चुनौती



✻ हाल ही में सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली एक याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की थी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दरअसल, हाल ही में सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली एक याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। इसी के खिलाफ सोमवार को पूर्व सीएम ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया और उनकी याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह इस अनुरोध पर गौर करेगी। झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली सोरेन की रिट याचिका खारिज कर दी थी और उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था।

### ईडी को दिया गया था एक सप्ताह का समय

बता दें कि हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जमीन से जुड़े घोटाले के मामले में धन शोधन का आरोप है। पूर्व सीएम फिलहाल रांची की बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को एक और सप्ताह का समय दिया गया था।

### रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है जांच

सोरेन के खिलाफ जांच रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है। ईडी का आरोप है कि इसे अवैध रूप से कब्जे में लिया गया था। एजेंसी ने सोरेन, प्रसाद और सोरेन के कथित फ्रंटमैन राज कुमार पाहन और हिलारियास कच्छप तथा पूर्व मुख्यमंत्री के कथित सहयोगी बिनोद सिंह के खिलाफ 30 मार्च को यहां विशेष पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दायर किया था। सोरेन ने रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने यह आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी।

# एसआईटी ने महिलाओं के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर, पीड़िताओं से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करेगी टीम



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

कर्नाटक में हासन के जेडीएस सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पीड़ित महिलाओं के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। एसआईटी प्रमुख और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बीके सिंह ने एक बयान में बताया कि पीड़ित महिलाएं 6360938947 नंबर पर कॉल कर सकती हैं। बीके सिंह ने कहा कि पीड़ितों को एसआईटी कार्यालय में आने की जरूरत नहीं है, क्योंकि टीम उन्हें राहत देने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क करेगी। इसी के साथ एसआईटी ने लोगों को प्रज्ज्वल रेवन्ना के यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ वाले वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करने की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि ऐसे वीडियो साझा करने से पीड़ित महिलाओं की प्रतिष्ठा और सम्मान को नुकसान पहुंचेगा। बता दें कि प्रज्ज्वल रेवन्ना हासन लोकसभा क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। इस क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। मतदान के एक दिन बाद ही प्रज्ज्वल रेवन्ना विदेश चले गए। उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। हासन सांसद के खिलाफ यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ के मामले दर्ज किए गए हैं। प्रज्ज्वल के पिता और विधायक एचडी रेवन्ना को एक महिला का अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)